फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 74 संख्याः 316 प्रभात जयपुर, सोमवार 17 जून, 2024 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.75 रु.

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत
Metro

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

ARBIT



ID-UZ-ZUHA DOWN THE AGES

*Nawab's kothi* was where the largest number of '*qurbanis*' took place. The butcher, *Qayyam*, kept the best portions for *Nawab's* household and the entrails for *Sheikh Mehtars* or sweepers.

Animal Rights Awareness Week



*सिर्फ इंसान के बच्चे ही अपने बुजुर्गों को नहीं चिढ़ाते बल्कि यह प्रवृति ग्रेट एप्स (गोरिल्ला, चिम्पैंज़ी, बोनोबू आदि) में भी पाई जाती है। सैन डिएगो और लाइपज़िग ज़ू से ग्रेट एप्स का 75 घंटे की विडियो फुटेज एकत्रित किया गया, उसके विश्लेषण में वैज्ञानिकों ने 142 ऐसी घटनाएं चिन्हित कीं, जिनमें कम उम्र के ग्रेट एप्स (3 से 5 साल) उम्रदराज एप्स को चिढ़ा रहे थे। वो अपने बड़ों को तिनका चुभोते, उनके साथ खींचतान करते और भाग जाते। कभी तो बड़ों को कोई चीज़ देते और जैसे ही वे हाथ बढ़ाते, हाथ वापस खींच लेते। ओरांगुटान बच्चे टक्कर मारते और बाल खींचते देखे गए, शायद इसलिए, क्योंकि ओरांगुटान के बाल लम्बे होते हैं। जर्मनी और अमेरिका के शोधकर्ताओं ने फुटेज में चिढ़ाने की 18 घटनाएं चिन्हित कीं। हर बार चिढ़ाने वाले वानर ने अचानक पीछे से आकर दूसरे को चौंकाने की कोशिश की। मैक्सप्लैंक इंस्टीट्यूट की डॉ. इसाबेला लॉमर ने कहा, ''हम नहीं बता सकते कि वे ऐसा क्यों करते हैं। खिलवाड़ में की जाने वाली यह छेड़खानी, उकसाने वाली और एक तरफा होती है और जानबूझ कर की जाती है और जैसा कि चिढ़ाने की घटनाओं में अक्सर होता है, छेड़खानी की घटना पर यदि दूसरा अपनी प्रतिक्रिया नहीं देता है तो हरकत दोहराई जाती है।'' नौ बोनोबू, 4 ओरांगुटान, 4 गोरिल्ला और 17 चिंपैंज़ी पर हुआ यह अध्ययन इतना बड़ा नहीं था कि, यह पता लगाया जा सके कि, विभिन्न प्रजातियों की हरकतों में बड़ा अंतर क्या है, लेकिन यह तो सामने आया कि, वयस्कों और किशोरों की अलग-अलग रणनीति होती है। लेकिन दोनों के लिए ''कोंचना'' (पोकिंग) सबसे आम तरीका था, किसी को छेड़ने का। तथापि, उम्रदराज बंदर थोड़े शांत होते हैं। लॉमर ने कहा कि इसी तरह से इंसान के बच्चे भी अपनी मां को टीज़ करते हैं और मां की प्रतिक्रिया जानने के लिए उसका चेहरा देखते रहते हैं, यद्यपि छोटी उम्र के वानर उम्रदराज वानरों को टारगैट करते हैं पर अपने माता पिता के साथ ऐसा नहीं करते। लेकिन डैनी नामक एक गोरिल्ला अपने माता -पिता को चिढ़ाते हुए भी देखा गया, शायद इसलिए क्योंकि वह अन्य गोरिल्लाओं के साथ था। युनिवर्सिटी ऑफ पोर्ट्समाउथ में इवोल्यूशन ऑफ कम्युनिकेशन्स का अध्ययन कर चुकी डॉ. मरीना डाविला रॉस ने कहा कि, टीज़िंग को सोशल ह्यूमर के संदर्भ में देखा जाना चाहिए, यह पार्टनर को समझने में अहम् भूमिका निभाता है।*

# अमित शाह ने जम्मू-कश्मीर में जीरो टैरर ऐक्शन प्लान लागू करने का निर्देश दिया

**गृह मंत्री अमित शाह ने जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद मसले पर उच्च स्तरीय बैठक में कश्मीर की तर्ज पर जम्मू में भी आतंकियों के खिलाफ सुरक्षाबलों की कार्रवाई तेज करने के लिए कहा**

- **अमित शाह ने 29 जून से शुरू होने जा रही वार्षिक अमरनाथ तीर्थयात्रा की तैयारियों की भी समीक्षा की।**
- **इससे तीन दिन पहले प्रधानमंत्री मोदी ने भी इसी मुद्दे पर एक बैठक की थी, जिसमें उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिया था।**

नई दिल्ली, 16 जून। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आतंकी गतिविधियों पर पूरी तरह से लगाम लगाने की नीति (जीरो टेरर प्लान) को लागू करने का निर्देश दिया है। सुरक्षा एजेंसियों को सफलता हासिल करने के लिए उन्होंने कश्मीर की तर्ज पर जम्मू संभाग में भी आतंकियों के खिलाफ ऐक्शन पर जोर दिया। शाह ने कहा कि नरेंद्र मोदी नीत सरकार नए तरीकों से आतंकवादियों पर नकेल कसने के लिए प्रतिबद्ध है। सूत्रों ने बताया कि केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में हाल में हुए आतंकवादी हमलों के मद्देनजर शाह ने सुरक्षा स्थिति की समीक्षा के लिए उच्चस्तरीय बैठक बुलाई। इसमें गृह मंत्री ने अधिकारियों से ये बातें कहीं। शाह ने 29 जून से शुरू होने जा रही वार्षिक अमरनाथ तीर्थयात्रा की तैयारियों की भी समीक्षा की।

सूत्रों ने बताया कि गृह मंत्री को जम्मू-कश्मीर के मौजूदा हालात के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही, आने वाले दिनों में सुरक्षाबल वहां आतंकवाद रोधी अभियान तेज कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि आतंकवादियों के खिलाफ अभियान प्रधानमंत्री के निर्देशानुसार चलाया जाएगा। शाह ने यहां नॉर्थ ब्लॉक में उच्चस्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। इससे तीन दिन पहले प्रधानमंत्री मोदी ने भी इसी मुद्दे पर एक बैठक की थी, जिसमें उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिया था।

सूत्रों ने बताया कि पिछले शुक्रवार को हुई एक बैठक में शाह को जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा स्थिति, अंतरराष्ट्रीय सीमा और नियंत्रण रेखा पर सुरक्षाबलों की तैनाती, घुसपैठ की कोशिशों, आतंकवाद रोधी अभियानों की स्थिति और केंद्र शासित प्रदेश में सक्रिय आतंकवादियों के बारे में जानकारी दी गई थी। आतंकवादियों ने पिछले 4 दिनों में जम्मू-कश्मीर के रियासी, कठुआ और डोडा जिलों में चार स्थानों पर हमले किए। इनमें 9 तीर्थयात्रियों और सुरक्षाबलों के एक जवान की मौत हो गई व 7 सुरक्षाकर्मी और कई अन्य घायल हो गए। कठुआ जिले में सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में 2 संदिग्ध पाकिस्तानी आतंकवादी भी मारे गए। उनके पास से भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद हुआ।

आतंकवादियों ने 9 जून को तीर्थयात्रियों की एक बस पर उस समय गोलीबारी की, जब यह शिवखोड़ी मंदिर से कटरा की ओर जा रही थी। इस बस में उत्तर प्रदेश, राजस्थान और दिल्ली के श्रद्धालु सवार थे। गोलीबारी के बाद बस गहरी खाई में गिर गई थी, जिसमें 9 लोगों की मौत हो गई थी और 41 अन्य घायल हो गए थे।

आतंकवादियों ने 11 जून को भद्रवाह में राष्ट्रीय राइफल्स और पुलिस की संयुक्त चौकी पर गोलीबारी की थी। आतंकवादियों ने 12 जून को डोडा जिले के गंडोह क्षेत्र में तलाशी दल पर हमला किया था, जिसमें एक पुलिसकर्मी सहित 7 सुरक्षाकर्मी घायल हो गए थे। इन हमलों के मद्देनजर प्रधानमंत्री मोदी ने 13 जून को गृह मंत्री के साथ सुरक्षा बलों की तैनाती व आतंकवाद रोधी अभियानों पर चर्चा की।

# 'ई.वी.एम. को अनलॉक करने के लिए डिवाइस से कनेक्ट नहीं किया जा सकता'

**मुंबई उत्तर पश्चिम सीट से निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि, ई.वी.एम. ''स्टैंडअलोन'' तरीके से काम करने वाली प्रणाली है, ओ.टी.पी. वाली बात बेमतलब की है**

- **निर्वाचन अधिकारी वंदना सूर्यवंशी ने कहा कि, आज एक अखबार में ई.वी.एम. हैक करने के संदर्भ में जो खबर छपी है वह पूरी तरह से बेमानी है, हमने अखबार के खिलाफ नोटिस ईशू किया है। आई.पी.सी. सैक्शन 499 के तहत मानहानि का केस भी किया गया है।**
- **कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को कहा कि, भारत में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ई.वी.एम.) एक ब्लैक बॉक्स है, जिसकी जांच करने की किसी को इजाजत नहीं है। उन्होंने कहा कि, भारत की चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता को लेकर ''गंभीर चिंताएं'' जताई जा रही हैं।**

मुंबई, 16 जून। लोकसभा चुनाव 2024 के बाद एक बार फिर ईवीएम (इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन) को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। तमाम विपक्षी पार्टियों ने एक बार फिर से ईवीएम की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े करते हुए आगामी सभी चुनाव मतपत्रों के जरिये कराने की मांग की। इस पर अब चुनाव आयोग ने अपनी सफाई पेश की है। मुंबई उत्तर पश्चिम लोकसभा सीट की निर्वाचन अधिकारी वंदना सूर्यवंशी ने कहा कि ईवीएम 'स्टैंडअलोन' (स्वतंत्र रूप से कार्य करने वाली) प्रणाली है, इसे अनलॉक करने के लिए ओ.टी.पी. की जरूरत नहीं है।

प्रेस कॉन्फ्रेंस में सूर्यवंशी ने कहा, आज जो खबर आई उस को लेकर कुछ लोगों ने ट्वीट किए। ईवीएम को अनलॉक करने के लिए कोई ओ.टी.पी. नहीं लगता है। ईवीएम डिवाइस किसी से कनेक्ट नहीं रहता, अखबार द्वारा पूरी तरह से गलत खबर चलाई गई है। ईवीएम स्टैंडअलोन सिस्टम है। खबर पूरी तरह से गलत है हमने पेपर को नोटिस इशू किया है। 499 आईपीसी के तहत मानहानि का केस भी किया गया है।

इससे पहले सपा प्रमुख यादव ने रविवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर अपने एक पोस्ट में कहा, 'टेक्नॉलजी' समस्याओं को दूर करने के लिए होती है, अगर वही मुश्किलों की वजह बन जाए, तो उसका इस्तेमाल बंद कर देना चाहिए। यादव ने इसी पोस्ट में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर निशाना साधते हुए कहा, आज जब विश्व के कई चुनावों में ईवीएम को लेकर गड़बड़ी की आशंका जाहिर की जा रही है और दुनिया के जाने-माने प्रौद्योगिकी विशेषज्ञ (टेक्नोलॉजी एक्सपर्ट्स) ईवीएम में हेराफेरी के खतरे की ओर खुलेआम लिख रहे हैं, तो फिर ईवीएम के इस्तेमाल की जिद के पीछे की वजह क्या है, ये बात भाजपाई साफ करें।

उन्होंने कहा, आगामी सभी चुनाव बैलेट पेपर (मतपत्र) से कराने की अपनी मांग को हम फिर दोहराते हैं। यादव पहले भी ईवीएम की विश्वसनीयता पर सवाल उठाते रहे हैं।

वहीं कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को कहा कि भारत में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) एक ब्लैक बॉक्स है, जिसकी जांच करने की किसी को इजाजत नहीं है। उन्होंने कहा कि भारत की चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता को लेकर ''गंभीर चिंताएं'' जताई जा रही हैं।

गांधी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा, ''जब संस्थाओं में जवाबदेही ही नहीं होती तो लोकतंत्र दिखावा बन कर रह जाता है और धांधली की आशंका बढ़ जाती है।'' इस पोस्ट के साथ गांधी ने एक खबर भी साझा कि जिसमें दावा किया गया कि

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## उत्तराखण्डः वाहन खाई में गिरने की एक और घटना

देहरादून, 16 जून (वार्ता)। उत्तराखण्ड के जनपद पौड़ी गढ़वाल में एक वाहन रविवार को अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरा। हादसे में तीन किशोरियों और चालक सहित चार लोगों की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई तथा तीन बच्चे घायल हो गये।

दो बालिकाओं को गंभीर हालत में एयरलिफ्ट कर, एम्स ऋषिकेश भेजा गया है। एक घायल का स्थानीय अस्पताल में इलाज किया जा रहा है।

- **चौपहिया वाहन अनियंत्रित होकर 200 फीट गहरी खाई में जा गिरा, चार की मौत व तीन बच्चे घायल हो गये।**

राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) की पुलिस महानिरीक्षक (आइजी) रिद्धिमा अग्रवाल ने यूनीवार्ता को बताया कि आज सुबह कोतवाली श्रीनगर द्वारा खिर्सू चौबट्टा के पास एक वाहन दुर्घटनाग्रस्त होने की सूचना देते हुए रेस्क्यू को टीम की मांग की गई। जिसपर उप निरीक्षक देवीदत्त बर्थवाल के नेतृत्व में एसडीआरएफ की रेस्क्यू टीम तत्काल घटनास्थल के लिए रवाना हुई।

# एन.सी.ई.आर.टी. की किताबों से बाबरी विध्वंस का टॉपिक हटाया गया

**एन.सी.ई.आर.टी. निदेशक ने कहा कि, घृणा और हिंसा शिक्षा के विषय नहीं हैं और स्कूली किताबों में इन पर ध्यान नहीं दिया जाना चाहिए**

- **एन.सी.ई.आर.टी. के सिलबस के भगवाकरण के आरोपों पर एन.सी.ई.आर.टी. निदेशक दिनेश प्रसाद सकलानी ने कहा, ''पाठ्यक्रम का भगवाकरण करने का कोई प्रयास नहीं है, पाठ्यपुस्तकों में सभी परिवर्तन साक्ष्य और तथ्यों पर आधारित हैं।''**
- **सकलानी ने कहा कि, पाठ्यपुस्तकों में संशोधन एक वैश्विक प्रथा है, यह शिक्षा के हित में है। किताबों में बदलाव के बारे में जोड़ते हुए सकलानी ने कहा कि, यदि कोई चीज अप्रासंगिक हो जाती है, तो उसे बदला ही जाता है।**

नई दिल्ली, 16 जून। देश की शीर्ष शिक्षा संस्था एनसीईआरटी के निदेशक दिनेश प्रसाद सकलानी ने अपनी किताबों में किए गए हालिया बदलावों को लेकर बयान दिया है। किताबों के बदलावों को लेकर उठे विवाद के बीच एन.सी.ई.आर.टी. के निदेशक ने कहा कि, घृणा और हिंसा शिक्षा के विषय नहीं हैं और स्कूली किताबों में इन पर ध्यान नहीं दिया जाना चाहिए। बता दें एन.सी.ई.आर.टी. की किताबों में बाबरी मस्जिद विध्वंस और भाजपा के वरिष्ठ नेता लाल कृष्ण आडवाणी के नेतृत्व वाली राम रथ यात्रा के संदर्भों को हटा दिया गया है।

एन.सी.ई.आर.टी. की किताबों में किए गए बदलाव के मद्देनजर कई सवाल भी उठे। ऐसे आरोप भी लगे की स्कूल के बच्चों की किताबों का भगवाकरण किया जा रहा है। इस बारे में बोलते हुए एन.सी.ई.आर.टी. के निदेशक दिनेश प्रसाद सकलानी ने कहा, ''पाठ्यक्रम का भगवाकरण करने का कोई प्रयास नहीं है, पाठ्यपुस्तकों में सभी परिवर्तन साक्ष्य और तथ्यों पर आधारित हैं।''

एन.सी.ई.आर.टी. की किताबों में बाबरी मस्जिद विध्वंस और भाजपा के वरिष्ठ नेता लाल कृष्ण आडवाणी के नेतृत्व वाली राम रथ यात्रा के संदर्भों को हटाए जाने के सवाल पर सकलानी ने कहा, ''हमें छात्रों को दंगों के बारे में क्यों पढ़ाना चाहिए, हमारा उद्देश्य बच्चों को हिंसक, अवसादग्रस्त नागरिक बनाना नहीं है।'' सकलानी ने कहा कि पाठ्यपुस्तकों में संशोधन एक वैश्विक प्रथा है, यह शिक्षा के हित में है। किताबों में बदलाव के बारे में जोड़ते हुए सकलानी कहते हैं कि यदि कोई चीज

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## श्रीनगरः दुनिया के सबसे ऊँचे ब्रिज का काम पूरा हुआ

श्रीनगर, 16 जून। जम्मू-कश्मीर के रियासी में रेलवे के लिए दुनिया के सबसे ऊंचे पुल को बनाने का काम लगभग पूरा हो गया है। इसके निरीक्षण के लिए पहुंचे रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों ने पुल का जायजा लिया।

- **ब्रिज के निरीक्षण के लिए पहुंचे रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों ने पुल का जायजा लिया। दुनिया के सबसे ऊंचे ब्रिज पर रविवार को ट्रायल ट्रेन चलाई गई।**

दुनिया के सबसे ऊंचे पुल पर आज ट्रायल ट्रेन चलाई गई। उत्तरी रेलवे इस पुल पर ट्रेन सेवाएं शुरू करने की तैयारी में हैं। यह पुल संगलदान को रामवन जिले से जोड़ता है। रेलवे के एक इंजीनियर दीपक कुमार ने बताया की पुल पर ट्रेन सर्विस बहुत जल्दी शुरू हो जाएंगी।

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने चार सोलर प्रोजैक्ट के लिए भूमि आंवटन को मंजूरी दी

**प्रदेश के विकास में मील का पत्थर साबित होंगे सोलर प्रोजैक्टः मुख्यमंत्री**

- **बीकानेर के पूगल एवं छत्तरगढ़ तहसील में 2450 मेगावाट के 3 सोलर प्रोजैक्ट स्थापित होंगे।**
- **फलौदी के भड़ला में 500 मेगावाट के एक सोलर प्रोजैक्ट की स्थापना होगी।**

जयपुर, 16 जून (का.सं.)। राज्य को ऊर्जा के क्षेत्र में सरप्लस एनर्जी स्टेट बनाने के संकल्प को शीघ्र पूरा करने के लिए मुख्यमंत्री ने चार सोलर प्रोजेक्ट के लिए भूमि आवंटन के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। प्रस्ताव के अनुसार बीकानेर जिले में 2450 मेगावाट के 3 सोलर पार्कों की स्थापना के लिए राजस्थान सोलर पार्क डवलपमेंट कंपनी को कुल 4780 हैक्टेयर तथा फलौदी जिले में 500 मेगावाट के एक सोलर प्रोजेक्ट की स्थापना के लिए एनटीपीसी रिन्यूएबल एनर्जी लिमिटेड को लगभग 910 हैक्टेयर भूमि आवंटन को मंजूरी दी गई है।

बीकानेर जिले में एक-एक हजार मेगावाट के दो तथा 450 मेगावाट का एक सोलर पार्क स्थापित किया जायेंगा। पहले सोलर पार्क के लिए पूगल तहसील के ग्राम सूरासर में लगभग 1881 हैक्टेयर भूमि आवंटन को मंजूरी दी गई है। इसी तरह एक हजार मेगावाट के दूसरे सोलर पार्क के लिए दो हजार हैक्टेयर भूमि आवंटित की जायेंगी जिसमें से 1194 हैक्टेयर भूमि सूरासर तथा लगभग 807 हैक्टेयर भूमि ग्राम भणावतावाला में स्थित है।

इसी प्रकार बीकानेर जिले में ही 450 मेगावाट के तीसरे सोलर पार्क की स्थापना हेतु छत्तरगढ़ तहसील के ग्राम सरदारपुरा में 900 हैक्टेयर भूमि आवंटन को मंजूरी दी गई है। ये सोलर पार्क राजस्थान अक्षय ऊर्जा निगम द्वारा नवीन एवं नवीकरणीय मंत्रालय (केन्द्र सरकार) की सौर पार्क योजना के अन्तर्गत 3 चरणों में विकसित किये जायेंगे। शर्मा ने इसके साथ ही एनटीपीसी रिन्यूएबल एनर्जी लिमिटेड को 500 मेगावाट सोलर प्रोजेक्ट की स्थापना के लिए फलौदी जिले की बाप तहसील में ग्राम भड़ला में 910 हैक्टेयर भूमि आवंटन को मंजूरी दी है।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि इन सोलर प्रोजेक्ट्स के माध्यम से राजस्थान को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने का हमारा संकल्प साकार होगा और ये प्रदेश के विकास में मील का पत्थर साबित होंगे। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं से स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर सृजित होने के साथ ही क्षेत्र में आर्थिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी।

शर्मा ने कहा कि ये सोलर प्रोजेक्ट्स पर्यावरण संरक्षण में भी अहम भूमिका निभाएंगे और सालाना लगभग 2 लाख टन कार्बन उत्सर्जन में कमी आएगी। इन सोलर पार्क्स में अत्याधुनिक सौर पैनल्स और ग्रिड टेक्नोलॉजी का उपयोग किया जाएगा, जिससे ऊर्जा उत्पादन की क्षमता में वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं के माध्यम से प्रदेश में लगभग 10 हजार करोड़ का निवेश भी होगा। एमएनआरई अनुमोदित परियोजना होने से 33 प्रतिशत अनुदान मिलेगा तथा अगले दो वर्ष में पूरा किया जा सकेगा।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा प्रदेश को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के लिए गत 10 मार्च को राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड, एनटीपीसी लिमिटेड, एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड, कोल इंडिया लिमिटेड एवं एनएलसी इंडिया लिमिटेड के मध्य 3325 मेगावाट की थर्मल परियोजनाएं एवं 28,500 मेगावाट की अक्षय ऊर्जा परियोजनाएं संयुक्त उपक्रम के तहत स्थापित करने हेतु 1 लाख 50 हजार करोड़ रूपये एमओयू किये गये है।

साथ ही प्रसारण तंत्र को सुदृढ़ करने के लिए पावरग्रिड कॉर्पोरेशन के साथ 26:74 शेयर धारिता के अनुपात में संयुक्त उपक्रम की स्थापना हेतु एमओयू किया गया जिसके तहत 10 हजार करोड़ रुपये का निवेश होगा। इसके अतिरिक्त राजस्थान ऊर्जा विकास निगम एवं एसजेवीएन के मध्य 600 मेगावाट सौर ऊर्जा परियोजनाओं से बिजली की आपूर्ति के लिए पावर

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## अमेरिका के वॉटर पार्क में गोलीबारी, नौ लोग घायल

शिकागो, 16 जून (वार्ता) अमेरिका के मिशिगन प्रान्त के पास डेट्रॉइट में एक वाटर पार्क में शनिवार को एक अज्ञात व्यक्ति ने अचानक गोलीबारी कर दी जिसमें कम से कम नौ लोग घायल हो गए। ओकलैंड काउंटी शेरिफ माइकल बाउचर्ड ने कल शाम एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि घटना डेट्रॉइट के उत्तरी उपनगर रोचेस्टर हिल्स के एक वाटर पार्क में स्थानीय समयानुसार शाम करीब पांच बजे तब हुयी जब एक संदिग्ध व्यक्ति ने वाटरपार्क में लोगों पर ताबड़तोड़ 28 गोलियां दाग दीं। बुचार्ड ने कहा, इस घटना में लगभग नौ लोग घायल हुये हैं और सभी पीड़ित अलग-अलग उम्र के हैं। घायलों में सबसे कम उम्र का आठ वर्ष का एक बच्चा है। उन्होंने कहा, पुलिस ने संदिग्ध को वाटर पार्क से आधे किलोमीटर दूर एक मकान में घेर लिया।

- **हमलावर ने आठ साल के मासूल बच्चे को भी अपनी गोलियों का निशाना बनाया।**

## विचार बिन्दु

**आत्मा को न शस्त्र काट सकता है, न आग जला सकती है, न जल भिगो सकता है और न हवा सुखा सकती है। –भगवत गीता**

# पड़ताल हमारी खुशहाली की!

सन् 2024 की विश्व खुशहाली रिपोर्ट आ गई है। 158 पेज का सुमुद्रित दस्तावेज़ मेरे सामने है। यह रिपोर्ट गैलप, ऑक्सफोर्ड वेल बीइंग रिसर्च सेण्टर, संयुक्त राष्ट्र सस्टेनेबल डेवलपमेण्ट सॉल्यूशंस नेटवर्क और वर्ल्ड हैप्पीनेस रिपोर्ट के संपादक मंडल का संयुक्त उपक्रम है। रिपोर्ट के अनुसार शीर्ष दस स्थानों पर पिछली सूची वाले देश ही अब भी काबिज़ हैं। पहले स्थान पर फिनलैंड है और उससे बहुत कम अंतर से, दूसरे स्थान पर है डेनमार्क। पांचों नॉर्डिक देश (जिन्हें नॉर्डिक्स या नॉर्डेन के नाम से भी जाना जाता है; जिसका शाब्दिक अर्थ उत्तर) शीर्ष दस खुशहाल देशों की सूची में उपस्थित हैं। ये पांच देश हैं:– डेनमार्क, नॉर्वे, स्वीडन, फ़िनलैंड और आइसलैंड। लेकिन ग्यारहवें से बीसवें स्थान तक वाली सूची में कुछ फेरबदल हुआ है। पूर्वी यूरोप के कुछ देश जैसे चेकिया, लिथुआनिया और स्लोवानिया ने जहां अपनी स्थिति सुधारी है, वहीं इनके ऊपर आ जाने के कारण संयुक्त राज्य अमरीका और जर्मनी को 23 वें और 24 वें स्थान पर उतरना पड़ा है। 2012 के बाद से, जब से यह रिपोर्ट ज़ारी होने लगी है, यह पहली बार है कि संयुक्त राज्य अमरीका पहले बीस देशों की सूची से बाहर हुआ है।

कुल 143 देशों की इस सूची में भारत पिछले बरस की तरह इस बार भी 126 वें स्थान पर ही है। कुछ अन्य देश जिनमें हमारी ज़्यादा रुचि रहती है, उनमें से चीन 60 वें, नेपाल 93 वें, पाकिस्तान 108 वें, म्यांमार 118 वें, श्रीलंका 128 वें और बांगलादेश 129 वें स्थान पर है। सूची का समापन अफ़गानिस्तान से होता है।

जब भी यह सूची आती है, हमारी खुशहाली कुछ और घट जाती है। लेकिन कुछ लोग हैं जो इस सूची की प्रामाणिकता, और उन मानदण्डों पर सवाल उठाते हैं जिनके आधार पर यह सूची तैयार की जाती है। उनका तर्क यह होता है कि यह सूची पाश्चात्य मानदण्डों के आधार पर तैयार की जाती है, इसलिए हम इसमें इतना नीचे आते हैं। मेरा अपना यह मानना है कि अध्ययन करने वालों की मंशा पर सवाल उठाने की बजाय हमें आत्मावलोकन करने और अपनी स्थितियां सुधारने पर अधिक ज़ोर देना चाहिए। इस बात को लेकर भी सवाल उठाए जाते हैं कि इस तरह के अध्ययनों की उपादेयता क्या है? अध्ययन करने वालों का कहना है कि उनके इस श्रम से विभिन्न देशों के नीति निर्माताओं को अपनी नीतियां तैयार करने और प्राथमिकताओं का निर्धारण करने में सहायता मिलती है। यह बात तर्कपूर्ण भी लगती है।

इस बार की रिपोर्ट में एक बहुत बड़ा बदलाव हुआ है। बदलाव यह कि जहां पहले देशों को उनकी समग्र खुशहाली के अनुसार स्थान दिया जाता था, इस बार अलग–अलग आयु समूहों की खुशहाली का भी आकलन किया गया है और यह देखना बहुत रोचक है कि अलग–अलग समूहों की खुशहाली में बहुत अंतर है। यही देखें कि जहां तक तीस बरस से कम आयु समूह की बात है लिथुआनिया शीर्ष पर है, लेकिन साठ और उससे ऊपर के आयु समूह की खुशहाली के हिसाब से डेनमार्क शीर्ष पर है। एक रोचक बात यह है कि सभी देशों को मिलाकर देखने पर हम पाते हैं कि 1980 के बाद जन्मे लोगों की तुलना में वे लोग ज़्यादा खुशहाल हैं जिनका जन्म 1960 से पहले हुआ था। इसी तरह एक और रोचक बात यह है कि जहां मिलेनियल्स (जिन्हें जेन वाय भी कहा जाता है। वे लोग जिनका जन्म 1981 से 1996 के बीच हुआ) के जीवन की खुशी उनकी उम्र के हर बरस के साथ घटती जाती है, वहींबूमर्स (जिनका जन्म 1945 से 1965 के बीच हुआ) के मामले में इसका उलट होता है। उनके जीवन का संतोष उम्र के हर बरस के साथ बढ़ जाता है।

जहां तक युवाओं की बात है, एक यूरोपीय देश लिथुआनिया के युवा दुनिया में सबसे अधिक खुश बताए गए हैं। याद रहे कि 11 मार्च 1990 को लिथुआनिया सोवियत संघ से टूटकर अलग हुआ था और लगभग साढ़े तीन दशकों में इसने अपने युवाओं को दुनिया का सबसे बड़ा खुशहाल समूह बना देने का चमत्कार किया है। वैसे इस देश की आबादी बहुत कम है। मात्र 27 लाख। लेकिन जानकार बताते हैं कि इस देश ने शिक्षा पर सबसे अधिक ध्यान दिया और शिक्षितों को रोज़गार दिया। अंधा क्या चाहे? दो आंखें! इस देश की समृद्धि और युवाओं की खुशहाली का ग्राफ़ लगातार ऊपर गया है। सरकार ने ऐसी व्यवस्था की है कि अगर किसी के पास पर्याप्त वित्तीय संसाधन न हो तब भी उसे शिक्षा वे वंचित नहीं रहना पड़ता है। इसी व्यवस्था का सुपरिणाम है कि इस देश के 57 प्रतिशत युवाओं के पास विश्वविद्यालय की डिग्री है। यहीं यह भी याद कर लिया जाए कि यूरोपीय यूनियन में केवल 43 प्रतिशत के पास ही विश्वविद्यालय की डिग्री है। विश्वविद्यालय से पढ़कर निकलने वाले युवाओं पर किसी तरह के ऋण का कोई बोझा नहीं होता है और उनके लिए रोज़गार के इतने अवसर होते हैं कि वे बहुत आसानी से अपना मनपसंद काम चुन सकते हैं। ऐसा इसलिए भी हुआ है कि सरकार ने स्टार्टअप्स को खुला समर्थन व प्रोत्साहन दिया है। लिथुआनिया में वेतन की स्थिति भी बहुत अच्छी है और न्यूनतम वेतन भी पर्याप्त व सम्मानजनक है।

**इस बार की रिपोर्ट में एक बहुत बड़ा बदलाव हुआ है। बदलाव यह कि जहां पहले देशों को उनकी समग्र खुशहाली के अनुसार स्थान दिया जाता था, इस बार अलग-अलग आयु समूहों की खुशहाली का भी आकलन किया गया है और यह देखना बहुत रोचक है कि अलग-अलग समूहों की खुशहाली में बहुत अंतर है।**

इस रिपोर्ट में एक पूरा अध्याय (अध्याय पांच) भारत को समर्पित है। इस अध्याय का शीर्षक है: 'डिफरेंसेस इन लाइफ़ सेटिस्फेक्शन अमंग ओल्डर एडल्ट्स इन इण्डिया'। इस अध्याय में यह रोचक निष्कर्ष है कि भारत में ज्यों–ज्यों व्यक्ति की उम्र बढ़ती है उसकी जीवन संतुष्टि भी बढ़ती जाती है। यह निष्कर्ष इस धारणा को तोड़ता है कि उम्र के साथ खुशियां केवल उच्च आय वर्ग वाले देशों में ही बढ़ती हैं। लेकिन भारत में भी यह बात देखी गई है कि बढ़ी उम्र की स्त्रियां बढ़ी उम्र के पुरुषों की तुलना में कम खुश हैं। जहां तक पुरुषों की बात है, सेकण्डरी या इससे अधिक शिक्षा पाए हुए और सवर्ण जातियों के पुरुष अनुसूचित जाति या जन जाति के औपचारिक शिक्षा विहीन वृद्धों की तुलना में अधिक प्रसन्न हैं। इस रिपोर्ट की एक महत्वपूर्ण बात यह है कि यहां भारत में खुशहाली और जाति के पारस्परिक रिश्तों को भी खंगाला गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि आपकी जाति विविध संसाधनों –जिनमें ज्ञान, सत्ता, प्रतिष्ठा और मुख्यधारा के सामाजिक रिश्ते शामिल हैं–तक आपकी पहुंच को निर्धारित करती है। ज़ाहिर है कि ये संसाधन उच्च जाति वालों को अधिक सुलभ होते हैं और उम्र के बाद वाले पड़ाव में इन तक आपकी पहुंच आपकी जाति से और अधिक प्रभावित होती है। इस अध्ययन से यह बात भी सामने आई कि बढ़ी उम्र के भारतीयों में अनुसूचित जाति व जनजाति के वृद्धों की तुलना में उनसे इतर जातियों के, अर्थात सवर्ण जातियों के लोग अधिक खुशहाल हैं। रिपोर्ट यह भी बताती है कि इन दोनों समूहों की खुशहाली के अंतर पर शिक्षा का भी गहरा असर है। यह स्वाभाविक भी है। शिक्षा आपके लिए बहुत सारेबंद दरवाज़े खोलती है। रिपोर्ट में एक बहुत ख़ास बात यह बताई गई है कि उन लोगों की तुलना में जिन्हें अपने जीवन काल में कभी भी जाति की वजह से किसी भेदभाव या अपमान का सामना करना पड़ा, वे लोग अधिक प्रसन्न पाए गए हैं जिन्हें ऐसा कटु अनुभव कभी नहीं हुआ। स्मृतियां भी आपकी अनुभूतियों को प्रभावित करती हैं।

जैसा मैंने पहले भी कहा, इस रिपोर्ट के बारे में जानने के बाद हमारी एक प्रतिक्रिया तो यह हो सकती है कि हम इसे दुर्भावनापूर्ण बताते हुए सिरे से खारिज़ कर दें। आम तौर पर आधिकारिक सरकारी प्रतिक्रिया ऐसी ही होती है। यह शायद सरकारों की मज़बूरी भी होती है। वे भला इस बात को कैसे स्वीकार कर सकती हैं कि उनके महान शासन में जनता सुखी नहीं है। लेकिन अगर आप आम आदमी के नज़रिये से देखेंगे तो ज़रूर ही पाएंगे कि हमारे यहां हालात खुशहाली के नहीं हैं। क्या आपको समय पर और आसानी से चिकित्सा सुविधा मिल जाती है? क्या आपको शिक्षा के समुचित अवसर उतने संसाधनों में सुलभ हैं जो आपकी आर्थिक सीमा में हैं? क्या आपको शुद्ध पेय जल मिल रहा है? क्या आपके यहां सड़कों की हालत ठीक है? अगर आपको किसी सरकारी दफ्तर में कोई काम पड़ जाता है तो वहां आपके साथ सम्मानजनक बर्ताव होता है? क्या कभी आपको अपने निर्वाचित प्रतिनिधि से बात करने की ज़रूरत पड़ी है? अगर हां, तो क्या उसने आपको समुचित सम्मन देकर आपकी बात सुनी है? ऐसे बहुत सारे सवाल हैं। इन्हें आप अपने आप से पूछें और फिर बताएं कि आप कितने खुशहाल हैं! इसे छोड़िये। मूल बात पर लौटता हूं। मुझे लगता है कि एक विवेकपूर्ण और तर्कसंगत प्रतिक्रिया यह हो सकती है कि इस तरह की रिपोर्ट्स को गंभीरता से लिया जाए और उसमें जो नकारात्मक बातें कही गई हैं उनकी समुचित पड़ताल कर ऐसे प्रयास किए जाएं कि अगली रिपोर्ट में किसी को उन बातों को दुहराने की ज़रूरत ही न रह जाए। अगर कुछ देश इन रिपोर्ट्स में अपनी स्थिति बेहतर बना सके हैं और हम जहां थे वहीं टिके हुए हैं तो हमें अपनी क्रियाशीलता पर, अपनी रीति नीतियों पर, अपनी कार्य योजनाओं पर, अपनी प्राथमिकताओं के निर्धारण पर पुनर्विचार करना चाहिए!

**–अतिथि संपादक,**
**डॉ. दुर्गाप्रसाद अग्रवाल**
**( शिक्षाविद और साहित्यकार )**

# सड़क निर्माण की अवधि समाप्त होने के पांच माह बाद भी काम अधूरा

## पावटा से कुनेड मार्ग पर संवेदक द्वारा धीमी गति से कार्य किया जा रहा है

**पावटा, (निसं)।** कस्बे के पावटा से कुनेड मार्ग का नवीनीकरण कार्य विभागीय उच्चाधिकारियों की अनदेखी व संवेदक द्वारा कार्य के नहीं करने से सड़क निर्माण की अवधि समाप्त होने के पांच माह बाद भी अधूरा पड़ा हुआ है। संवेदक द्वारा सड़क मार्ग पर धीमी गति से कार्य किया जा रहा है। इससे क्षेत्र के ग्रामीण, राहगीरों एवं वाहन चालकों को परेशानी से गुजरना पड़ रहा है।

पावटा से कुनेड मार्ग तक दो किमी सड़क मार्ग पर सड़क निर्माण की अवधि के चार से पांच माह बाद निर्माण कार्य शुरू हुआ था, लेकिन सड़क निर्माण की अवधि समाप्त होने के पांच माह बाद भी अभी तक पूरा होने का नाम नहीं ले रहा है। विभागीय अधिकारियों द्वारा ध्यान नहीं दिये जाने की वजह से निर्माण अटकता ही जा रहा है। संवेदक द्वारा अधूरे सड़क मार्ग को छोड़ देने से लोग खराब सड़क को झेल रहे हैं।

इस मार्ग से जो भी गुजरता वह सा.नि.वि. के अधिकारी व नेताओं को कोसते हुए गुजरता है। अधूरे पडे निर्माण पर वाहनों से उड़ रहे धूल के गुबार सांस की बीमारी बढ़ा रहे हैं। पावटा से कुनेड मार्ग तक दो किमी लंबे मार्ग सहित कई स्थानों पर टूट रही सड़क पर किसी वाहन के पीछे चलना बीमारियों को न्यौता देने के बराबर साबित हो रहा है। साफ–सफाई नहीं होने से सड़क पर जमा धूल वाहन चलने पर आसपास के मकानों में भी जम जाती है। ऐसे में सड़क पर चलना तो क्या किनारे के आसपास रहना भी मुसीबत भरा साबित हो रहा है।



संवेदक द्वारा अधूरे सड़क मार्ग कार्य को छोड़ देने से लोग परेशान हो रहे हैं।

**■ ग्रामीण, राहगीरों एवं वाहन चालकों को परेशानी से गुजरना पड़ रहा है**

उल्लेखनीय है कि पावटा से कुनेड मार्ग तक 80 लाख की लागत से 2 किमी लंबी सड़क निर्माण के लिए 16 जुलाई 2023 में निर्माण कार्य शुरू करने के आदेश जारी हुए थे। 16 दिसबर 2023 को कार्य को भी संवेदक को पूरा करना था, लेकिन अभी तक कार्य पूरा नहीं हुआ है। पावटा से कुनेड मार्ग तक 80 लाख की लागत से दो किमी लंबी सड़क निर्माण कार्य में शुरुआत से संवेदक की लापरवाही रहने के कारण कार्य धीमी गति से किया जा रहा है।


# जस्सूजी का खेड़ा व गोधपुरिया की सरकारी भूमि से हजारों टन ग्रेवल पत्थर का अवैध खनन किया

## काछोला क्षेत्र में ग्रेवल पत्थर का अवैध खनन कर परिवहन करते चार ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त

**मांडलगढ़, (निसं)।** मांडलगढ़ के जस्सूजी का खेड़ा और भगुनगर (जहाजपुर) पंचायत क्षेत्र के गोधपुरिया गांव की सरकारी भूमि में पिछले कई दिनों से खनन माफिया द्वारा ग्रेवल, पत्थर का अवैध खनन धड़ल्ले से किया जा रहा था। मौक़े पर हजारों टन ग्रेवल पत्थर का खनन के बड़े–बड़े गड्ढे नजर आ रहे हैं, लेकिन राजस्व, खनिज व पंचायत विभाग ने खनन माफिया पर कोई कार्रवाई नहीं की है। इस मामले में काछोला थाना पुलिस ने बीती रात अवैध ग्रेवल पत्थर परिवहन के मामले में चार ट्रैक्टर–ट्रॉली को जब्त किया है और खनिज विभाग को बुलाकर वाहनधारियों के खिलाफ केस दर्ज कराया।

जस्सूजी का खेड़ा पंचायत क्षेत्र मिनरल के बगतपुरा के ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि सरथला इलाके में लगी दो ग्राइंडर की फैक्ट्रियों में अवैध खनन के मिनरल को ग्राइंडिंग कर कई राज्यों में भेजा जा रहा है। फैक्ट्री संचालक और खनन माफिया की प्रशासन से सांठ–गांठ के चलते लम्बे समय से सरकारी भूमि में पड़े पैमाने पर अवैध खनन का सिलसिला बदस्तूर जारी है। पिछले दिनों भी ग्रामीणों की शिकायत पर खजूरी (जहाजपुर) के तहसीलदार ने ग्रेवल मिट्टी परिवहन करते खनन माफिया के एक डम्पर को जब्त कर गोधपुरिया से जब्त किया और काछोला थाना पुलिस को सौंपा था। उस दौरान भी कार्रवाई की भनक लगने पर मौके से जेसीबी मशीन और अन्य डम्पर फरार हो गए थे। गोधपुरिया और निकट के बगतपुरा के ग्रामीणों का आरोप है काछोला में करीब 8–10 ग्राइंडिंग फैक्ट्रियां हैं जो कई दिनों से बंद पड़ी है, लेकिन सरथला की दो ग्राइंडिंग फैक्ट्रियों के संचालकों द्वारा खनन माफिया से सैकड़ों बीघा सरकारी भूमि में अवैध खनन कराकर सरकार को राजस्व का चूना लगाया जा रहा है। ग्रामीणों ने कई बार प्रशासन के जिम्मेदारों को शिकायत भी की, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही थी।

ग्रामीणों का आरोप है कि कभी रात में तो कभी दिन में खनन माफिया द्वारा भारी भरकम मशीनों से अवैध खनन कर डम्पर और ट्रैक्टर ट्रॉलियों में परिवहन कर ग्राइंडिंग फैक्ट्रियों में ग्रेवल मिट्टी पत्थर को ले जाते हैं और वहां ग्राइंडिंग कर पाउडर के बैग तैयार कर ट्रकों में भरकर अन्य राज्यों में भेजा जाता है, जिससे सरकार को लाखों के राजस्व का चूना लगाया जा रहा है। फैक्ट्री संचालकों द्वारा तथा कथित रवन्ना लाकर अवैध खनन पर पर्दा डालने का खेल भी खेला जा रहा है। वहीं बिल्टी और बिल में अंडरलोड बताकर मिट्टी के कट्टों को ट्रकों में ओवरलोड भर कर अन्य राज्यों में परिवहन किया जाता है, जिससे उक्त गड़बड़झाले से बचाव हो जाता है। मिली जानकारी के मुताबिक सरथला पंचायत में एक ही लाइसेंस पर दो ग्राइंडिंग फैक्ट्रियां चल रही है, लेकिन फेक्ट्री संचालकों और जिम्मेदारों की मिलीभगत के चलते कोई भी कार्रवाई अभी तक नहीं की जा सकी है।



काछोला पुलिस ने अवैध खनन का ग्रेवल पत्थर परिवहन करने के मामले में ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त किये।

**■ ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि सरथला इलाके में लगी दो ग्राइंडर की फैक्ट्रियों में अवैध खनन के मिनरल को ग्राइंडिंग कर कई राज्यों में भेजा जा रहा है**

काछोला थाने के सहायक उप निरीक्षक ने बताया कि गश्त के दौरान काछोला बाईपास सड़क पर कांटे से तुलाई कर जा रहे चार ट्रैक्टर–ट्रॉली को रोका गया और जांच की गई। इस दौरान चालक ट्रैक्टर छोड़ कर भाग गए। चारों ट्रैक्टर–ट्रॉली में अवैध खनन का ग्रेवल पत्थर भरा होने पर थाने लाकर जब्त किया है। मामला दर्ज कर चालकों की तलाश और कार्रवाई की जा रही है।

वहीं प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक मौक़े पर 6 ट्रैक्टर थे, जिसमें 2 ट्रैक्टर किसी प्रभावशाली के होने से भगा ले गए, जिन्हें पुलिस ने डिटेन नहीं किया हैं। खनिज विभाग चारों ट्रैक्टर–ट्रॉली से करीब 1.50 लाख की जुर्माना राशि वसूल करेगा।

# ट्यूबवेल की बिजली सप्लाई चालू नहीं होने से किसानों में आक्रोश

## किसानों ने बछरारा जीएसएस पर धरना दिया, कर्मचारी को बंधक बनाया

**राजियासर, (निसं)।** देईदासपुरा ग्राम पंचायत के गांव बछरारा, देईदासपुरा व कोनपालसर में ट्यूबवेल की बिजली सप्लाई चालू नहीं होने से आक्रोशित किसानों ने सुबह विद्युत निगम के अधिकारियों के खिलाफ लापरवाही तथा अधिकारियों की ओर से किसानों की समस्या की सुनवाई नहीं करने पर बछरारा जीएसएस पर धरना लगा दिया। विद्युत निगम अधिकारियों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए किसानों ने कहा कि कुछ दिन पहले भी गांव में दो बार अर्थिंग फेल होने के चलते घरेलू उपकरण जल गए थे। अब ट्यूबवेल की विद्युत सप्लाई बंद होने से किसानों की फसलें जल रही है, लेकिन विद्युत निगम अधिकारी उनकी समस्या को हल करने को लेकर गंभीर नहीं है।

किसान शिशपाल ओझा, राकेश भादू, जयसिंह बीका, जीतराम बिरड़ा, छगन ओझा, नरेश झोरड़, राकेश सिराव व ओम सिंह ने बताया कि क्षेत्र में तेज गर्मी पड़ रही है। पिछले दस दिन से ट्यूबवेल की बिजली सप्लाई बंद होने से उनकी फसलें झुलस गई। उन्होंने आरोप लगाया कि निगम की ढिलाई के चलते बिजली सप्लाई चालू नहीं हो पा रही है, जबकि ग्रामीण पोल लगाने में किसान पूरा सहयोग कर रहे हैं। निगम का कोई अधिकारी नही पहुंचने पर किसानों ने करीब आठ बजे कर्मचारी दलीप स्वामी कमरे में बंध कर दिया। धरना प्रदर्शन की

**■ ट्यूबवेल की विद्युत सप्लाई बंद होने से किसानों की फसलें जल रही है, विद्युत निगम अधिकारी उनकी समस्या को हल करने को लेकर गंभीर नहीं है**


**■ विद्युत निगम के एईएन ने तीन दिन में विद्युत सप्लाई सुचारु करने का आश्वासन दिया, इस पर किसानों ने सहमति जताने पर धरना समाप्त कर दिया**

सूचना मिलने पर शाम करीब साढ़े चार बजे सूरतगढ़ के तहसीलदार हाबूलाल मीना मौके पर पहुंचे, लेकिन किसान निगम अधिकारियों को बुलाने पर अड़ गए। इस पर सहायक अभियंता मुकेश शर्मा पुलिस जाब्ते के साथ बछरारा जीएसएस पहुंचे। तहसीलदार तथा विद्युत निगम के अधिकारियों तथा किसानों के बीच वार्ता हुई।

सहायक अभियंता ने बताया कि तेज आंधी से बड़ी संख्या में विद्युत पोल, डीपी व ट्रांसफर गिरे गए हैं। जिनको दुरस्त करने में समय लग रहा है। दूसरी ओर किसानों ने विद्युत निगम अधिकारियों की ओर से किसानों को फोन नहीं उठाने पर नाराजगी जताई। लापरवाही का आरोप लगाते हुए अधिकारियों को खरी–खोटी सुनाई। विद्युत निगम के एईएन ने तीन दिन में विद्युत सप्लाई सुचारु करने का आश्वासन दिया। इस पर किसानों ने सहमति जताने पर धरना समाप्त कर दिया।

धरने में भूराराम स्वामी, रामनिवास घिंटाला, ताराचंद सहारण, मदनदास सामोथा, मनीराम शर्मा, नत्थुराम स्वामी, भीमसेन नायक, भगवानदास, भागीरथ नायक, रणजीत गोदारा, आईदान मेघवाल व अन्य किसान शामिल रहे।

## राशिफल



**पंडित अनिल शर्मा**

**सोमवार 17 जून, 2024**

ज्येष्ठ मास, शुक्ल पक्ष, एकादशी तिथि, सोमवार, विक्रम संवत 2081, चित्रा नक्षत्र दिन 1:50 तक, परिघ योग रात्रि 9:34 तक, वणिज करण सांय 5:34 तक, चन्द्रमा आज तुला राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य–मिथुन, चन्द्रमा–तुला, मंगल–मेष, बुध–मिथुन, गुरू–वृष, शुक्र–मिथुन, शनि–कुम्भ, राहु–मीन, केतु–कन्या राशि में।

आज रवियोग दिन 1:50 तक है। भद्रा सांय 5:34 से आरम्भ होगी। आज निर्जला एकादशी व्रत है और ईद–उल–जुहा (बकरीद) है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** आज सूर्योदय से 7:19 तक, शुभ 9:02 से 10:45 तक, चर 2:10 से 3:53 तक, लाभ–अमृत 3:53 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 7:30 से 9:00 तक। सूर्योदय 5:37, सूर्यास्त 7:18

**मेष**
व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। चलते कार्यों में प्रगति होगी। नवीन कार्यों में उचित सफलता मिलेगी। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा।

**वृष**
मित्रों/रिश्तेदारों से चल रहे आपसी मतभेद समाप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी। आय में वृद्धि होगी।

**मिथुन**
परिवार में शुभ–मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। धार्मिक कार्यों पर धन खर्च हो सकता है। व्यावसायिक कार्यों के लिए यात्रा हो सकती है। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**कर्क**
घर–परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। परिवार में धार्मिक–सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा।

**सिंह**
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिवार में शुभ–मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक कार्यों के लिए भागदौड़ रहेगी।

**कन्या**
आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे। परिवार में धार्मिक स्थान की यात्रा संभव है।

**तुला**
मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। मन:स्थिति में सुधार होगा। आवश्यक और महत्वपूर्ण कार्य योजनानुसार बनने लगेंगे। व्यावसायिक कार्यों में नियंत्रण बढ़ेगा।

**वृश्चिक**
घर–गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। अनर्गल कार्यों में समय खराब होगा।

**धनु**
आर्थिक/वित्तिय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे।

**मकर**
व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे।

**कुंभ**
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। घर–परिवार में धार्मिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी।

**मीन**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। शुभ कार्यों में व्यवधान सामने आ सकते हैं। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। बनते कार्य बिगड़ सकते हैं। यात्रा टालना ठीक रहेगा।

# जयपुर योग महोत्सव में होगा अनूठा आयोजन, नगर निगम ग्रेटर द्वारा बनाया जाएगा कीर्तिमान



अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में नगर निगम ग्रेटर महापौर डॉ सौम्या गुर्जर की पहल पर इंद्रलोक सभागार में रविवार को अखंड योग का विश्व कीर्तिमान बनाने का आगाज किया गया जिसमें 17 जून सुबह 7 बजे तक अखंड योग किया जायेगा। कार्यक्रम का शुभारंभ उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा, नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन राज्य मंत्री झाबर सिंह खर्रा एवं सांसद ( जयपुर शहर ) मंजू शर्मा ने किया।

- अखंड योग बिना रुके बिना थके लगातार योग साधक करेंगे योग, 51 योग संस्थाओं के प्रशिक्षकों योगाचार्य की होगी भागीदारी
- उप मुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा, नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन राज्य मंत्री झाबर सिंह खर्रा, सांसद (जयपुर शहर) मंजू शर्मा ने किया शुभारंभ

**जयपुर**, (का.सं.)। भारत सरकार आयुष मंत्रालय के अनुसार 21 जून को प्रधानमंत्री के नेतृत्व में 10वां अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जा रहा है। इसके अन्तर्गत अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में नगर निगम ग्रेटर महापौर डॉ सौम्या गुर्जर की पहल पर पहली बार योग का अनूठा आयोजन किया जा रहा है जिसके तहत इंद्रलोक सभागार में रविवार को अखंड योग का विश्व कीर्तिमान बनाने का आगाज किया गया है जिसमें 17 जून सुबह 7 बजे तक अखंड योग किया जायेगा।

कार्यक्रम का शुभारंभ उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा, नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन राज्य मंत्री झाबर सिंह खर्रा एवं सांसद (जयपुर शहर) मंजू शर्मा ने किया। कार्यक्रम के दौरान संस्थानों के योगाचार्यो को गोमय योगा प्रतीक चिन्ह (गऊसार) से सम्मानित किया। करीब 51 योग संस्थाएं साथ मिलकर लगातार 1500 मिनट योग करते हुए वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाएंगी। भट्टारक जी की नसिया स्थित इंद्रलोक सभागार में 17 जून सुबह 7 बजे तक योग साधक, योग प्रशिक्षक और योगाचार्य सूर्य नमस्कार सहित विभिन्न तरह की योग क्रियाऐं करेंगे।


जयपुर योग महोत्सव-2024 के सातवें दिन रविवार को जयपुर के योग साधक विश्व कीर्तिमान बनाने के लिए जुटे। इंद्रलोक सभागार में आयोजित हुए इस कार्यक्रम में पहली बार 80 वर्ष से अधिक बुजुर्गों ने योगासन किये। साथ ही राजस्थान विश्वविद्यालय के छात्रों ने हैरतअंगेज योग का प्रदर्शन करते हुए योग साधकों और कार्यक्रम में मौजूद लोगों में उत्साह का संचार किया।

इस दौरान योग साधकों का उत्साहवर्धन करने के लिए उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा और यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा भी मौजूद रहे।

उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा ने कहा कि 1500 मिनट योगाभ्यास कार्यक्रम के तहत निश्चित रूप से समाज में एक संदेश जाएगा और योग के प्रति लोगों की जागृति बढ़ेगी।

नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन राज्य मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने कहा कि योग विद्या हमारे भारत की एक पुरातन विद्या है। जिसे हमारे महान मनीषियों ने सैकड़ों-हजारों वर्ष शोध के बाद आविष्कार कर दुनिया के सामने रखा था। और आज भौतिक युग के इस चकाचौंध भरी जिंदगी में जब अधिकांश नागरिक किसी न किसी तरह की शारीरिक व्याधि से ग्रस्त है, उन व्याधियों से छुटकारा पाने का सबसे सरल और सहज उपाय योगाभ्यास है। और आज विश्व कीर्तिमान बनने का आगाज हुआ है और हर व्यक्ति अपने व्यस्ततम समय में से कम से कम आधा घंटा योगाभ्यास करते हुए योग को अपने जीवन में अपनाएगा। इससे आने वाले समय में प्रत्येक नागरिक तन मन और मस्तिष्क से स्वस्थ होंगे। तब विकसित राष्ट्र और विकसित भारत की सोच को आगे ले जाने में कामयाबी हासिल करेंगे। वहीं जयपुर की सांसद मंजू शर्मा ने कहा कि जयपुर और जयपुर वासियों के लिए बड़ी गौरव की बात है कि एक कीर्तिमान बनाने जा रहे हैं। उन सभी संस्थाओं को साधुवाद, जो इस योग अभ्यास में भाग ले रही है।

वहीं इस कार्यक्रम की मुख्य सूत्रधार रही सौम्या गुर्जर ने कहा कि योग ही हमारा ज्ञान, संस्कार, संस्कृति है। जिसे पूरे विश्व में अंगीकार किया है। योग की ही ताकत है कि आज भारत विकसित भारत बनने जा रहा है, महिलाओं को बढ़ावा मिल रहा है।



विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने रविवार को उज्जैन में श्री महाकाल के दर्शन किये। देवनानी ने वहां पूजा अर्चना कर प्रदेश की खुशहाली एवं समृद्धि की कामना की।



भाजपा राजस्थान पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया ने आज किशनगढ़ पहुँचकर केंद्रीय कृषि राज्यमंत्री भागीरथ चौधरी को जन्मदिवस की शुभकामनाएं दीं और ईश्वर से सुदीर्घ जीवन की मंगल कामना की।

## यूनियन ग्राउंड में 20 जून को होगा योग कार्यक्रम

- वित्त सचिव ठकराल ने सभी खेलों के खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र और प्रशिक्षकों को प्रशंसा पत्र दिए

**जयपुर**। वित्त सचिव नरेश कुमार ठकराल ने कहा कि सीमित साधनों में यूनियन फुटबॉल क्लब ने एक महीने तक स्पोर्ट्स ट्रेनिंग कैंप का सफल आयोजन किया। मैं विभिन्न टूर्नामेंट आयोजनों में यहां आता रहा हूं, जीवन में खुश रखने वाले चार तत्व हार्मोन्स खेल मैदान में खिलाड़ियों को स्वत: मिल जाते हैं। आगामी 20 जून को प्रात: 6 बजे यूनियन ग्राउंड में आयोजित होने वाले योग कार्यक्रम में शामिल होने के लिए ठकराल ने हाथ खड़े करा कर सहमति ली।

ठकराल ने क्लब सचिव महिपाल स्वामी , क्लब कोऑर्डिनेटर एवं स्पोर्ट्स ट्रेनिंग कैंप अभिनव स्वामी, कबड्डी कोच राजनारायण शर्मा, योग फिटनेस शिक्षक भव्या राजावत, ग्राउंड इंचार्ज विजयदीप, फुटबॉल कोच हर्षवर्धन, यशवर्धन आदि के योगदान को सरहरना की। उपस्थित अभिभावकों और खिलाड़ियों ने भी अपने विचार व्यक्त किए। अंत में महिपाल स्वामी ने कहा कि, प्रशासन और शासन का निश्चल सहयोग मिलता रहा तो आगामी आठ वर्षों में यूनियन फुटबॉल क्लब वर्ल्ड कप में भारतीय फुटबॉल टीम क्वालीफाई करा देगा। स्वामी ने क्लब की मुख्य संरक्षक दिया कुमारी, उप मुख्यमंत्री के पूर्वजों की खेल प्रतिबद्धता का उल्लेख किया। वित्त सचिव ठकराल ने सभी खेलों के खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र और प्रशिक्षकों को प्रशंसा पत्र दिए।

## राज्यपाल ने वृक्ष मित्र सम्मान प्रदान किए




राज्यपाल कलराज मिश्र ने रविवार को श्री कल्पतरू संस्थान की ओर से आयोजित वृक्ष मित्र सम्मान समारोह में संबोधित किया।

**जयपुर**, (का.सं.)। राज्यपाल कलराज मिश्र ने कहा है कि प्रकृति और पर्यावरण की भारतीय संस्कृति का संरक्षण जरूरी है। उन्होंने अधिकाधिक पेड़ लगाए जाने का आ ान करते हुए कहा कि प्रकृति के आंतरिक संतुलन को क्षित पहुंचाए बगैर विकास की सोच को मूर्त रूप दें। उन्होंने कहा कि वृक्ष एवं वनस्पतियां भूमि को उन्नत और उर्वरा ही नहीं बनाते बल्कि सबका भरण पोषण भी करते हैं।

मिश्र रविवार को श्री कल्पतरू संस्थान द्वारा आयोजित वृक्ष मित्र सम्मान समारोह में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने संस्थान की ओर से वृक्ष मित्र के रूप में सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवक सम्मान के रूप में प्रतिदिन एक पौधा लगाकर उसे संरक्षित करने वाली उमा व्यास को सम्मानित किया। उन्होंने वृक्ष मित्र के रूप में पर्यावरण कार्यकर्ता के.पी. कनाल, अशोक थोरात, गौतमराज शर्मा, श्रीमती रेणु राष्ट्रदीप, संदीप, उषा, अंजू चौधरी, ऋषि, रितेश दुबे को सम्मानित किया। उन्होंने वहीं परिंदो के लिए परिण्डा अभियान की भी शुरूआत की।

उन्होंने कहा कि भारतीय सनातन दृष्टि प्रकृति पूजक रही है। इसके पीछे बड़ा वैज्ञानिक तथ्य यही है कि पारिस्थितिकी संतुलन बना रहे। उन्होंने राजस्थान में खेजड़ली में शमी वृक्ष खेजड़ी के लिए किए गए बलिदान को स्मरण करते हुए कहा कि हमारे यहां पेड़ बचाने के लिए लोगों ने अपनी जान की भी परवाह नहीं की है। उन्होंने प्रकृति के पंचभूत तत्वों का उल्लेख करते हुए पेड़ लगाने और उनके संरक्षण के लिए भी सभी को कार्य करने पर जोर दिया।

राज्यपाल ने पेड़ों को धरती का शृंगार बताते हुए हरी-भरी धरा के लिए सबको मिलकर कार्य करने की आवश्यकता जताई। उन्होंने कहा कि इतने पेड़ लगे कि पर्यावरण का अपने आप संरक्षण हो।

## सीनियर टीचर भर्ती परीक्षा में डमी कैंडिडेट बैठाकर परीक्षा पास करवाने के मामले में मुख्य आरोपी को दबोचा

### उदयपुर के परीक्षा केंद्रों पर फोटो बदलकर बैठाया डमी कैंडिडेट, पोस्टिंग से पहले पकड़ा गया

**जयपुर**। राजस्थान लोक सेवा आयोग ने सीनियर टीचर भर्ती एग्जाम में उदयपुर के परीक्षा केंद्रों पर डमी कैंडिडेट बैठाकर परीक्षा पास करने का मामला सामने आया है। परीक्षा की प्रथम सूची में कैंडिडेट का नाम नहीं था मगर जब कुछ अभ्यर्थियों ने ज्वाइनिंग नहीं दी तो मेरिट में नीचे के अभ्यर्थियों का नाम आया। इसके बाद जब आयोग ने नए प्रत्याशियों को पोस्टिंग देने के लिए दस्तावेज की जांच की तो अलग-अलग फोटो लगाने का फर्जीवाड़ा पकड़ में आया। इस मामले में मुख्य आरोपी सांचोर का मंगलाराम (35) पुत्र भाखराराम पकडा है। वह डीएस ढाणी, हेमागुढ़ा, चितलवाना सांचौर का रहने वाला है। उसने सामाजिक विज्ञान सीनियर टीचर के लिए ऑनलाइन आवेदन किया था। जब आवेदन फार्म, एडमिट कार्ड व उपस्थिति पत्रक की जांच की तो अलग-अलग फोटो मिले।

आयोग ने अजमेर के सिविल लाइन थाने में मामला दर्ज कराया। बताया गया कि मंगलाराम का परीक्षा केंद्र उदयपुर आया था। मंगलाराम और उसके डमी अभ्यर्थी ने सामान्य ज्ञान और मुख्य परीक्षा अलग-अलग सेंटरों पर दी थी। सिविल लाइन पुलिस ने जीरो नम्बर एफआईआर दर्ज कर अब उदयपुर एसपी को रिपोर्ट भेजी है। आयोग के अनुभाग अधिकारी नमन शर्मा ने सिविल लाइन थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। इस रिपोर्ट में बताया गया है कि राजस्थान लोक सेवा आयोग अजमेर की ओर से सीनियर टीचर प्रतियोगी परीक्षा-2022 के लिए 5 अप्रैल 2022 को विज्ञापन जारी किया गया था। इसके लिए 11 अप्रैल से 10 मई 2022 तक आवेदन मांगे गए। बाद में इसकी डेट बढ़ाकर 14 मई 2022 कर दी गई। इस परीक्षा के लिए सांचौर निवासी कैंडिडेट मंगला राम ने सामाजिक विज्ञान के लिए ऑनलाइन आवेदन किया। मंगलाराम की परीक्षा 21 दिसम्बर 2022 को सामान्य ज्ञान विषय की सुबह की पारी में थी व दोपहर की पारी में सामाजिक विज्ञान की परीक्षा का सेंटर ज्ञान मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल सेक्टर-4 उदयपुर था। परीक्षा स्थगित हो गई। इसे 30 जुलाई 2023 को फिर से आयोजित कराया गया। 30 जुलाई को हुई परीक्षा का सेंटर द स्टनवार्ड सीनियर सेकेंडरी स्कूल यूनिवर्सिटी रोड उदयपुर आया। इस परीक्षा के बाद दो गुना सफल कैंडिडेट्स की सूची 31 अगस्त 2023 को आई तो उसकी पात्रता जांच 4 सितम्बर 2023 से 14 सितम्बर 2023 तक हुई। मंगलाराम 14 सितम्बर 2023 को आयोग में आया। पात्रता जांच में सफल रहा और 5 दिसम्बर 2023 को मुख्य व आरक्षित सूची जारी की गई। इसमें कैंडिडेट की नियुक्ति के लिए अनुशंसा कर दी गई। अभ्यर्थी मंगलाराम का नाम मुख्य सूची में नहीं था बल्कि आरक्षित सूची में आया था। निदेशक, बीकानेर (माध्यमिक शिक्षा विभाग) द्वारा मुख्य सूची में ज्वाइन नहीं करने पर उनके स्थान पर दूसरे अभ्यथियों को बुलाया था। आयोग द्वारा 5 जून 2024 को इसकी नहीं सूची जारी की। इसमें मंगलाराम चयनित हो गया। इसका विस्तृत आवेदन पत्र अभ्यर्थी की ओर से चस्पा की गई फोटो एवं परीक्षा के समय परीक्षा केन्द्र पर अभ्यर्थी की ओर से प्रस्तुत उपस्थिति पत्रक पर चस्पा की गई फोटो का मिलान किया गया तो दोनों फोटो में अंतर मिला। अभ्यर्थी मंगला राम ने 21 दिसम्बर 2022 को प्रथम सत्र एवं द्वितीय सत्र तथा सामान्य ज्ञान की 30 जुलाई 2023 को फिर से आयोजित परीक्षा में किसी अन्य डमी अभ्यर्थी को बैठाया। पुलिस ने मामला उदयपुर का होने के कारण जीरो नम्बर एफआईआर दर्ज की।

नम्बर मिलाइए
9587884433



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

## 121 योगियों और योगिनियों ने किया अपनी योग कलाओं का अनूठा प्रदर्शन

**जयपुर**, (का.सं.)। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस सप्ताह के अवसर पर दिल्ली स्थित योग केन्द्र 'शक्ति योग संस्थान' द्वारा राजस्थान सहित अन्य राज्यों के 121 अप्रवासी योगियों और योगिनियों ने देशभक्ति गीत 'लहरा दो-लहरा दो' पर सामूहिक योगा कर जम्मू-कष्मीर में आतंकी हमलें में शहीद हुए के वीर जवानों को श्रद्धांजली अर्पित की।

दिल्ली के सबसे बड़े पार्कों में एक स्वर्ण जयंती गार्डन-जापानी पार्क में रविवार को आयोजित इस योग कार्यक्रम में संस्थान के संस्थापक योगाचार्य जसपाल सिंह ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी अंतर्राष्टीय योग सप्ताह के अवसर पर इस योग-उत्सव के लिए सफल बनाने के लिए पिछले 15 दिवसों से सभी साधकों से पिछले 15 दिवसों से प्रात: 5 बजे से निरंतर विभिन्न योग मुद्राओं का अभ्यास करवाया गया। किन्तु गत सप्ताह जम्मू-कश्मीर में हुए आतंकी हमले में शहीद हुए जवानों को श्रद्धांजलि देने के लिए देशभक्ति गीत पर विशेष योगासन की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम का संचालन उप संचालक मेघा मित्तल और कला निर्देशक आकर्षण ने किया।



दिल्ली में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस सप्ताह में रविवार को जम्मू-कश्मीर में शहीद हुए जवानों को 'देशभक्ति गीत लहरा दो' पर सामूहिक योग प्रस्तुति कर श्रद्धांजली दी।

योगाचार्य जसपाल सिंह ने बताया कि इस कार्यक्रम में योग संस्थान में अभ्यासरत 5 वर्ष से 70 वर्ष तक के साधकों ने कठिन से कठिन योगासनों में विभिन्न समूहों में अपनी उत्कृष्ट योग कला का प्रदर्शन किया। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम को रोचक बनाने के लिए 121 साधकों को अलग-अलग समूहों में विभाजित कर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिनमें सफल समूहो को पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

सिंह ने बताया कि उन्होंने वर्ष 2011 में योग गुरू श्री श्री रविशंकर से आर्षीवाद प्राप्त कर योगाभ्यास करवाना आरंभ किया और अब तक लगभग सैकड़ों साधकों को योगासन सिखाया। उन्होंने बताया कि वर्तमान में जहां एक ओर उनके योग केन्द्र पर राजस्थान सहित विभिन्न राज्यो के अप्रवासी साधक योगाभ्यास करते हैं। वहीं दूसरी ओर ऑनलाईन माध्यम से भी देश -विदेश के साधक योग कक्षाएं लेते हैं। उन्होने बताया कि उनके पास सोमवार से शुक्रवार तक योगाभ्यास करने वालों में गृहणियां, व्यापारी, डॉक्टर, चार्टड अकाउंटेंट, पुलिसकर्मियों सहित विभिन्न वर्गों के साधक शामिल हैं। जसपाल ने बताया कि शनिवार और रविवार को वे केन्द्र पर ध्यान मुद्राओं और मेडिटेशन के लिए विशेष कक्षाओं का आयोजन भी करते हैं।

जसपाल सिंह ने बताया कि आज के व्यस्त जीवन शैली और खानपान के कारण छोटे बच्चों से लेकर वृद्धों तक अधिकांश डिप्रेशन, मधुमेह, ब्लड प्रेशर सहित मोटापे इत्यादि गंभीर बीमारियों से ग्रसित हो रहे हैं। जिसके स्थाई समाधान के लिए योग के अतिरिक्त कोई उपाय नहीं है। उन्होंने बताया कि योग के माध्यम से उनके केन्द्र में आने वाले कई साधकों की इस प्रकार की कई बीमारियां समाप्त अथवा नियंत्रित हुई है।

**आम सूचना** सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य मदनलाल बलाई पुत्र रामेश्वर जाति बलाई निवासी डोडवाडियों का बास, तहसील फुलेरा जिला जयपुर ग्रामीण राजस्थान की पुत्री रेणु कुमारी मेरे अभिभाष्य के कहे में नहीं है वह अपने परिजनों को बिना बताये अपना घर परिवार छोड कर बलजिन्दर सिंह पुत्र रेशम सिंह निवासी-60 फिट रोड रामनगर बस्ती, अलवर राजस्थान के साथ चली गई (भाग गई) एवं दिनांक 13.06.2022 को उसने अपने परिजनों की सहमती के बिना आर्य समाज मंदिर गोखला मार्केट, हजारी कोर्ट के पिछे, दिल्ली में विवाह कर लिया है। रेणु कुमारी के उक्त कृत्य व्यवहार एवं आचरण से न केवल मेरे अभिभाष्य व उसके परिजनों की मान मर्यादा व सम्मान को ठेस पहुची है वरन सामाजिक मूल्यों व संस्कारों का भी नैतिक पतन हुवा है। जिससे परिवार रिश्तेदारी समाज एवं क्षेत्र में मेरे अभिभाष्य व उसके परिवार की कॉफी बदनामी हुई व उन्हे शर्मसार होना पडा इसलिए मेरे अभिभाष्य ने रेणु कुमारी को अपने जीवन व अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है उसको मेरे अभिभाष्य के जीवनकाल व उसकी मृत्यु पश्चात चल अचल सम्पत्ति में किसी भी प्रकार के हक अधिकार सृजित नहीं होंगे। यदि कोई व्यक्ति रेणु कुमारी से किसी प्रकार का संव्यवहार करता है तो उसके लिए वह स्वयं उत्तरदायी होगा। सूचित रहे।

**भागचन्द सोभरिया, एडवोकेट**
**ऑफिस एवं निवास-कृष्णा विहार कॉलोनी, पाँच बत्ती चौराहा के पास, फुलेरा जिला जयपुर राजस्थान, मो.नं. 9928312891**

प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)

**कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर**

**राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस**

**समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को**

मुकदमा नम्बर 205/2024

**(नाम वर्णन तथा निवास स्थान)**

चूंकि श्री मुकेश कुमार शर्मा पुत्र श्री जयकृष्ण शर्मा निवासी प्लॉट नं.478, हनुमान जी का रास्ता, त्रिपोलिया बाजार, जयपुर राज. ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17 (1) के अन्तर्गत ठिकाना ठाकुर श्री रामगोपाल जी सफेद हाथियों का मंदिर ट्रस्ट प्रयास पता-प्लाट नं.429, त्रिपोलिया बाजार, जयपुर राज. के सम्बन्ध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है।

अतएव धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है, मैं हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करे।

और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां प्रस्तुत नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।

आज दिनांक 12.06.2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।

आइंदा तारीख पेशी 16.8.24

मोहर अदालत

**सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग जयपुर**

# किसान कल्याण के लिये सरकार सदैव तत्पर है : मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

## केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी के जन्म दिवस पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शुभकामनाएं दी

**मदनगंज-किशनगढ़,** (निसं)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कांग्रेस पर किसानों को गुमराह करने का आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार ने किसान कल्याण के लिये ईआरसीपी योजना को पूरा किया है और मोदी सरकार ने पहली किस्त जारी कर दी है। शीघ्र ही किसानों को दिन में पर्याप्त बिजली मिलेगी, इसके लिये सार्थक प्रयास किये जा रहे हैं। राज्य सरकार ने सम्मान निधी योजना में कृषि के 40 हजार कनेक्शन का काम 90 दिनों में पूरा किया है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा रविवार को केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी को जन्म दिवस पर शुभकामनाएं देते हुए अग्रसेन विहार में आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे।

समारोह को संबोधित करते हुये उन्होंने कहा कि किसानों के पानी की समस्या को लेकर उदयपुर से बीसलपुर बांध में पानी लाने के लिये विशेष योजना का काम शुरू हो गया है। उन्होंने अजमेर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा की जीत के लिये आभार व्यक्त किया। केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी व आर के मार्बल ग्रुप चेयरमैन अशोक कुमार पाटनी व युवा नेता सुभाष चौधरी ने मुख्यमंत्री को चांदी का मुकुट पहनाकर अभिनन्दन किया। किशनगढ़ मार्बल एसोसिएशन अध्यक्ष सुधीर जैन, चेलाराम मुरावतिया, रमेश चांडक, शशिकांत पाटोदिया, प्रदीप चंडक, चेनाराम चौधरी, महावीर कोठारी ने भी कृषि मंत्री को बुके भेंट कर जन्म दिवस पर बधाई दी। उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा, केबिनेट मंत्री सुरेश रावत, कन्हैयालाल चौधरी, नगर परिषद सभापति दिनेश सिंह राठौड़, विधायक अनीता भदेल, शत्रुधन गौतम, भाजपा नेता सी आर चौधरी, सतीश पूनिया, रमेश सोनी, बीपी सारस्वत, सरिता गैना, धर्मेंद्र गहलोत, किशनगोपाल दरगड, सुनील दरडा, राकेश पहाड़िया, महेंद्र पाटनी, वैदप्रकाश दाधीच, राजीव शर्मा के अलावा प्रधान, सरपंच, पंचायत समिति सदस्य, पार्षद सहित हजारों समर्थकों ने कृषि मंत्री चौधरी को जन्म दिवस पर शुभकामनाएं दी। राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री ने भी कृषि मंत्री चौधरी को बधाई दी है।



सीएम भजनलाल शर्मा ने केंद्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी।

■ 'शीघ्र ही किसानों को दिन में पर्याप्त बिजली मिलेगी, इसके लिये सार्थक प्रयास किये जा रहे हैं'

# चूरू में भीषण गर्मी से आमजन परेशान, पारा 45.6 डिग्री पहुंचा

## प्री-मानसून ने नहीं दी दस्तक, गर्मी के कारण दिन में बाजारों में पसरा सन्नाटा



चूरू में शाम ढलने के बाद आसमान में हल्के बादलों की आवाजाही शुरु हुई।

**चूरू,** (कासं)। चूरू में अभी तक प्री-मानसून के दस्तक नहीं देने से भीषण गर्मी के कारण आमजन को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार रविवार को यहां का अधिकतम 45.6 व न्यूनतम 32.4 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया, हालांकि शाम को आसमान में हल्के बादलों की आवाजाही शुरु हुई लेकिन गर्मी से कोई राहत नहीं मिल पायी।

यहां पर सुबह दिन निकलने के साथ ही गर्मी अपना असर दिखाना शुरु कर देती है। सुबह के दस बजे तक सूर्य देवता अपना रोद्र रूप दिखाने लगते हैं। जिसके चलते कोलतार की सड़कें तपने लगती है। पैदल राहगीरों का चल पाना भी मुश्किल हो जाता है, दोपहर के बारह से लेकर तीन बजे तक बाजारों व सार्वजनिक स्थानों पर सन्नाटा पसरा रहता है। बाजारों में दुकानदार खाली बैठे दिखाई देते हैं। गर्मी का असर बाजार की दुकानदारी पर भी पड़ रहा है। एक दुकानदार ने बताया कि दोपहर बारह से लेकर शाम को चार बजे तक कोई ग्राहक नहीं आता है। इन दिनों सुबह के समय व शाम को चार बजे बाद ही कुछ बिक्री हो पाती है। इंसानों के साथ जीव जंतुओं को भी गर्मी के कारण परेशानी झेलनी पड़ रही है। यहां पर अभी तक प्री-मानसून की बारिश के नहीं आने से गर्मी का असर पूरी तरह से बना हुआ है।

रात को बारह बजे बाद तक गर्म हवाओं का दौर चलने से रात के समय में भी सूकुन नहीं मिल पा रहा है। इसी के साथ कूलर व पंखे भी राहत पहुंचा पाने में नाकाम साबित हो रहे हैं। दोपहर के समय में राहगीर पेड़ों की छांव के नीचे समय गुजार रहे हैं। दोपहर के समय में लोग घरों से बाहर निकलने की हिम्मत नहीं दिखा पा रहे हैं। दिनभर गर्म हवाओं के चलने से लू लगने का खतरा बना रहता है। तेज धूप से बचाव के लिए लोग आंखों पर काला चश्मा व सिर पर सूती कपड़ा लपेटकर ही बाहर निकलते हैं। इसी के साथ समाजसेवी लोगों की ओर से सार्वजनिक स्थानों पर शीतल पेयजल का प्रबंध करने के साथ अनेक स्थानों पर शर्बत व नींबू पानी भी पिलाकर पुण्य कमा रहे हैं।

वहीं दूसरी ओर भीषण गर्मी में अनेक स्थानों पर पेयजल समस्या के कारण लोगों को पीने का पानी भी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध नहीं हो पा रहा है, जिससे लोगों को इधर-उधर से पीने के पानी का इंतजाम करना पड़ रहा है। गर्मी की अधिकता के चलते शीतल पेय पदार्थों की बिक्री में जरुर इजाफा हुआ है। देर शाम तक ज्यूस आदि की दुकानों पर आमजन की भीड़ दिखाई देते हैं। इसी के साथ किसानों को अब बेसब्री से मानसून के आने का इंतजार हो रहा है।

## युवक ने आत्महत्या की

**भीलवाड़ा,** (निसं)। शहर के प्रताप नगर थाना क्षेत्र की आजाद नगर कॉलोनी में रहने वाले एक युवक ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी के फंदे पर झूल कर आत्महत्या कर ली।

जानकारी के अनुसार आजाद नगर रहने वाले गौरव अग्रवाल ने बीती रात अपने ही घर पर अज्ञात कारणों के चलते चुन्नी का फंदा बनाकर फांसी लगा ली। घटना का पता परिजनों को सुबह लगा तब तक गौरव की मौत हो चुकी थी। हादसे के वक्त मृतक की पत्नी पीहर गई हुई थी। मृतक गौरव एक बच्ची का पिता था और कपड़े का काम करता था। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची प्रताप नगर थाना पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमॉर्टम करा शव परिजनों के सुपुर्द कर मामले की जांच शुरू की है।

# सलमान खान धमकी केस में बूंदी से एक जना गिरफ्तार

## मुंबई की क्राइम ब्रांच पुलिस ने आरोपी को बूंदी के हिंडोली से गिरफ्तार किया

**कोटा,** (निसं)। बॉलिवुड अभिनेता सलमान खान को जान से मारने की धमकी देने के मामले में बूंदी जिले का कनेक्शन सामने आया है। मुंबई की क्राइम ब्रांच पुलिस ने सलमान खान धमकी केस में एक आरोपी को बूंदी के हिंडोली से गिरफ्तार किया है। पुलिस से उसे मुंबई ले गई, वहां उससे पूछताछ की जाएगी।

बताया गया कि गिरफ्तार आरोपी लॉरेंस बिश्नोई गैंग से प्रभावित है। उसने पिछले दिनों एक यूट्यूब चैनल पर लॉरेंस बिश्नोई गैंग की चर्चा करते हुए सलमान खान की हत्या की योजना का जिक्र किया था। एसपी हनुमान प्रसाद मीणा ने बताया कि मुंबई पुलिस की साइबर सेल टीम ने हिंडोली स्थित देव हॉस्टल में सर्च ऑपरेशन के लिए आई थी। मुंबई के साउथ साइबर सेल थाने ने आईटी एक्ट का एक मुकदमा दर्ज किया था जिसमें आरोपी दबलाना थाना क्षेत्र के फजलपुर निवासी बनवारी पुत्र लटूर लाल गुर्जर को बनाया गया है। मुंबई पुलिस ने आरोपी की तलाशी के लिए हिंडोली पुलिस से मदद मांगी थी।

उसके बाद आरोपी बनवारी गुर्जर को मुंबई की साइबर सेल पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। हिंडोली थाना अधिकारी पवन मीणा ने बताया कि मुंबई पुलिस के अनुसार आरोपी बनवारी ने बीते दिनों यूट्यूब चैनल 'अरे छोड़ो यारश् पर एक वीडियो के जरिए लॉरेंस बिश्नोई गैंग के बारे में चर्चा की थी। उस दौरान उसने फिल्म अभिनेता सलमान खान की हत्या की योजना का भी जिक्र किया था। बस यहीं से वो मुंबई पुलिस की नजरों में आ गया। सलमान खान धमकी केस की जांच में जुटी मुंबई क्राइम ब्रांच ने उसके खिलाफ मामला दर्ज किया है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी कुख्यात गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई गैंग से प्रभावित है। बनवाली लाल किस हद तक इस मामले में शामिल है, फिलहाल इसका खुलासा नहीं हो पाया है।

■ बताया गया कि गिरफ्तार आरोपी लॉरेंस बिश्नोई गैंग से प्रभावित है

# ईंटों से सिर कुचलकर एक व्यक्ति की हत्या

**श्रीगंगानगर,** (निसं)। सूरतगढ़-हनुमानगढ़ रोड स्थित गांव रामपुरा रंगमहल बस स्टैण्ड के पास देर रात्रि को एक व्यक्ति की ईंटों से कुचलकर हत्या कर दी व सबूत मिटाने के इरादे से शव को रेलवे ट्रैक पर डाल दिया। सुबह सूचना मिलने पर डीएसपी प्रतीक मील, कार्यवाहक थानाधिकारी माणकलाल पुलिस जाब्ता के साथ मौके पर पहुंचे और घटना स्थल का मौका मुआयना किया। इसके बाद शव को सूरतगढ़ सीएचसी की मोर्चरी में रखवाया। वहीं, श्रीगंगानगर से एफएसएल व एफओबी टीम व बीकानेर से डॉग स्क्वॉयड टीम मौके पर पहुंची और मौका मुआयना किया। देर शाम को पुलिस ने शव का मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंपा। पुलिस ने मृतक के भाई की रिपोर्ट पर दो जनों के खिलाफ हत्या करने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया है।

सिटी थाना के कार्यवाहक थानाधिकारी माणकलाल ने बताया कि शुक्रवार देर रात्रि करीब दो बजे कुछ लोगों ने रामपुरा रंगमहल बस स्टैण्ड के पास एक व्यक्ति के सिर को ईंटों से कुचलकर हत्या कर दी तथा सबूत मिटाने के इरादे से शव को रेलवे ट्रैक पर डाल दिया। सुबह करीब आठ बजे रेलवे पुलिस ने रामपुरा रंगमहल रेलवे ट्रैक पर एक अज्ञात व्यक्ति के शव पड़ा होने की सूचना दी। इसके बाद शव की शिनाख्त शिनाख्त रामपुरा रंगमहल निवासी सुरेन्द्र उर्फ बण्डल (40) पुत्र महेश्वर साहनी के रूप में हुई। मृतक दिहाड़ी मजदूरी का काम करता था। उन्होंने बताया कि घटना को अंजाम देने से पूर्व हमलावरों ने बस स्टैण्ड के पास लगे सीसीटीवी कैमरे भी तोड़ दिए। पुलिस ने शव को सीएचसी की मोर्चरी में रखवाया तथा शाम को मेडिकल बोर्ड से शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंपा। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार हत्या के आरोपी दीपक के भाई राजेन्द्र की शराब ठेकाकर्मी के साथ रात्रि करीब आठ बजे बोलचाल हुई थी। इसके बाद दीपक व प्रेम देर रात्रि करीब डेढ़ बजे शराब ठेका पहुंचे। उसके सामने चारपाई पर सो रहे सुरेन्द्र के सिर पर ईंटों से ताबड़तोड़ हमला कर हत्या कर दी। इसके बाद शव को घसीटते हुए रेलवे ट्रैक पर डाल दिया।

जानकारी के अनुसार मृतक की पत्नी का देहांत करीब आठ वर्ष पूर्व हो गया था। मृतक की दो पुत्रियां व दो पुत्र है। मृतक दिहाड़ी मजदूरी करके परिवार का पालन-पोषण करता था। सुरेन्द्र की मौत की सूचना मिलने पर घर पर शोक छा गया। परिवार के कुछ सदस्य तो हत्या की सूचना मिलने के बाद शव के सूरतगढ़ सीएचसी पहुंचे पर ही मौके पर आ गए। पुलिस ने बताया कि मृतक के भाई रामपुरा रंगमहल (पीलीबंगा) निवासी केदार साहनी ने रिपोर्ट दी कि उसका बड़ा भाई सुरेन्द्र उर्फ बंडल(40) दिहाड़ी मजदूरी करने के बाद रात्रि को बस स्टैण्ड व कभी रेलवे स्टेशन पर सो जाता था। शुक्रवार शाम करीब छह बजे उसका भाई सुरेन्द्र मंशी की दुकान के पास मिला तथा उससे बातचीत भी हुई थी। रात्रि को उसका भाई बस स्टैण्ड के पास शराब ठेका के सामने चारपाई डालकर सो गया था। शनिवार सुबह करीब छह बजे उसके गांव के ननकी ने फोन कर भाई के शव रेलवे ट्रैक पर पड़ा होना बताया।

मौके पर जाकर देखा तो वह लाश उसके भाई की थी। उसका सिर पूरा चिपका हुआ था तथा रेलवे ट्रैक व रोड के बीच जगह जगह खूब भी बिखरा मिला तथा सबूत मिटाने के लिए शराब ठेका के पास लगे सीसीटीवी कैमरे तोड़े हुए पड़े थे। उसने रिपोर्ट में बताया कि रात्रि करीब डेढ़ बजे उसके भाई सुरेन्द्र का उसी के गांव के प्रेम कुमार बावरी पुत्र फूसाराम बावरी व दीपक पुत्र श्रीराम बावरी ने मारपीट कर ईंटों से उसका सर को कुचल कर हत्या कर दी थी तथा सबूत मिटाने के लिये उसके भाई शव को रेलवे ट्रैक पर डाल दिया।

डीएसपी प्रतीक मील ने बताया कि हत्या के कारणों की जांच की जा रही है। वहीं, आरोपियों की तलाश में छापामारी का अभियान चलाया हुआ है।

■ सबूत मिटाने के इरादे से शव को रेलवे ट्रैक पर डाला, हमलावरों ने बस स्टैण्ड के पास लगे सीसीटीवी कैमरे भी तोड़ दिए

# युवक का अपहरण कर मारपीट

## सड़क किनारे पटका, युवक दो माह पहले जेल से छूट कर बाहर आया था

**अजमेर,** (कासं)। रामगंज थाना क्षेत्र के खानपुरा में रहने वाले एक युवक का वैन और बाइक पर सवार होकर आए बदमाशों ने अपहरण कर मारपीट की और जौंसगंज क्षेत्र में अधमरा सड़क किनारे पटक कर फरार होने का मामला सामने आया है। परिजन ने मामले की शिकायत थाने में दर्ज कराई है। पुलिस ने युवक को अस्पताल पहुंचाया, जहां उपचार जारी है। युवक दो माह पहले जेल से छूट कर बाहर आया था। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी हे।

रामगंज थाना क्षेत्र के खानपुरा चिश्तीनगर निवासी सलीम ने बताया कि शनिवार रात करीब 8 बजे एक वैन व 5-7 युवक बाइक पर चाकू, तलवार, लाठी व सरिए लेकर उसके मकान में आए। आरोपियों ने बेटे सोहेल के साथ मारपीट की। उसने और उसकी बेटियों ने बीच-बचाव किया तो आरोपियों ने उनके साथ भी अभद्रता की। आरोपी सोहेल को वैन में अगवाकर ले गए। उसने रोकना चाहा तो आरोपी उसे भी वाहन में डालने लगे। वह जैसे-तैसे उनसे बच पाया। अस्पताल पहुंचे सोहेल के चेहरे, पीठ पर चोट के कई निशान हैं। उसकी दोनों आंख सूज रखी हैं। उसकी पीठ पर गर्म सरिए या घसीटने के गहरे निशान हैं। पुलिस ने सलीम की शिकायत पर वैन व बाइक सवार बदमाशों की तलाश में टीमें रवाना कर दी।

सलीम ने बताया कि उसका बेटा करीब ढाई माह पहले चोरी के मामले में जेल से रिहा होकर आया है। जेल से लौटने के बाद उसने आपराधिक गतिविधि छोड़ दी। संभवतः आरोपी पुरानी रंजिश के चलते उसे अगवाकर ले गए। उसने घटना के वक्त पुलिस कन्ट्रोल रूम 100 नम्बर पर कॉल किया, लेकिन किसी ने कॉल रिसीव नहीं किया। आखिर उसने रामगंज थाने पहुंच शिकायत दी।



पुलिस ने अस्पताल में घायल युवक के बयान लिये।

■ पीड़ित के परिजन ने पुलिस में दी शिकायत, जांच शुरु

## विवाहिता की मौत, ससुराल पक्ष पर हत्या का आरोप

**बीकानेर,** (निसं)। महिला थाने में विवाहिता की हत्या के आरोप में ससुराल पक्ष के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया है।

सुभाषपुरा निवासी दानिश हसन पुत्र साजिद खां ने बताया कि उसकी बहन सिमरन का विवाह कुछ समय पूर्व हुआ था। शादी के कुछ समय तक तो सब कुछ ठीक चलता रहा, लेकिन बाद में आरोपियों ने दहेज की मांग को लेकर परेशान करना शुरू कर दिया। आरोपी सलीम जावच, बशीर मोहम्मद, बरातुन, सलमान, सलमा, पिंकी, रीना उर्फ नुसरत, अब्दल वाहिद आदि ने परेशान करना शुरू कर दिया। आरोप है कि आरोपियों ने 14 जून की सुबह दहेज की मांग को लेकर उसकी बहन की हत्या कर फांसी पर लटका दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# गोली लगने से घायल हुए ईआरटी जवान की मौत

## पांच दिन से ईआरटी के जवान दिनेश कुमार का एमडीएम हॉस्पिटल में उपचार चल रहा था

**जोधपुर,** (कासं)। जैसलमेर में गोली लगने से घायल हुए ईआरटी के जवान दिनेश विश्नोई की रविवार को मौत हो गई। पिछले पांच दिन से दिनेश कुमार का एमडीएम हॉस्पिटल में उपचार चल रहा था। रविवार सुबह 11 बजे उपचार के दौरान दिन ने दम तोड़ दिया। दिनेश की मौत की सूचना के बाद उनके परिजन व पुलिस के अधिकारी हॉस्पिटल पहुंचे। प्राथमिक कार्यवाही कर शव को मोर्चरी में रखा गया है।

गौरतलब है कि पिछले दिन उपराष्ट्रपति जगदीप धनकड़ 2 दिवसीय कार्यक्रम के तहत जैसलमेर आए थे। उनकी सुरक्षा के लिए के लिए जोधपुर से पुलिस की इमरजेंसी रिस्पॉन्स टीम (ईआरटी) के 10 जवानों को जैसलमेर भेजा गया था। जैसलमेर से करीब 10 किलोमीटर पहले टीम में शामिल जवान दिनेश कुमार पुत्र माला राम निवासी इसरोल गांव, चितलवाना (सांचौर) के सिर से गोली आर-पार हो गई थी। दिनेश के गोली लगने के बाद उसे सबसे पहले जैसलमेर के जवाहर हॉस्पिटल ले जाया गया। वहां से उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए जैसलमेर से जोधपुर तक ग्रीन कोरिडोर बनाकर तीन घंटे में जोधपुर एमडीएम हॉस्पिटल लाया गया था। जहां 5 दिन से दिनेश का वेंटिलेटर पर उपचार चल रहा था।

डॉक्टरों ने बताया था कि गोली दिनेश के सिर को पार कर निकल गई, जिससे उसके दिमाग की काफी नसें डेमेज हो गई थी। पांच दिन पहले दिनेश को जब जोधपुर लाया गया था। उस समय भी दिनेश की स्थिति गंभीर थी।

■ गोली दिनेश के सिर को पार कर निकल गई थी

# गुजरात पुलिस के ए.एस.आई. की हत्या मामले का खुलासा, दो जने गिरफ्तार

## जोधपुर में गुजरात पुलिस के एएसआई की हत्या करने के बाद शव को नहर में फेंक दिया था

**जोधपुर,** (कासं)। गुजरात पुलिस के एएसआई के सनसनीखेज मर्डर मामले का खुलासा करते पुलिस ने दो आरोपियों को शनिवार को गिरफ्तार कर लिया। दोनों से रविवार को अलग अलग पूछताछ की गई। जोधपुर में गुजरात पुलिस के एएसआई की हत्या करने के बाद शव को नहर में फेंक दिया गया था। मामला जोधपुर ग्रामीण क्षेत्र के चामू थाना इलाके का है।

ग्रामीण पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह यादव ने बताया कि 9 जून को सुखमंडला में नहर के पास झाड़ियां में एक लावारिस कार मिली थी। कार में खून के निशान मिले। कार में मिले दस्तावेज के आधार पर मलिक का पता लगाया। कार बाप थाना क्षेत्र के टेपू गांव निवासी अड़तालीस वर्षीय चतुर सिंह भाटी की थी। चतुर सिंह गुजरात के कच्छ में भुज शहर में रहता था। वह गुजरात पुलिस में एएसआई था। चतुर सिंह अपनी नानी का निधन होने पर थाड़िया गांव (जोधपुर) आया था। 7 जून को वह वापस रवाना होते समय उसने एक-दो दिन ननिहाल में रुकने की बात कही तो वह रुक गया। 9 जून को दोपहर 12:30 बजे चतुर सिंह को उसके भाई करण सिंह ने फोन किया, फोन बंद आया। शक होने पर करण सिंह ने चतुर के मामा फतेह सिंह से बात की। फतेह सिंह ने बताया कि चतुर सिंह सुबह 8 बजे घर से चला गया। इसके बाद तलाश की तो सुखमंडला में कार मिल गई और 10 जून को गगाड़ी पंपिंग स्टेशन के पास नहर में चतुर सिंह का शव मिला। करण सिंह ने 11 जून को अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मर्डर कर शव नहर में फेंकने का मामला दर्ज कराया। पुलिस ने मेडिकल बोर्ड से पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। एसपी भोपाल सिंह लखावत व जयदेव सियाग के निर्देशन में वृत्त अधिकारी कैलाश कंवर व थाना अधिकारी ओम प्रकाश ने जांच शुरू की। संदिग्धों से पूछताछ की गई। छानबीन में सूत्र हाथ लगे तो पुलिस ने जैसलमेर जिले के सांगड थाना क्षेत्र के मेहराजोत गांव निवासी भोम सिंह (26) पुत्र जबर सिंह राजपूत और चामू थाना क्षेत्र के ठाडीया गांव निवासी दुर्ग सिंह (24) पुत्र राम सिंह को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी मृतक के मामा और मौसी के बेटे भाई हैं। वारदात में शामिल अन्य लोगों के संबंध में जांच की जा रही है। पुलिस अब मृतक की सरकारी पिस्टल दस्तावेज व रुपए बरामद करने की कोशिश कर रही है।

एसपी भोपाल सिंह लखावत ने बताया कि एक युवती से बातचीत व अवैध संबंध के शक में भोम सिंह और दुर्ग सिंह ने एएसआई की हत्या की थी। आरोपियों ने चतुर सिंह की सरकारी पिस्टल और मोबाइल गायब कर दिया था। हत्या के बाद शव को नहर में फेंक दिया। पुलिस अब मृतक के दस्तावेज और सरकारी पिस्टल को बरामद करने में जुटी हुई है।

जानकारी के अनुसार करनसिंह भाटी सेवानिवृत अध्यापक निवासी टेपू ने रिपोर्ट में बताया था कि मेरा छोटा भाई चतुरसिंह भुज गुजरात पुलिस में एएसआई पद पर सर्विस करते थे। पिछले दिनों अपनी नानीसा के स्वर्गवास हो जाने छुट्टी लेकर ननिहाल ठाडिया आए थे। सात जून को बारहवां हुआ। वहां पर सभी मिलकर वापस गांव आ गए। उसने कहा मैं 1-2 दिन इनका काम करके फिर आऊंगा। 9 जून को दिन में 12:29 बजे चतुर को कॉल किया तो उसका मोबाइल स्विच ऑफ आया। वह सुबह अपनी दो मामी रामसिंह की पत्नी और नाथूसिंह की पत्नी को उनके घर छोड़ने गया था। उसके बाद वह घर नहीं आया और न कोई संपर्क हुआ। उन्होंने बताया कि उसके पास उसकी सरकारी पिस्टल थी। जिसे उसने अपने जरूरी कागजों के साथ बैग में रखकर गाड़ी की डिक्की में रखा और रवाना हो गया। हमने सोचा कि कहीं और रिश्तेदारों के पास चला गया होगा। शाम तक जब मोबाइल बंद आया और घर नहीं पहुंचा तो फिक्र हुई। बाप थाने के मार्फत हमें पता लगा कि मेरे भाई की गाड़ी सुखमड़ला सरहद में संदिग्ध हालत में मिली है। चामू थाने आने पर पता लगा कि मेरे भाई का शव गगाड़ी पम्प स्टेशन पर नहर में मिला।

रिपोर्ट में बताया गया था कि कि नहर में शव के हमें जो फोटोज उपलब्ध हुए, उसमें जगह-जगह खून के निशान थे। गंभीर चोटें लगी हुई थीं। उन्होंने अंदेशा जताया कि अज्ञात लोगों ने भाई की हत्या कर उसे नहर में फेंक दिया। गाड़ी का सारा सामान, बैग, पिस्टल, मोबाइल वगैरह कुछ भी नहीं मिला। छोटे भाई का अंतिम संस्कार करवाकर बाद में मुकदमा दर्ज करवाया गया। एएसआई का परिवार गुजरात में ही रहता है। उनके पिता भी गुजरात पुलिस में सर्विस करते थे। दो भाई है। वह भी गुजरात में ही सर्विस करते हैं। भाषा भी गुजराती ही बोलते थे, दो लड़के हैं। परिवार सहित गुजरात में रहते थे। गाड़ी हरियाणा नंबर की थी।

■ एएसआई चतुर सिंह अपनी नानी का निधन होने पर थाड़िया गांव (जोधपुर) आया था

## हथियारों की सप्लाई करने वाला युवक गिरफ्तार

**जयपुर।** मुहाना थाना पुलिस ने ऑपरेशन आग के तहत कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से रिवाल्वर और कारतूस बरामद किया हैं।

डीसीपी (साउथ) दिगंत आनंद ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी हेमराज आलोरिया (20) पुत्र त्रिलोक चंद रैगरों का मोहल्ला सांगानेर का रहने वाला है। पुलिस ने उसके कब्जे से रिवाल्वर और कारतूस बरामद किया है। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह रिवाल्वर दिल्ली से पिन्टू से लेकर आता है और जयपुर शहर के आस-पास हथियारों की सप्लाई करता है। आरोपी आमजन में भय पैदा करने के लिए हथियारों के साथ फोटो वायरल करता है।

थानाप्रभारी मदन कड़वासरा ने बताया कि 16 जून को मुखबिर से सूचना मिली थी कि मुहाना मोड़ एलएनटी रोड पर एक व्यक्ति के पास हथियार है। इस पर पुलिस मौके पर पहुंची और वहां खड़े हेमराज की तलाशी ली तो उसके पास रिवाल्वर और कारतूस मिला। आरोपी हेमराज आदतन अपराधी है और अपने घर में दादा के पैसे चुराकर दिल्ली भाग गया था। आरोपी को पकड़ने में कांस्टेबल रामेश्वर और दयाराम की विशेष भूमिका रही। पुलिस पकड़े हुए आरोपी से पूछताछ कर अन्य जानकारियां जुटा रही है।

# पति ने हथौड़ी से वार कर पत्नी की हत्या की

## रामनगरिया इलाके के किशनपुरा कच्ची बस्ती की घटना

**जयपुर।** राजधानी के रामनगरिया इलाके में एक पति ने पत्नी की हत्या कर दी। आरोपी पति ने पहले पत्नी का गला दबाया। फिर हथौड़ी से वार कर हत्या कर दी। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस को कमरे में महिला की लहूलुहान हालत में लाश पड़ी मिली। पुलिस ने एफएसएल टीम की मदद से सबूत जुटाए। पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए शव को जेएनयू हॉस्पिटल की मॉर्च्यूरी भिजवाया। पुलिस ने हत्यारे पति को राउंडअप कर लिया है।

पुलिस ने बताया कि किशनपुरा कच्ची बस्ती रामनगरिया निवासी पूजा (40) की हत्या हुई है। वह पति कृष्ण गोपाल और दो बेटों के साथ पिछले 5 साल से यहां रहती थी। पति कृष्ण गोपाल मिस्त्री था और पूजा बेलदारी का काम करती थी। दोनों पति-पत्नी शराब पीकर अक्सर झगड़ा करते थे। 13 जनवरी की दोनों बेटे अपनी बहन के पास वाटिका रहने गए थे।

देर रात कृष्ण गोपाल और पूजा का शराब के लिए पैसों की बात को लेकर आपस में झगड़ा हो गया। गुस्साए पति ने पत्नी पूजा से जमकर मारपीट की। आरोपी ने महिला का गला दबाने के बाद उसके सिर पर हथौड़ी से वार कर लहूलुहान कर दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

पड़ोसी विनय शर्मा ने बताया कि आरोपी

- पुलिस ने आरोपी पति को हिरासत में ले लिया है
- मृतका और आरोपी शराब के नशे में अक्सर आपस में झगड़ा किया करते थे
- पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जेएनयू हॉस्पिटल की मॉर्च्यूरी भिजवाया

कृष्ण गोपाल के घर के पास ही उनका कबाड़ गोदाम है। 14 जून को सुबह करीब 7:30 बजे वह गोदाम पर पहुंचे थे। गोदाम पर पहुंचने के बाद कृष्ण गोपाल और पूजा दोनों ही दिखाई नहीं दिए। शाम करीब 6 बजे कृष्ण गोपाल अपने कमरे से बाहर निकला। गोदाम के पास से जाते समय कृष्ण गोपाल से पूछा कि आज पूजा कैसे नहीं दिखी। कृष्ण गोपाल कहने लगा कि उसको मैंने सिर पर हथौड़ी की मारकर सल्टा दिया।

पड़ोसी विनय शर्मा ने बताया कि आए दिन शराब पीकर दोनों के लड़ते रहने के कारण उसकी बात पर पहले ध्यान नहीं दिया। उसके काफी समय बाद भी पूजा के नहीं दिखाई देने पर शक हुआ। कॉल कर कृष्ण गोपाल के रिश्तेदार को बुलाकर कमरे में देखने गए। कमरे में लहूलुहान हालत में पूजा का शव पड़ा हुआ था। पूजा के शरीर पर जगह-जगह चोट के निशान थे। इस पर रामनगरिया थाना पुलिस को हत्या की सूचना दी गई। हत्यारे पति कृष्ण गोपाल ने पता चलने पर भागने की कोशिश करने पर पकड़ लिया।रामनगरिया थाना पुलिस ने एफएसएल टीम की मदद से सबूत जुटाए। पुलिस की प्रथमदृष्टया जांच में शराब के नशे में झगड़ा होने पर हत्या करना सामने आया।

मृतका के शरीर व गले पर चोट के निशान मिले है। झगड़ा होने पर पूजा के साथ मारपीट की गई। उसका गला दबाने के साथ हथौड़ी से उसके सिर पर वार किया गया। जिसके चलते उसके मुंह से खून निकला दिखाई दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जेएनयू हॉस्पिटल की मॉर्च्यूरी भिजवाया। पुलिस ने हत्यारे पति को राउंडअप कर पूछताछ शुरू कर दी है।

## दम्पती से बाइक सवार दो बदमाशों ने लूट की

**जयपुर।** शिवदासपुरा थाना इलाके में बाइक सवार दो बदमाशों ने दम्पती से लूटपाट की। पीड़ित बाइक से घर जा रहे थे। इसी दौरान रास्ते में बदमाशों ने लूटपाट की। छीना-झपटी के दौरान बाइक बेकाबू होने पर पति-पत्नी सड़क पर गिरकर घायल हो गए।

शिवदासपुरा थाना पुलिस ने सूचना पर नाकाबंदी कराई, लेकिन लुटेरों का सुराग नहीं लगा। जांच अधिकारी एसआई जगदीश प्रसाद ने बताया कि लूट की वारदात शिवदासपुरा के गांव बोकडावास निवासी बनवारी लाल (29) के साथ हुई। शाम करीब 7:30 बजे वे पत्नी के साथ बाइक से वाटिका से घर लौट रहे थे। सूर्य नगर में पहुंचते ही बाइक सवार दो लड़के पीछे से आए। एक लड़के ने झपट्टा मारकर उनकी पत्नी के हाथ में लगा बैग छीनने की कोशिश की। मजबूती से बैग पकड़े होने के कारण बदमाश ने तेज झटका देकर बैग छीन लिया।

छीना-झपटी के कारण बाइक अनियंत्रित होने से बनवारी लाल और उनकी पत्नी रोड पर गिरकर घायल हो गए। बैग लूट की सूचना पर शिवदासपुरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घायल दम्पती का महात्मा गांधी हॉस्पिटल में उपचार करवाया। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि बैग में मोबाइल-कैश और डॉक्यूमेंट रखे थे। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर बाइक सवार लुटेरों की तलाश शुरू कर दी है।

## नए कक्षों का निर्माण, 40 लाख हुए खर्च



सीएसआर फंड के तहत एंटरप्रेन्योर ऑर्गेनाइजेशन जयपुर की ओर से तैयार हुए दूसरे राजकीय विद्यालय भवन का शुभारंभ किया गया।

**जयपुर, (का.सं.)।** नारी का बास, पंचायत समिति, झोटवाड़ा स्थित राजकीय उच्चा प्राथमिक विद्यालय की भामाशाहों ने सूरत बदल दी है। आधुनिक सुविधाओं से युक्त बच्चों को स्कूल भवन मिला है। भामाशाहों ने लगभग 40 लाख रुपए की लागत से स्कूल के बुनियादी ढांचे में सुधार करवाया है। सीएसआर फंड के तहत एंटरप्रेन्योर ऑर्गेनाइजेशन जयपुर की ओर से तैयार हुए इस दूसरे राजकीय विद्यालय भवन का शुभारंभ रविवार को किया गया। पहला विद्यालय हाथोज के नाहर वाली ढाणी स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय था। अब यह सरकारी स्कूल निजी स्कूल को भी टक्कर दे रहा है।

संस्था अध्यक्ष सिद्धार्थ तोतुका ने बताया कि स्कूल में पांच नई कक्षाओं का निर्माण करवाया गया है।

- भामाशाहों ने बदली एक और सरकारी स्कूल की सूरत

जिससे शिक्षकों को स्कूल में काम करने के लिए सकारात्मक माहौल मिले। एंटरप्रेन्योर ऑर्गेनाइजेशन के करीब सौ सदस्यों ने मिलकर स्कूल के लिए यह फंड एकत्र किया। सीएसआर टीम के शरद मिश्रा, रितिका डाटा, प्रीति सिंघल और योगिता तोतुका का विशेष योगदान रहा। इस कार्यक्रम के दौरान बच्चों को अध्ययन सामग्री किट भी वितरित किए गए। गौरतलब है कि स्कूल भवन जर्जर हालत में था, जिससे हादसा होने का डर बना रहता था। बच्चे खुले आसमान के नीचे में शिक्षा लेने को मजबूर हो रहे थे।

## जयपुर रनर्स क्लब में विष्णु टांक को जोनल डेयरेक्टर पद



**जयपुर, (का.सं.)।** हर इंसान का जुनून ही हर कार्य को पूरा करता है आज वही जयपुर के विष्णु टांक का दौड़ और हेल्थ के प्रति ऐसा जुनून है कि आज वह वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर बन गए। लक्ष्य भी ऐसा कि एक बार फिर रनर्स क्लब में टांक दूसरी टाइम जोनल डायरेक्टर बन गए। टांक लोगों को स्वास्थ के प्रति जागरूक रहने का संदेश भी हमेशा देते रहते है। बुधवार को जयपुर रनर्स क्लब की नयी कार्यकारिणी का गठन किया गया। हेल्थ अवेयरनेस के लिए जयपुर शहर में 10 जोन बनाए गए हैं और 25 से अधिक जोनल डायरेक्टर बनाए गए हैं। क्लब की नयी कार्यकारिणी एवं जोनल डायरेक्टर्स को शपथ दिलाई गई। सभी ने स्वच्छता का संदेश की बात कही। सांसद मंजू शर्मा, डिप्टी मेयर पुनीत कर्णावट और सुरेश मिश्रा ने जवाहर सर्किल जोन से विष्णु टांक जोनल डायरेक्टर का ट्रॉफी देकर सम्मान किया। जयपुर रनिंग क्लब के सभी नए सदस्यों को टीशर्ट और बैज लगाए गए। जोन में दिनेश चौधरी, नितिका, पूजा, रितिका, प्रदीप का भी सम्मान किया गया। भावना पारीक को जॉइंट सेक्रेटरी बनाया। हर दिन रनिंग करने और शहरवासियों को भी रनिंग के लिए अवेयर करने का संकल्प लिया।

# 41 जोड़े बंधे परिणय सूत्र में

**जयपुर, (का.सं.)।** अखिल भारतीय हरियाणा गौड़ ब्राह्मण महासभा द्वारा विशाल सामूहिक विवाह समारोह गंगा दशमी रविवार को श्री सिद्धपीठ बैनाडा धाम बस्सी में 1008 श्री रामदयाल दास

- अखिल भारतीय हरियाणा गौड़ ब्राह्मण समाज का 21वां सामूहिक विवाह सम्मेलन सम्पन्न

महाराज के मंत्र उच्चारण के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता हरियाणा ब्राह्मण समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष बिरदी चन्द शर्मा ने की। सम्मेलन में हरियाणा गौड़ ब्राह्मण समाज के 41 जोड़े विधि विधान के द्वारा हजारों समाज बंधुओं की संख्या में एक दूसरे के हमसफ़र बने और एक-दूसरे का साथ निभाने का वचन लिया।

सम्मेलन में रविवार को सुबह निकासी, तोरण, वर माला के बाद फेरो का आयोजन हुआ। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने



हरियाणा गौड़ ब्राह्मण समाज के 41 जोड़े विधि विधान से एक दूसरे के हमसफ़र बने।

बताया कि समारोह में देशभर से समाज के लगभग 20- 25 हजार समाज बन्धुओं ने भाग लिया,समाज के दानदाताओं की ओर से नव विवाहितों को समिति के माध्यम से उपहार दिया गया ,बताया की सामूहिक सम्मेलन में समाज को नई दिशा सहित फिजूलखर्ची की रोकथाम व समाज में फैली कुरीतियों के लिए भी संदेश दिया। सामूहिक विवाह सम्मेलन में पूरे भारतवर्ष के सभी जिलों से समाज के लोगो ने भाग लिया। विवाह सम्मेलन में आये सभी समाज बन्धुओं ने नव विवाहित जोड़ो को आशीर्वाद दिया।

सम्मेलन में भामाशाहों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। जयपुर शहर पूर्व सांसद रामचरण बोहरा, जयपुर शहर सांसद मंजू शर्मा, जमवारामगढ़ विधायक महेंद्रपाल मीणा, पूर्व अध्यक्ष विप्र कल्याण बोर्ड महेश शर्मा, एस डी शर्मा,पार्षद गिर्राज शर्मा , पार्षद अरूण शर्मा ने शिरकत की । अखिल भारतीय हरियाणा गौड़ ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बिरधी चंद शर्मा , राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष कैलाश बसवाला दुर्गापुरा , राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष रामनारायण कांजला , राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष शंभु कुईवाला, राष्ट्रीय महामंत्री सिताराम शर्मा अलियाबाद , सहमहामंत्री बंशी बोहरा, सह कोषाध्यक्ष गोपाल गोगोरिया गोविंदपुरा, राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष रमेश मावावाले , राष्ट्रीय संयोजक सुभाष गोगोरिया , राजस्थान प्रदेशाध्यक्ष युवा संघ दुर्गा शंकर शर्मा उदाला , रमेश गोगोरिया(गोविंदपुरा) एवं कार्यकारी समिति के सभी सदस्य मौजूद रहे।

## सार-समाचार

### दो वाटर कूलर लगवाए



**जयपुर, (का.सं.)।** घी वालों का रास्ता में व्यापार संघ एवं भामाशाहों के सहयोग से गंगा दशमी के पावन पर्व पर दो वाटर कूलर लगाए गए। वाटर कूलर का उद्घाटन पार्षद कुसुम यादव और पूर्व पार्षद एवं चेयरमैन अजय यादव ने फीता काटकर किया। व्यापार संघ के पदाधिकारी ने पार्षद कुसुम यादव और पूर्व पार्षद एवं चेयरमैन अजय यादव का माला एवं दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया। व्यापार संघ के अध्यक्ष नीरज लुहाड़िया ने बताया कि एक वाटर कूलर रमेश और अनिल अग्रवाल के माता-पिता की पुण्य स्मृति और दूसरा वाटर कूलर गोविंद सोनी और व्यापारियों के सहयोग से भेंट किया गया। व्यापार संघ के सभी सदस्यों ने जनप्रतिनिधियों और भामाशाहों का इस पुनीत कार्य के लिय धन्यवाद ज्ञापित किया। इस दौरान रमेश अग्रवाल अनिल अग्रवाल गोविंद सोनी कुंदन लाल पठानी भवानी संजय भूषण नरेंद्र अक्षय यादव राहुल द्विवेदी झाबक सहित व्यापारी बंधु और अन्य लोग उपस्थित रहे।

### महिला से डरा धमका कर दुष्कर्म किया

जयपुर। खोह नागोरियान इलाके में चाकू की नोक पर एक महिला से रेप करने का मामला सामने आया है। अश्लील वीडियो बनाकर आरोपी ने ब्लैकमेल कर रुपए ऐंठे। वीडियो वायरल नहीं करने की एवज में 50 हजार रुपए की डिमांड की। मामले की जांच थानाधिकारी प्रोविजनल आईपीएस विशाल जांगिड़ कर रहे हैं। पुलिस ने बताया खोह नागोरियान निवासी 32 साल की महिला ने मामला दर्ज करवाया कि पिछले करीब 5 महीने पहले मिस कॉल के जरिए सौरभ मीना से बात हुई थी। जान-पहचान नहीं होने के कारण आरोपी सौरभ से बात करने से मना कर दिया था। आरोप है कि उसके बाद आरोपी सौरभ उसे लगातार कॉल कर परेशान करने लगा। रास्ते में मिलने पर चाकू दिखाकर जान से मारने की धमकी देकर अपनी गाड़ी में बैठा लिया। चाकू की नोक पर नशीला पेय पिलाकर बेहोशी की हालत में रेप किया। दुष्कर्म कर अश्लील वीडियो भी बना लिया। वीडियो उसके मोबाइल पर भेजकर ब्लैकमेल कर रुपए ऐंठने लगा। रुपए नहीं देने पर पति को अश्लील वीडियो भेजकर वायरल करने की धमकी देकर 50 हजार रुपए की डिमांड की। ब्लैकमेलिंग से परेशान होकर पीड़िता ने खोह नागोरियान थाने में आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई।

### सहकर्मी ने किया महिला से रेप

**जयपुर।** शिवदासपुरा थाना इलाके में एक सहकर्मी के महिला से रेप करने का मामला सामने आया है। मामले की जांच एसीपी चाकसू सुरेंद्र सिंह कर रहे हैं। पुलिस ने बताया कि सांगानेर निवासी 33 साल की महिला ने मामला दर्ज करवाया कि मार्च-2022 में उसने एक कंपनी में जॉब जॉइन किया था। कंपनी में सहकर्मी अनिल यादव ने अकेला पाकर जबरन उससे रेप किया। विरोध करने पर डराया-धमकाया। कंपनी छोड़कर दूसरी जगह पीड़िता ने जॉब करना शुरू कर दिया। अप्रैल-2024 में आरोपी ने घर में घुसकर दोबारा उससे रेप किया। मोबाइल में उसके अश्लील फोटो खींच लिए। लगातार पीछा कर अश्लील फोटोज को वायरल करने की धमकी देने लगा। ब्लैकमेलिंग से परेशान होकर पीड़िता ने आरोपी अनिल यादव के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई।

### संभाग प्रभारी नियुक्त

**जयपुर।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी के निर्देशानुसार भाजपा ओबीसी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष चंपालाल गेदर द्वारा संगठन कार्य को गति देने हेतु संभाग प्रभारियों की नियुक्ति की गई जिसमें अजमेर संभाग प्रभारी पुष्कर तेली, भरतपुर संभाग प्रभारी राजेंद्र जांगिड़, बीकानेर संभाग प्रभारी सुनील यादव, कोटा संभाग प्रभारी शशि प्रकाश प्रजापत, जयपुर संभाग प्रभारी फूलचंद कुमावत, जोधपुर संभाग प्रभारी जगदीश सुथार, उदयपुर संभाग प्रभारी महेंद्र सिंह पंवार की नियुक्ति की गई। उक्त नियुक्ति से पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं में उत्साह है।

### शिविर में 187 मरीजों की जांच

**जयपुर, (का.सं.)।** शेखावाटी अग्रवाल समाज संस्था के बैनर तले व संजय एंड ज्योति अग्रवाल फाउंडेशन के सौजन्य से 137वाँ निशुल्क लैंस प्रत्यारोपणृ शिविर रविवार को महाराजा अग्रसेन हॉस्पिटल सेक्टर 7 विद्याधर नगर जयपुर में आयोजित किया गया। जिसमें 187 मरीजों ने आंखों की जांच करवाई, जिसमें 136 व्यक्तियों को चश्मे वितरण किए गए एवं 11 व्यक्तियों को ऑपरेशन के लिए चयनित किया गया। शिविर में संस्था के सदस्य नथमल बंसल, विनोद गुप्ता, अनिल कुमार सिंगडोदिया , सुरेश कुमार अग्रवाल, सुरेश सिंगडोदिया, बजरंग लाल गर्ग, शिवकुमार जालान, दिलीप अग्रवाल, नाथूराम बीजाका, सुरेश भूतिया, मुकेश मीणा, राजेंद्र सिंह उपस्थित हुए।

### राज्यपाल ने पूजा अर्चना की

**जयपुर, (का.सं.)।** राज्यपाल कलराज मिश्र रविवार को आगरा रोड स्थित श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर पहुंचे। मिश्र ने वहां भगवान लक्ष्मीनारायण की स्तुति की। मंदिर परिसर में ही उन्होंने भगवान शिव की भी विधिवत पूजा-अर्चना कर जलार्पण कर राष्ट्र की खुशहाली और समृद्धि के लिए कामना की।

## ब्राह्मण समाज का वैवाहिक युवक-युवती परिचय सम्मेलन अगस्त में

**जयपुर, (का.सं.)।** ब्राह्मण समाज राजस्थान की ओर से वैवाहिक युवक युवति परिचय सम्मेलन का आयोजन आगामी 4 अगस्त को जयपुर के विद्याधर नगर में आयोजित किया जाएगा। इसकी तैयारियों को लेकर रविवार को सीकर रोड

- संचालन समितियों का गठन, 20 जुलाई तक होंगे रजिस्ट्रेशन

स्थित प्रधान कार्यालय में प्रदेश पदाधिकारियों की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रदेशाध्यक्ष अंबिका प्रकाश पाठक ने सम्मेलन के सुचारू समापन के लिए संचालन कमेटियों का गठन किया। इसमें 7 प्रमुख कमेटियां बनाकर पदाधिकारियों को उनकी जिम्मेदारी दी गई।



वैवाहिक युवक युवती परिचय सम्मेलन की तैयारियों को लेकर प्रदेश पदाधिकारियों की बैठक हुई।

प्रदेशाध्यक्ष अंबिका प्रकाश पाठक ने बताया कि सम्मेलन का आयोजन विद्याधर नगर स्थित उत्सव सेक्टर दो में करने का निर्णय किया गया है। इसके साथ ही कार्यक्रम के लिए प्रचार प्रचार समिति, भोजन समिति, अतिथि स्वागत समिति, धन व्यवस्था समिति, परिचय सम्मेलन मधुर मिलन स्मारिका समिति का गठन किया गया है। इसके साथ ही तय किया गया कि परिचय सम्मेलन के लिए देशभर के विभिन्न प्रदेशों के ब्राह्मण समाज के युवक युवतियों के रजिस्ट्रेशन किए जाएंगे और इसके लिए आनलाइन फार्म जमा किए जाएंगे। वहीं आनलाइन फार्म जमा करवाने की अंतिम तिथि भी 20 जुलाई निर्धारित की गई है। उन्होंने आनलाइन फार्म के लिए बनाए गए लिंक को भी समाजजनों के लिए जारी किया। पाठक ने बताया कि ब्राह्मण समाज के शादी योग्य युवक युवति परिजनों की सहमति से दिये गये लिंक पर अपना फार्म जमा करवा सकते है। इसके अलावा रजिस्ट्रेशन फार्म डाक के माध्यम से या व्यक्तिशः कार्यालय में उपस्थित होकर भी करवाया जा सकता है। बैठक में प्रदेश महिला मोर्चा की अध्यक्ष एवं कार्यक्रम संयोजक डॉ. शारदा शर्मा, एडवोकेट सुषमा पारीक, किरण पुरोहित, प्रदेश प्रवक्ता गोपाल भारद्वाज चेतावाला, प्रदेश मीडिया प्रभारी अशोक आचार्य, प्रदेश प्रचार प्रसार मंत्री बनवारी लाल शर्मा, जिला अध्यक्ष भुवनेश तिवारी, प्रदेश उपाध्यक्ष शशिकांत शर्मा, महेश शर्मा पबालिया, कमल जोशी, अनीश शर्मा, सचिन शर्मा, चंदन बसोदिया, जमनालाल शर्मा, दामोदर प्रसाद शर्मा, गोवर्धन प्रसाद शर्मा, सनत कुमार गौतम, जेपी शर्मा सहित अन्य पदाधिकारी शामिल हुए।

## खुली जेल से बंदी फरार

**जयपुर।** सांगानेर स्थित खुली जेल से हत्या के मामले में सजा काट रहा एक एक बंदी फरार हो गया है। आरोपी सुबह काम पर गया था। शाम को रोल कॉल में नहीं आया तो उसके फरार होने का पता चला। इस पर खुली जेल इंचार्ज ने मालपुरा थाने में मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार खराना जमवारामगढ़ निवासी 48 वर्षीय विनोद पुत्र तोताराम हत्या के मामले में सांगानेर स्थित डॉ. सम्पूर्णानंद खुला बंदी शिविर में सजा काट रहा था। 13 जून को वह काम पर गया था। शाम को रोल कॉल पर नहीं आया।

# ढोलबाजी गैंग के दो बदमाश गिरफ्तार

## चालीस से अधिक चोरी और नकबजनी के मामले दर्ज

**जयपुर।** राजधानी की एयरपोर्ट थाना पुलिस ने शनिवार को ढोलबाजी गैंग के दो बदमाश सुनील धानका और बिहारी लाल को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से लाखों रुपए के सोने-चांदी के आभूषण, नकब, पेचकस, चोरी की बाइक और एक मारुति कार बरामद की है।

आरोपियों के खिलाफ 40 से अधिक नकबजनी और चोरी के मामले दर्ज हैं। पुलिस ने 50 किलोमीटर तक पीछा कर दोनों बदमाशों को गिरफ्तार किया। पीछा करने के दौरान एक बदमाश के पैर में दीवार कूदने से चोट भी लगी।

चलती ट्रेनों में मुंबई तक की चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले इन बदमाशों ने जयपुर के एयरपोर्ट थाना इलाके में एक मकान को निशाना बनाया था। वहां से लाखों रुपए के आभूषण, नगदी और अन्य सामान चुराकर फरार

- पुलिस ने 50 किलोमीटर तक पीछा कर दोनों बदमाशों को गिरफ्तार किया।
- पीछा करने के दौरान एक बदमाश के पैर में दीवार कूदने से चोट भी लगी।

हो गए थे।

दोनों बदमाशों की दोस्ती 1996 से है और तब से ये लगातार नकबजनी और चोरी की वारदातों को अंजाम देते आ रहे हैं। फिल्मी अंदाज में वारदातें करने वाले ये बदमाश हर बार जेल से छूटने के बाद फिर से चोरी और नकबजनी की घटनाओं को अंजाम देते थे।

## जहर खाकर युवक ने जान दी

**जयपुर।** मुहाना थाना इलाके में शनिवार रात एक युवक ने जहर खाकर जान दे दी। जांच अधिकारी एएसआई छग्गन लाल ने बताया कि मदाऊ सांगानेर निवासी संदीप सांसी (30) ने सुसाइड किया है। शनिवार रात को उसने घर पर जहर पी लिया। तबीयत बिगड़ने पर परिजनों ने तुरंत उसे हॉस्पिटल पहुंचाया। डॉक्टर्स ने इलाज के दौरान संदीप को मृत घोषित कर दिया।

मेडिकल सूचना पर मुहाना थाना पुलिस हॉस्पिटल पहुंची। पुलिस ने रविवार दोपहर पोस्टमॉर्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। मृतक की पत्नी लक्ष्मी देवी ने अपने पीहर पक्ष के लोगों के खिलाफ पति को आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगाकर मामला दर्ज करवाया है। मृतक की पत्नी लक्ष्मी देवी ने पुलिस को बताया कि उसके पीहर पक्ष के लोगों ने 13 जून को घर आकर तोड़फोड़ की। उसके पति संदीप के साथ भी मारपीट की थी। इस कारण पति परेशान थे। शुक्रवार दोपहर को रामपुरा रोड पर पति को देखकर जानलेवा हमला किया गया था। आरोपियों के टॉर्चर से परेशान होकर पति संदीप ने सुसाइड का कदम उठाया।

# एमपी से जयपुर लाकर प्रेमी ने प्रेमिका की हत्या की

## पुलिस ने आरोपी प्रेमी को रेप और हत्या के मामले में गिरफ्तार किया

**जयपुर।** बिंदायका इलाके में दो दिन पहले लहूलुहान हालत में मिली 15 साल की नाबालिग की इलाज के दौरान मौत हो गई। मामले में पुलिस ने नीमच (एमपी) के एक युवक अर्जुन प्रजापति (19) को रेप और हत्या के मामले में गिरफ्तार किया है। आरोपी ही नाबालिग को नीमच से भगाकर जयपुर लाया था। यहां दोनों नीमेड़ा में किराए पर रह रहे थे। पुलिस ने मृतका के परिजनों को घटना की जानकारी दे दी है। परिवार के आने के बाद मृतका का मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम किया जाएगा।

बिंदायका थाना सीआई भजनलाल ने बताया कि एमपी के युवक के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। 14 जून को दोपहर 3 बजे दोनों के बीच में विवाद हुआ था। आरोपी अर्जुन ने नाबालिग लड़की के सिर पर तवे से वार कर दिया। इससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गई थी। नाबालिग को मरा हुआ समझ कर आरोपी मौके से भाग निकला था। स्थानीय

- आरोपी नाबालिग को नीमच से भगाकर जयपुर लाया था और यहां दोनों नीमेड़ा में किराए पर रह रहे थे
- परिवार के आने के बाद मृतका का मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम किया जाएगा

लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर गई तो किशोरी की सांस चल रही थी। इस पर पुलिस ने उसे अस्पताल में भर्ती करवाया। रविवार सुबह 4 बजे उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने बिंदायका थाने में एफआईआर दर्ज कर आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को रविवार को कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया गया है। वहीं मृतका के परिजनों को घटना की जानकारी दे दी हैं।

आरोपी ने पुलिस पूछताछ में बताया कि वह घर से बाहर जाने के लिए निकला था। नाबालिग उसे बार-बार रोक रही थी। इसके कारण उसे गुस्सा आ गया था। इस पर दोनों के बीच बहस हुई। आरोपी ने तवे से हमला कर दिया। सिर पर चोट लगने से नाबालिग जमीन पर गिर गई। इसके बाद रात को वापस घर आया तो उसे पता चला कि उसकी नाबालिग बेहोश हो गई थी। इस पर वह एसएमएस अस्पताल पहुंचा। यहां पर पुलिस ने पकड़ लिया।

मृतका और आरोपी दोनों नीमच के रहने वाली है। दोनों 10 जून को ही नीमच से जयपुर आए थे। युवक यहां पर पहले से घरों में पुट्टी लगाने का काम करता था। नाबालिग के परिवार ने नीमच में आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई थी।



## Global Garbage Man Day

Just imagine what the world would be like if you had to live without the services of your local, friendly garbage professional. There would be mountains of trash piled up outside every home and business. And it would stink! Fortunately, there is a group of tenacious and dedicated people out there, who periodically collect and dispose of your refuse. *Global Garbage Man Day*, therefore, is a chance for everyone to stop whatever they are doing and spend a little time appreciating the hard work of these diligent souls.



#J'ADORE

# Elevate Your Bridal Look

Here is our edit of the hautest *bridal nose ring* designs


Decadent, intricately crafted, and exquisite *nose rings* have been an inseparable part of *bridal jewellery* in India. Whether you're an old-school maximalist or a minimalist modern bride, here is our edit of the hautest *bridal nose ring* designs.

## Minimal (yet graceful) Hoops




Simple and elegant, a classic *minimal hoop* is a way to go. You can never go wrong with them and can always depend on their sure-shot charm.

## Kundan Is Here To Stay




Intricate *Kundan work* resonates with bridal jewellery in India. What makes Kundan one of a kind is their versatility. Invest in pieces that can be looped in, for functions other than your wedding ceremony.

## Multiple Chains




Think of traditional bridal nose ring designs and *multiple chains* become an obvious choice. If you are planning to opt for smaller hoops, you can always attach multiple chains to them.

## Traditional Motifs



South Indian temple jewellery *naths* are a great option if you are looking to add a royal touch to your bridal look. *Motifs* like fish, temples and mango motifs add that much-needed traditional charm, especially if you are opting for *Benarasi* or raw silk *lehengas*.

# ID-UZ-ZUHA DOWN THE AGES




Qutab Minar.

The main celebrations were, according to contemporary accounts, limited to areas like *Nizamuddin*, *Qutub Minar* and *Purana Qila*. The *Punjabi Muslim Katra*, demolished to make way for the railway station, was virtually relocated in Kishanganj. However, considering that the trade in hides and skins was still centered in Delhi, it is quite feasible that enough animals were being slaughtered.



Bahadur shah Zafar in exile.



Ronald Vivian Smith
*Subaltern Historian & Raconteur*

#ID MUBARAK



Purana Kila.

When the *Prophet* Abraham or Ibrahim saw God in a dream, he was commanded to sacrifice his most loved possession to him. The patriarch was greatly troubled and got up with a start, wondering what to do. He had many sheep, rams and other animals, besides wives, concubines and slaves and an only son, until another one was born (not to a slave girl) but to his old wife, Sarah, when both she and he were long past the age of reproduction. So, after much thought, he decided to sacrifice his son Ishmael (according to Muslims, who was born of a maid, Hagar, and Sarah's offspring Isaac, as per the Jewish belief, also followed by Christians). The next morning, he told his son that they were going to offer a sacrifice to God on Mount Moriah and asked him to prepare for the journey. They took fuelwood and a firepot and embarked on the long trek to the mount. There, both father and son set up an altar, put the fuelwood on it, and when the son asked where the animal for sacrifice was, Abraham replied, "God will provide it." He then bound his son and put him on the stone altar and took out a knife to sacrifice him. Just as he lifted up his hand to do so, an angel appeared and told him to desist, for God was convinced that he loved 'him' more than even his dearest possession. Suddenly, a ram emerged, and was caught by its horns in a thorn bush. Abraham sacrificed the ram, unbound his son and returned home.

This is the event which is celebrated as *Bakr-Id*, now better known as *Id-uz-Zuha* or *Id-ul-Adha*, on which the Hajj pilgrimage also culminates at Kaaba, where Abraham had built a house of God, 4,000 or so years ago, with its sacred Black Stone. Somehow, Jews and Christians don't celebrate the sacrifice of Abraham as *Id* but only Islam has adhered to the perpetuation of the episode, though, it came into being over 600 years after Christ. But Jews and Christians continue to honour Abraham in other ways as they regard him as their 'Father in faith.'

One remembers that in the pre-partition days, Bakr-Id was marked by sacrifices in nearly every well-to-do home, except for those on the poverty line, who pooled money and offered a combined sacrifice, though, goats and sheep did not cost so much then. That was the time when there were no restrictions on sacrificing bigger animals and cows and buffaloes were also chosen for '*qurbani*.' Some even sacrificed camels, like Usman *Sahib*, though, in Arabia, they once probably also included horses for the purpose. It is pertinent to remember that there were no cows there, in significant number, and so, there was no question of their sacrifice.



Hazrat Nizamuddin.



To go back to the pre-Independence days, a *Nawab's kothi* was the place where the largest number of '*qurbanis*' took place, and the butcher was *Qayyam*, who divided goat and sheep parts, keeping the best portions for the *Nawab's* household and the entrails and others for distribution to the poor, among whom were the *Sheikh Mehtars* or sweepers who had embraced Islam. Qayyam is long dead and so also the *Nawab Sahib*, F. Z. Khan Sherwani, and his children and the *kothi* is now a divided property among those not even related to him, with part of it becoming a school, and the portion occupied by the servants and the resident *Dhoban* and her family also in the possession of encroachers, after the building and its vast compound were declared evacuee property post-1947, with the *nawabzadas* and *nawabzadis* migrating to Karachi, Lahore and Rawalpindi after the death of their parents, who are both buried at the Sayyidna in Agra.


During the last years of his reign, Bahadur Shah Zafar had imposed a complete ban on 'cow slaughter' in keeping with the tradition set by his ancestor, Akbar the Great. The order may have been flouted in the villages around about, but in the year preceding the Great Revolt of 1857, the ban was strictly enforced in the urban area to strengthen communal harmony. Zafar may have heard rumours about the gathering storm that was to strike North India but his subjects knew more about it, even before the lotus and the *chapati* began to make their rounds over hundreds of miles. It was *Hakim* Ahsanullah Khan, who had cautioned the emperor that things were not as calm as they appeared ("*Fiza kharab hai*" were supposed to be the actual words) according to Munshi Turab Ali. His kinsman, *Maulvi* Rajab Ali, was maligned, following the murder of the emperor's sons and grandson by Lt. William Hodson, who claimed to have got wind of Zafar's presence at Humayun's Tomb on 21st September, 1857 through him. The descendants of the *Maulvi* and *Munshi,* however, refute this vehemently. Meanwhile, animal sacrifices continued.

When the British regained control over Delhi, they were told by their spies, during the Bakr-Id about 160 years ago (when Zafar was being sent into exile) that though, the prominent Muslim families had been banished from the city, the rural areas, where they had found shelter, were still seething with unrest and that it would be better if only sheep and goat slaughter was allowed to prevent communal clashes, which may have repercussion in Delhi proper where the big *Hindu* families had been allowed to remain. *Ghalib*, says Dr. Narayani Gupta, lamented that upto 1869, there were mostly Hindu '*Sahukars*' and the Muslim merchants, who could be compared to them, were not more than three. Bakr-Id was not as gay as it used to be, although, the *Parsi* and other shops were well stocked. The main celebrations were, according to contemporary accounts, limited to areas like *Nizamuddin*, *Qutub Minar* and *Purana Qila*. The *Punjabi Muslim Katra*, demolished to make way for the railway station, was virtually relocated in Kishanganj. However, considering that the trade in hides and skins was still centered in Delhi, it is quite feasible that enough animals were being slaughtered once again.

Lala Chunnamal was the wealthiest merchant, but his riches mostly came from the piece goods business. At least, this is what the controversial *Bholanath Chunder* made widely known, even though, it was more of a generalization than a fact. It was about that time that Qurban Ali, a *Punjabi Muslim* merchant approached the *Khatri* Lala Chunnamal with the request to relinquish control of Fatehpuri *Masjid* so that Bakr-Id could be celebrated with joy once again. Chunnamal took an assurance from him that there would be no slaughter of cows. Qurban Ali, with great bravado, promised that it would be so, though, the butchers, who had a side business in big hides, told him in no uncertain terms that such a promise would hit their business. Thereupon, Qurban Ali gave his word of honour that he would compensate them for the loss that they might suffer. This was taken with the proverbial 'pinch of salt' by the butchers but Qurban Ali kept his word, though, he suffered a big financial setback in the process. Chunnamal gave up possession of the mosque and *Eid namaz* was held in it again, in 1877. However, Qurban Ali did not survive long after that and died of the shock that the slump in his business and the taunts of his wives and many children gave him. Qurban Ali's sacrifice is part of oral history and there are no records to substantiate it. But many in the Walled City, up to 50 years ago, swore that he had lived up to his name, for '*Qurban*' means sacrifice. In the mid-1880s, when there was intense Hindu-Muslim rivalry, culminating in clashes before Bakr-Id, the *Tarwala Id-Milan mela* in Kishan Dass Gurwala's *bagh* was discontinued but resumed when peace between the two communities was restored.

Communal harmony was disturbed again in the 1920s, and all the pleadings by even *Hakim* Ajmal Khan went in vain. Some think that the legendary Hakim's death in 1926 at the age of 63 was the result of the blow that he had suffered to his prestige. One more thing associated with *Bakr-Id* or *Id-uz-Zuha* was that most of the *qurbanis* performed were on the hilly area, surrounding the *Idgah,* built in Aurangzeb's reign. Some are still carried out there but Qurban Ali's soul must be resting in peace now that no cows are slaughtered in the Capital. Even for goat and sheep sacrifice, policemen take an inventory by making a house-to-house check. Ironically, Lala Chunnamal's name survives while that of Qurban Ali's is almost forgotten.

*rajeshsharma1049@gmail.com*



Lala Chunnamal Haveli.

#LIVING IN HARMONY

# Animal Rights Awareness Week

The week aims to highlight the harsh realities that many animals face. These include poor living conditions, torture, abuse or participating in painful experiments for product testing.

*Animal Rights Awareness Week* is a significant event celebrated every year during the third week of June. This week is dedicated to educating people about the importance of *animal rights* 'globally.' It provides a platform to discuss how animals are unfairly used in industries such as entertainment, cosmetics, and science and encourages actions to promote their welfare. The week aims to highlight the harsh realities that many animals face. These include poor living conditions, torture, abuse or participating in painful experiments for product testing.

It also highlights the cruel treatment of animals in the food industry and the illegal exotic pet trade. The movement encourages individuals to adopt pets from shelters, support cruelty-free products, and consider a vegan or vegetarian diet as a way to contribute positively.




Celebrating *Animal Rights Awareness Week* involves various activities that everyone can participate in. People can volunteer at animal shelters, donate to animal welfare organizations, and educate others about animal rights. The week serves as a reminder of the ongoing struggles that animals face and the steps we can take to ensure that they are treated with compassion and respect.

## History



*Animal Rights Awareness Week* began in 1991, created by the activist group *'In Defense of Animals.'* It emerged from a longstanding history of advocating for the ethical treatment of animals, drawing from deep-rooted beliefs in non-violence, found in ancient Indian religions like Jainism, Buddhism, and Hinduism. These beliefs stress kindness and respect for all living beings, principles that have guided *animal rights movements* through the centuries.

Throughout history, various cultures have implemented practices aimed at reducing harm to animals. For instance, the concept of *ahimsa* (non-violence) in ancient India led to significant religious and social movements, advocating for the humane treatment of animals.

Over time, this laid the groundwork for modern animal rights movements, including the establishment of the first animal welfare laws and organizations in the 19th century. By the late 20th century, these efforts coalesced into more formalized efforts like Animal Rights Awareness Week.

This dedicated week aims to highlight the plight of animals suffering worldwide due to industries like farming, entertainment, and research. It encourages public participation in promoting animal welfare through education, support for cruelty-free products, and a push towards dietary choices that respect animal lives. Each year, *Animal Rights Awareness Week* serves as a reminder of the ongoing challenges that animals face, and the steps we can take 'as a society' to advocate for their rights and well-being.










## How to Celebrate

***Celebrating*** *Animal Rights Awareness Week* can be both fun and impactful! Here are some playful ways to take part.


- **Become a Cruelty-Free Shopper**
  **Raid** your cabinets and makeup bags for any *non-cruelty-free items*, and say goodbye! Opt for products with a bunny logo, they're the good guys, not tested on any of our animal buddies. It's a shopping spree with a conscience!
- **Host a Vegan Bash**
  **Throw** a *plant-based party* and show your friends how delicious cruelty-free eating can be. Whip up some vegan treats or have a potluck. Who says that saving animals can't be tasty? Let's eat to that!
- **Educate Yourself and Others**
  **Grab** a *book or stream a documentary* on animal rights. Knowledge is power, and it's contagious! Share your findings with friends or on social media. With your newfound wisdom, ignite the spark of advocacy.
- **Adopt, Don't Shop**
  **Consider** giving a *forever home* to a furry friend in need. Adoption is the new black, and it's always in style. If you're not ready to adopt, fostering is like a test drive for pet ownership, equally heroic!

## THE WALL




## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# सिद्धमुख में बिजली व पानी की किल्लत से परेशान ग्रामीणों का गुस्सा फूटा

## गुस्साए ग्रामीणों ने राजगढ़-भादरा सड़क मार्ग को जाम किया, वाहन चालक परेशान हुये

**सादुलपुर, (निसं)।** भीषण गर्मी में बिजली व पानी की किल्लत से परेशान ग्रामीणों का गुस्सा रविवार सुबह आठ बजे ही फूट पड़ा, जिसके चलते गुस्साए ग्रामीणों ने राजगढ़-भादरा मार्ग पर जाम कर दिया। इस दौरान ग्रामीणों ने राजकीय विद्यालय व शनिदेव मंदिर के पास सड़क को जाम कर जकर विरोध प्रदर्शन किया तथा शनिदेव मंदिर के पास मुख्य सड़क पर टैंट लगा कर धरना-प्रदर्शन शुरू कर दिया।



बिजली व पानी की समस्याओं को लेकर सिद्धमुख में ग्रामीण धरने पर बैठे।

सिद्धमुख के ग्रामीणों ने बताया कि भीषण गर्मी में कस्बे के लोगों को बिजली व पानी की किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। कहीं बिजली की लाइनों में फाल्ट आ रहा है, तो कहीं वोल्टेज कम आने की समस्या बनी है, तो कहीं पर रात और दिन में कई-कई घंटे तक लगातार बिजली आपूर्ति बाधित हो रही है। इसे लेकर लोगों का गर्मी में बुरा हाल बना है। लोगों को पेयजल की किल्लत से भी जूझना पड़ रहा है। लोग पानी की बूंद-बूंद को तरसने को मजबूर हैं। ग्रामीणों ने कहा कि भीषण गर्मी के प्रभाव से क्षेत्र में तापमान बढ़ता जा रहा है और ऐसे में कस्बे के लोग बिजली-पानी की समस्या से जूझ रहे हैं। गर्मी में लोगों को बिजली और पानी की जरूरत सबसे ज्यादा होती है, लेकिन विद्युत निगम बिजली आपूर्ति देने और जलदाय विभाग पेयजल आपूर्ति करने में पूरी तरह विफल रहा है।

ग्रामीणों ने सिद्धमुख कस्बे में बिजली-पानी की समस्या को लेकर सभी अधिकारियों से अनेकों बार ज्ञापन के माध्यम से बिजली-पानी की सप्लाई दुरस्त करवाने की मांग की तथा हर बार आश्वासन दिया गया, लेकिन समस्या जस की तस बनी रही। ऐसे में प्रशासनिक अधिकारियों के प्रति आक्रोशित ग्रामीणों ने राजगढ़-भादरा सड़क मार्ग को पूरी तरह से बन्द कर धरना-प्रदर्शन शुरू कर दिया।

नरेश महला, कमल मेहरा, लालचंद छिम्पा, प्रधान ढाका, ओम किरोडीवाल, बलवंत जोशी, दयाचंद मेहरा, पिंटू चोपडा, ओम प्रकाश जांगिड, अमर सिंह देवर्थ, प्रेम रतेवाल, उमरद्दीन कुरैशी, रामकिशन चांदोरा, रामकुमार सिहाग, डॉ संजय खुडिया, खिन्नू राम किरोडीवाल, एडवोकेट रामनिवास बिरथलीया व प्रदर्शन में सैंकडों ग्रामीण शामिल हुए। इस दौरान ग्रामीणों ने कहा कि जब तक हमारी मांगें पूरी नहीं होती है तब तक धरना-प्रदर्शन जारी रहेगा। ग्रामीणों ने सिद्धमुख कस्बे में पानी की सप्लाई तुरंत प्रभाव से चालू करने व पेयजल आपूर्ति में नियमितता सूचारू किया जाने, सिद्धमुख जेइएन कार्यालय में जेइएन को लगाया जाए, बिजली के कम वोल्टेज की समस्या का स्थाई समाधान किया जाये, सिद्धमुख कस्बे के बीच से निकलने वाली 11 केवी की लाइन बदलकर रबड केबल लगाई जाए, सिद्धमुख कस्बे को बिजली आपूर्ति के लिए चार जोन में विभाजित किया जाये, बिजली और पानी के अवैध कनेक्शन पर कार्रवाई करते हुए चोरी को रोका जाये आदि मांगों को लेकर ग्रामीणों ने सात घण्टे तक प्रदर्शन जारी रखा।

> ■ लोगों को पेयजल की किल्लत से भी जूझना पड़ रहा है, पानी की बूंद-बूंद को तरसने को मजबूर हैं

इस दौरान सादुलपुर विधायक मनोज न्यांगली भी धरने पर बैठे ग्रामीणों के बीच पहुंचे। धरना स्थल पर विधायक मनोज न्यांगली को भी पैदल जाना पड़ा। इस दौरान उपखण्ड अधिकारी सुशील कुमार सैनी, जलदाय विभाग व विद्युत के एईएन, जेइएन व जलदाय विभाग के एक्सईएन भी मौका पर धरना स्थल पहुंचे। इस दौरान ग्रामीणों से करीब डेढ घंटे चली समझाइश के बाद ग्रामीण माने। जिसमें जलदाय विभाग के अधिकारियों ने सिद्धमुख कस्बे में नियमित एक टंकी पानी पहुंचाने, पेयजल लाइन में अवैध कनेक्शन को पैंट्रोलींग कर हटवाने व दोषियों पर कार्रवाई करने आदि बिंदुओं पर सहमति बनी। कई बिंदुओं पर सहमति बनने के बाद ग्रामीणों ने धरना-प्रदर्शन समाप्त कर दिया।

# बी.डी.के. अस्पताल के पालना गृह में नवजात बच्चा छोड़ा

## जयपुर ले जाते समय नवजात ने रास्ते में दम तोड़ा



बीडीके अस्पताल के चिकित्सकों ने नवजात बच्चे को बचाने की कोशिश की।

**झुंझुनूं, (निसं)।** राजकीय जिला बीडीके अस्पताल में शनिवार रात को पालना गृह में छोड़ कर गए नवजात की आखिरकार जान नहीं बचाई जा सकी। बीडीके अस्पताल के चिकित्सकों ने सीपीआर देकर बच्चे को बचाने की कोशिश की लेकिन करीब छह घंटे बाद ही बच्चे की जान चली गई। बच्चे का रविवार को मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम कराकर राजकीय शिशु गृह, पुलिस और नगर परिषद के सहयोग से मुक्ति धाम में दफनाकर अंतिम संस्कार किया गया।

जानकारी के मुताबिक राजकीय जिला बीडीके अस्पताल के पालना गृह में शनिवार रात को करीब साढ़े नौ बजे अज्ञात व्यक्ति पालना गृह की सीढियों में एक नवजात छोड़कर चला गया था, जिस वक्त चिकित्सकों ने संभाला तो शिशु की सांसें एकदम थमी हुई थी, लेकिन चिकित्सकों डॉ. जितेंद्र भांबू व डॉ. विजय झाझड़िया ने पूरी रात भर सीपीआर और हर्ट सपोर्ट मेडिकल ट्रीटमेंट देकर बच्चे की जान को एक बार तो बचा लिया और सेच्यूरेशन भी 80 प्रतिशत तक ला दिया।

इसके बाद भी बच्चे की हालत क्रिटिकल थी। ऐसे में उसे जयपुर के लिए रैफर किया गया, लेकिन जयपुर पहुंचने से पहले ही बच्चे की जान चली गई। बच्चे के शव को वापिस बीडीके अस्पताल लाकर मोर्चरी में रखवाया गया। बाल कल्याण समिति झुंझुनूं के निर्देश पर रविवार दोपहर को राजकीय शिशु गृह के मैनेजर मुकेश कुमार की मौजूदगी में कोतवाली थाने के एएसआई रामेश्वरलाल ने मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम कराया। फिर नगर परिषद की मदद से बच्चे का अंतिम संस्कार किया गया।

चिकित्सकों ने बताया कि बच्चे की डिलवरी में जल्दबाजी की गई थी। यही कारण है कि बच्चा जिंदा नहीं रह पाया। एक अनुमान के तौर पर बच्चा साढ़े सात महीने के करीब ही हुआ था। डिलवरी समय से पहले ही बच्चा पैदा करवाया गया। हालांकि बच्चा प्रशिक्षित चिकित्साकर्मी द्वारा या तो घर में या फिर किसी अस्पताल में पैदा करवाया गया। बच्चे का जन्म भी शनिवार सुबह या फिर दोपहर बाद को होने का अनुमान चिकित्सकों ने लगाया है। बहरहाल, तमाम कोशिशों के बावजूद बच्चे की जान नहीं बचाई जा सकी।

# महिला का अपहरण करने का प्रयास, पांच आरोपी गिरफ्तार

**उदयपुर, (कासं)।** प्रतापनगर थाना पुलिस ने तलाशी अभियान के दौरान महिला का अपहरण करने का प्रयास करने वाले पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया। जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर चलाए जा रहे तलाशी अभियान के दौरान प्रताप नगर थानाधिकारी भरत योगी के नेतृत्व में गठित दल एवं हॉक, चेतक, सिग्मा ने थाना क्षेत्र में स्थित होटल, रिसोर्ट व अन्य स्थानों की तलाशी अभियान शुरू किया।

इस दौरान कांस्टेबल राकेश नेहरा को सूचना मिली कि 6 लड़के टेपों स्टेण्ड वाली गली गणेशनगर पायड़ा में किसी महिला का अपहरण करने की फिराक में घूम रहे हैं। इस पर पुलिस दल ने मौके पर पहुंच कर साजिद खान पुत्र उस्मान खान निवासी बिजोपुर सेक्टर 58 फरीदाबाद हरियाणा, राशिद अली पुत्र अख्तर हुसैन निवासी खेड़ला नूंह हरियाणा, आवेश खान पुत्र सहाबुद्दीन निवासी भाजलका तावडु नुँह हरियाणा, अल्ताफ पुत्र सहाबुद्दीन खान निवासी भाजलका तावडु नूंह हरियाणा, अल्ताफ पुत्र सहाबुद्दीन खान निवासी भाजलका तावडु नूंह हरियाणा, आकिब हुसैन पुत्र सपात खन निवासी मस्जिद के पास शिकरावा पिनग्वा नूंह हिरयाणा को गिरफ्तार कर दो कारें बरामद की। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

# धमकी से परेशान युवक ने फांसी लगाकर जान देने की कोशिश की

**भीलवाड़ा, (निसं)।** शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र में दोस्ती करके एक युवक को नशे का आदी बनाने के बाद 4.80 लाख रुपये वसूल लेने व रुपयों की मांग कर पिस्तौल दिखाकर जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। धमकी से परेशान युवक ने फांसी लगाकर जान देने की भी कोशिश की है, जिसकी हालत अभी गंभीर बनी हुई है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, भोपालपुरा रोड यूआईटी कॉलोनी निवासी इजफार खान पठान (20) पुत्र मोहम्मद इकबाल पठान ने थाने में साहिल पाल पुत्र अनिल पाल निवासी न्यू हाउसिंग बोर्ड व सपताल बिल्डिंग के पीछे बड़ला चौराहा निवासी लालू उर्फ सौरभ आसनानी के खिलाफ केस दर्ज करवाया है। इजफार ने रिपोर्ट में बताया कि आरोपित दो वर्ष से उसके परिचित है। दोनों ने बातों और विश्वास में लेकर उसे अपना मित्र बना लिया। चार माह पहले साहिल पाल उसे धोखे से गुटखे में ड्रग्स मिलाकर खिलाने लगा। इससे उसे ड्रग्स के नशे की लत लग गयी। इजफार ने साहिल पाल से पूछा कि तुम मुझे गुटखे में क्या मिलाकर खिलाते हो। साहिल पान ने कहा कि यह एम.डी.एम.ए. (मिथाईल एनीडियोक्सी मेथामफेटामाईन) ड्रग्स है, जिसकी लत तुम्हें लग गयी है। अब यह तुम्हें लगातार लेना पड़ेगा वरना तुम्हें मरना पड़ेगा। इसके बाद आरोपित आपस में मिलीभगत कर ड्रग्स के नाम पर रूपये मंगवाते एवं डराते-धमकाते थे।

इजफार का आरोप है कि ये आरोपित उसे डरा-धमकाकर अब तक करीब 4 लाख 80 हजार रूपये जबरन वसूल कर चुके हैं। इजफार ने रिपोर्ट में बताया कि उसने रूपया देना बन्द कर दिया, तो वे आये दिन मारपीट कर जान से खत्म करने की धमकियां देने लगे।

# शातिर वाहन चोर गिरफ्तार, पांच बाइक बरामद

**बीकानेर, (निसं)।** वाहनों की बढ़ती चोरी की वारदातों के बीच कोटगेट थाना पुलिस ने एक शातिर व आदतन वाहन चोर को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस ने आरोपी से चोरी की पांच मोटरसाइकिलें बरामद कर ली है। आरोपी से पूछताछ में अन्य वारदातें खुलने की भी संभावना है।

पुलिस के अनुसार, तोलाराम शर्मा पुत्र राधाकिशन निवासी समता भवन के पास शिवा बस्ती गंगाशहर ने गत सात जून को कोयला गली से मोटरसाइकिल चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इस पर आईजी ओमप्रकाश, एसपी तेजस्विनी गौतम, एएसपी दीपक शर्मा व सीओ सिटी श्रवणदास सन्त के सुपरविजन में कोटगेट थाना प्रभारी मनोज कुमार शर्मा के नेतृत्व में टीम गठित की गई।

इस टीम ने आरोपी राहुल जावा पुत्र गोविन्दराम वाल्मिकी निवासी साधुना पीएस पांचू बीकानेर हाल किरायेदार शिव मन्दिर के पीछे शिवबाड़ी पीएस जेएनवीसी बीकानेर को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के पास से पांच मोटरसाइकिलें बरामद कर ली गई है। आरोपी से आगे मोटरसाइकिल खरीदने वाले जानकार रामवतार पुत्र कालूराम निवासी बागसरा आथुना पीएस सदर सुजानगढ़ को गिरफ्तार किया।

# 3100 लीटर घी सीज किया

**बीकानेर, (निसं)।** राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के अंतर्गत सीएमएचओ डॉ. राजेश कुमार की अगुवाई में बीछवाल में एक ट्रांसपोर्ट कंपनी पर कार्रवाई कर संदेहास्पद घी को सीज किया है। बताया जा रहा है कि यह घी गुजरात से आया श्रीगंगानगर कुमावत ट्रांसपोर्ट कंपनी से भेजा जा रहा था। पूछताछ में संतोषजनक जबाब व कागजात नहीं मिलने पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने इस घी को सीज कर दिया। कार्रवाई में खाद्य निरीक्षक भानूप्रताप सिंह गहलोत, श्रवण कुमार वर्मा भी शामिल रहे। गौरतलब है कि विभाग लगातार शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत कार्रवाई कर रहा है।

# दो करोड़ के लोन का झांसा देकर 10 लाख रुपए हड़पे

## पीड़ित ने जयपुर के चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराया

**अजमेर, (कासं)।** दरगाह थाने में दो करोड़ के लोन का झांसा देकर 10 लाख रुपए हड़पने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने जयपुर के चार जनों के खिलाफ दरगाह थाने में मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

दरगाह थाना पुलिस प्राप्त जानकारी के अनुसार पन्नीग्रान चौक जमेर निवासी सैयद रमीजुद्दीन ने थाने में लिखित शिकायत देते हुए चार लोगों के खिलाफ लोन का झांसा देकर 10 लाख रुपए हड़पने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। दर्ज रिपोर्ट में पीड़ित रमीजुद्दीन ने बताया कि दिनेश नरूका निवासी तिरवेडी नगर गोपालपुरा बाईपास जयपुर, पंकज माथुर निवासी शिप्रा पथ शिव मंदिर मानसरोवर जयपुर, धीरेन्द्र व्यास निवासी नित्यानन्द नगर वैशाली गांधी पथ क्लीन रोड जयपुर तथा सद्दाम हुसैन निवासी स्वर्ण पथ मानसरोवर जयपुर के खिलाफ मामला दर्ज कराया है।

पीड़ित ने रिपोर्ट में बताया कि उसकी मालिकाना सम्पत्ति अली महल मालाबार हाउस के नाम से पन्नीग्राम चौक पुलिस चौकी के पास स्थित है जिस पर लोन के लिए अपने परीचित प्रमिल विजयवर्गीय से सम्पर्क किया था, उसने दिनेश नरूका व पंकज माथुर से मुलाकात करवाई। दस्तावेज लेकर दो करोड़ के लोन की एवज में दस लाख रुपए मांगे। इसके बाद कागजात धीरेन्द्र व्यास को दिखाए और लोन करवाने का आश्वासन दिया।

इसके बाद 10 लाख रुपए अलग-अलग किश्तों में दिए। पैसे लेने के बाद 15-20 दिन के बजाय 6 माह तक लोन पास नहीं देकर परेशान किया तथा फोन भी नहीं उठाया। करीब 6 माह बाद वीवायएएस फाइनेन्स कंपनी ने मॉर्गेज लोन बाबत एक ऑफर लेटर 10 जनवरी 2022 को जारी किया। कंपनी ने एक लोन सेंक्शन लेटर 8 मार्च 2022 का जारी किया। दो करोड़ पन्द्रह लाख रुपए का चेक 21 मार्च को दिया। बाद में ये चेक बाउंस हो गया, जब पूछा तो बताया कि फाइनेन्स कंपनी बंद हो गई है, इसलिए चेक बाउंस हुआ। दूसरी कंपनी से लोन करवा देंगे, लेकिन उसके बाद से टालमटोल कर रहते रहे। अब न तो फोन उठा रहे और न ही मूल कागजात लौटाए। लोन की एवज में ली गई राशि भी भुगतान नहीं कर रहे। दरगाह थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# पति को तलाक दिए बिना दूसरी शादी की

**बीकानेर, (निसं)।** जिले के छत्तरगढ़ पुलिस थाना क्षेत्र में एक विवाहिता ने अपने पहले पति को तलाक दिए बगैर ही दूसरी शादी रचा ली। पीड़ित पति ने पुलिस थाने पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है। पुलिस के मुताबिक पीड़ित मुनसब अली पुत्र आशक अली है जो कि छत्तरगढ़ के चक 03 सीएचडी का रहने वाला है। पीड़ित पति की ओर से फरीदा पुत्री जानू खां, मुस्तफा पुत्र अमजद अली, नजर खां पुत्र मैदे खां, हाफिज सलीम पुत्र अली शेर खां व नजीर खां पर आरोप लगाया है। आरोप लगाया है कि आरोपितों ने कूटरचना कर उसकी पत्नी की बगैर तलाक दिए दूसरे स्थान पर शादी करवा दी। पुलिस के मुताबिक यह घटना आरडी 465 लाखनसर गांव की है।

# बदमाशों ने पुलिस पर पथराव किया

**डूंगरपुर, (निसं)।** धंबोला थाना क्षेत्र में स्टंटबाजी कर रहे युवकों को रोकने का इशारा करने पर बदमाशों ने पुलिस पर ही पथराव कर दिया। पथराव में तीन कांस्टेबलों को चोटें आईं हैं। वहीं लोग पुलिसकर्मियों का बचाव करने तक नहीं आए। पथराव के बाद तीनों बदमाश भाग गए। मामले में पुलिस ने राजकार्य में बाधा का केस दर्ज करते हुए मुख्य आरोपी को हिरासत में ले लिया है।

थाने में कांस्टेबल जीतमल पुत्र हरजी मीणा की ओर से रिपोर्ट दर्ज करवाई गई, जिसमें बताया गया कि, शनिवार शाम के समय वह थाने के बाहर तैनात था। इस दौरान एक बाइक पर 3 युवक स्टंटबाजी करते हुए आए, जिस पर उसने रोकने का इशारा किया, लेकिन बदमाशों ने बाइक नहीं रोकी और सागवाड़ा की तरफ जाने लगे। इस पर कांस्टेबल जीतमल, कांस्टेबल जयेश पाटीदार व रोशन पाटीदार ने 2 बाइक से बदमाशों का पीछा किया। कोपा मोड़ के पास जाते ही पुलिस ने बदमाशों की बाइक को रोकने का प्रयास किया, जिस पर बदमाशों ने पुलिसकर्मियों के साथ गाली गलौच करते हुए पथराव शुरू कर दिया। पथराव में तीन पुलिसकर्मी घायल हो गए, कांस्टेबल जीतमल को गंभीर चोंट आई। वहीं पथराव के वक्त आसपास के कोई भी लोग बचाव के लिए नहीं आए। लोग मूकदर्शक बनकर देखते रहे।

पुलिस ने मामले में राजकार्य में बाधा का प्रकरण दर्ज करते हुए बदमाशों की तलाश शुरू कर दी। इस दौरान पुलिस ने मुख्य आरोपी डोल कुंजेला निवासी अरविंद पुत्र कमलेश डामोर को हिरासत में ले लिया है, जबकि उसके साथी आरोपी डोल कुंजेला निवासी गिरीश पुत्र लक्ष्मण रोत ओर कालूराम पुत्र मोहन रोत फरार हो गए है। धंबोला थाना पुलिस इस संबंध में कोई भी जवाब देने से कुरेज कर रही है और उनका कहना हैं कि इस संबध में जो भी कार्यवाही करेगे उसका प्रेस नोट जारी किया जायेगा।

# शादी कर लाखों की चपत लगाने वाली लुटेरी दुल्हन गिरफ्तार

## शादी के बीस दिन बाद ही फरार हुई थी, लुटेरी दुल्हन के साथ एक साथी भी गिरफ्तार

**चूरू, (निसं)।** जिले की रतनगढ़ पुलिस ने शादी के 20 दिन बाद फरार हुई लुटेरी दुल्हन और उसके एक साथी को गिरफ्तार किया है। लुटेरी दुल्हन शादी के 20 दिन बाद ही लाखों की चपत लगाकर फरार हो गई थी। लुटेरी दुल्हन इससे पहले भी इस तरह की तीन घटनाएं अंजाम दे चुकी है। इसके अलावा दो लूट की घटनाएं भी घटित कर चुकी है, लुटेरी दुल्हन की यह छठी शादी है।

रतनगढ़ थानाधिकारी दिलीप सिंह ने बताया कि रतनगढ़ तहसील के गांव ठठावता निवासी भादरसिंह ने मामला दर्ज कराया था। रिपोर्ट में बताया 8 अप्रेल को बीकानेर के लूणकरणसर निवासी वीरपाल उर्फ अंजू (32) के साथ उसकी शादी हुई थी। यह शादी राजगढ़ के गांव रावतसर कुंजला निवासी महेंद्रसिंह जाट ने करवाई थी। महेंद्रसिंह के कहने पर वह और उसका बहनोई

> ■ लुटेरी दुल्हन इस तरह की तीन घटनाएं अंजाम दे चुकी है, लुटेरी दुल्हन की यह छठी शादी है

श्यामसिंह लूणकरणसर के गांव राजपुरिया निवासी प्रेमसिंह के घर पर गए थे। जहां पर प्रेमसिंह ने कहा उसके साले की बेटी है, जो शादी योग्य है। उसका पालन-पोषण उसके द्वारा ही किया जा रहा है। जब लड़की को देखा तो उसके साथ एक और लड़की थी। जिसका परिचय इन लोगों द्वारा मनु भाटी के रूप में करवाया और बताया कि यह वीरपाल उर्फ अंजू की दोस्त है। इस दौरान सब कुछ फाइनल हो गया। शादी के लिए इन लोगों ने ढाई लाख रुपए नकद लिए। इसके बाद कोर्ट में शादी संपन्न हुई। शादी के बाद दुल्हन की सास ने उसे विभिन्न प्रकार के सोने व चांदी के आभूषण दिए और गांव ठठावत ले आए। शादी के 20 दिन बाद मनु भाटी और अन्य लोग आए और रात्रि में वीरपाल को भगाकर ले गए। जाते समय वीरपाल अपने साथ लाखों रुपए के आभूषण और नकदी रुपए भी लेकर चली गई। अगले दिन भादरसिंह ने सुबह उठकर देखा तो वीरपाल नहीं मिली, जिसके बाद रतनगढ़ पुलिस में मामला दर्ज करवाया गया, जिस पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए लूटेरी दुल्हन वीरपाल उर्फ अंजू को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं उसके साथी प्रेमसिंह को भी गिरफ्तार कर लिया।

थानाधिकारी दिलीप सिंह ने बताया कि वीरपाल उर्फ अंजू व प्रेमसिंह को पहले थाने में पूछताछ के लिए बुलाया गया था। पूछताछ के बाद दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया है। लुटेरी दुल्हन की यह छठी शादी है।

# कोटा दक्षिण निगम के महापौर को पद से हटाने के लिए संगठित हुए पार्षद और कांग्रेस नेता

## कांग्रेस के सिंबल पर पार्षद चुने गए, फिर बहुमत के आधार पर कांग्रेस ने उन्हें महापौर बनाया

**कोटा, (निसं)।** कोटा दक्षिण नगर निगम के महापौर राजीव अग्रवाल का महापौर के पद से मोहभंग नहीं हो रहा है। उन्होंने कांग्रेस पार्टी तो छोड़ दी परंतु कांग्रेस के दिए हुए पद को वे नहीं छोड़ रहे हैं। राजीव अग्रवाल कहते थे कि उन्हें महापौर धारीवाल साहब ने बनाया था वह कांग्रेस में भी धारीवाल साहब के कारण ही थे। लोकसभा चुनाव में जब भाजपा छोड़कर कांग्रेस में शामिल हुए प्रहलाद गुंजल को अपना लोकसभा प्रत्याशी बनाया तो कोटा दक्षिण महापौर राजीव अग्रवाल भाजपा में यह कहते हुए शामिल हो गए कि अब पार्टी में उनके नेता (शांति धरीवाल) की ही इज्जत नहीं रही तो वह भी पार्टी में रहकर क्या करेंगे। राजीव अग्रवाल ने कांग्रेस तो छोड़ दी परंतु वे अब भी महापौर के पद पर जमे हुए हैं।

कांग्रेस के पार्षद और नेताओं का मानना है कि नैतिकता के आधार पर कांग्रेस पार्टी छोड़ते ही राजीव अग्रवाल को कांग्रेस के द्वारा दिया गया महापौर का पद भी छोड़ देना चाहिए था, लेकिन ऐसा नहीं हुआ तो अब कांग्रेस के पार्षद और नेता ही उन्हें इस पद से हटाने के लिए आर पार की लड़ाई लड़ने के मूड में नजर आ रहे हैं। कांग्रेस कार्यालय में कोटा दक्षिण नगर निगम कांग्रेस पार्षदों की बैठक में महापौर राजीव अग्रवाल के इस्तीफे की मांग उठी। जिला कांग्रेस कार्यालय में शहर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रविन्द्र त्यागी की अध्यक्षता में आयोजित कांग्रेस पार्षदों की बैठक में महापौर राजीव अग्रवाल के लोकसभा चुनाव में भाजपा पार्टी की सदस्या ग्रहण करने पर सर्वसम्मति से महापौर राजीव अग्रवाल के महापौर पद से इस्तीफे की मांग उठा कर प्रस्ताव पारित किया गया।

> ■ बाद में राजीव अग्रवाल भाजपा में शामिल हो गए, परंतु अभी भी महापौर के पद पर जमे हुए हैं

शहर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रविन्द्र त्यागी ने बैठक को सम्बोधित करते हुये कहा कि नगर निगम कोटा दक्षिण के चुनाव नवम्बर 2020 में हुये थे तब कांग्रेस पार्षदों द्वारा राजीव अग्रवाल को महापौर निर्वाचित किया गया था परन्तु लोकसभा चुनाव 2024 में महापौर राजीव अग्रवाल द्वारा कांग्रेस पार्टी को छोड़कर भाजपा पार्टी का दामन थाम लिया तो सैद्धांतिक रूप से उन्हें अपने पद से इस्तीफा देना चाहिए जो आज दिन तक नहीं दिया है, जबकि भाजपा की सदस्या लिये हुये लगभग तीन माह होने को हैं।

यह बड़ी ही हास्यप्रद बात है कि भाजपा द्वारा महापौर राजीव अग्रवाल को स्वीकार कर लिया तथा विपक्ष का नेता भी भाजपा का बना बैठा है। महापौर को इस्तीफा देना चाहिए जिससे पूरी प्रक्रिया नये सिरे से हो सके और शीघ्र ही कांग्रेस के सभी पार्षद अपना नया नेता चुन सके। त्यागी ने कहा कि नगर निगम में एक ही दल का महापौर और नेता प्रतिपक्ष होना नियमों के खिलाफ है। राजस्थान सरकार को इस गंभीर मुद्दे पर ध्यान देना चाहिए नहीं तो कांग्रेस पार्षदों के साथ नगर निगम में विरोध प्रदर्शन किया जायेगा।

कोटा दक्षिण नगर निगम उपमहापौर पवन मीणा ने कहा कि नगर निगम दक्षिण के महापौर राजीव अग्रवाल ने भाजपा ज्वॉइन करने समय आचार संहिता लगी हुई थी। आज भी कोटा शहर के जनता असमंजस में है कि कोटा दक्षिण में महापौर कांग्रेस का है या भाजपा का है। उन्होंने भाजपा पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर ली है तो महापौर राजीव अग्रवाल को अपने पद दे इस्तीफा दे देना चाहिए क्योंकि एक ही दल के महापौर और नेता प्रतिपक्ष नहीं होता। यह नगर पालिका नियम के खिलाफ है। बैठक में प्रमुख रूप से कोटा दक्षिण नगर निगम के पार्षद ईश्रार मोहम्मद, कपिल शर्मा, देवेश तिवारी, गफ्फार हुसैन, दीपक वर्मा, योगेन्द्र योगी, सुमन पेश्वानी, बबलू कसाना, ऐश्वर्य श्रृंगी, शिवांगनी सोनी, सोनू अब्बासी, नवीन यादव, कमल मीणा, साहिब हुसैन, जियाउद्धीन, सलीना सेरी, कुलदीप प्रजापती, धनराज चेची, सोनू भील, बादशाह, आसिफ मिर्जा, इरफान धोसी, किशन प्रजापती, ज्योतिष सुमन, प्रमोद विजय आदि सहित कई पार्षद उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त

### बुद्धिप्रकाश शर्मा अध्यक्ष बने

**निवाई, (निसं)।** राजस्थान सचिवालय संघ के चुनाव में बुद्धिप्रकाश शर्मा निवासी महाराजपुरा निवाई को अध्यक्ष पद पर चुने जाने पर युवाओं में खुशी की लहर दौड गई। इस दौरान शिब्बू पाटनी, गजेंद्र जाट, राकेश वर्मा, जीतराम यादव, सुनील जैन, लोकेश कुमावत, महावीर, निखिल सोगानी, राजेश लक्षकार, विक्रम पाटनी, बबलू बहकवा, कमल शर्मा, सांवरा अलियाबाद एवं नवीन पटनी सहित कई कार्यकर्ताओं ने नवनियुक्त अध्यक्ष बुद्धिप्रकाश शर्मा को माला व साफा पहनाकर स्वागत करके एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। शिब्बू पाटनी ने बताया कि बुद्धिप्रकाश शर्मा ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी कजोडमल मीणा को 88 वोटों के अंतर से हराकर विजय हासिल की है। जिससे सैंकडों युवाओं में खुशी की लहर दौड गई व सोशल मीडियां के माध्यम से बधाई दी जा रहीं है।

### गणेश महाराज का वार्षिकोत्सव

**कोटपूतली, (निसं)।** निकटवर्ती ग्राम राहेडा में रविवार को गणेश जी महाराज का 8 वाँ वार्षिकोत्सव समारोह बडे ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ आयोजित हुआ। इस मौके पर आयोजित विशाल भण्डारे में हजारों की संख्या में श्रद्धालूओं ने शिरकत करते हुये गणेश जी महाराज का आशीर्वाद ग्रहण किया। वहीं भण्डारे में पंगत प्रसादी ग्रहण की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करते हुये पूर्व संसदीय सचिव रामस्वरूप कसाना ने कहा कि किसान व मजदूरों को अपने हितों के लिये जागरूक व एकजुट होना होगा। वर्तमान समय बेहद प्रतिस्पर्धा का है, ऐसे में अपने बच्चों को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ ाने के लिये हरसम्भव प्रयास करना चाहिये। ग्रामीणों ने माला व साफा पहनाकर कसाना का स्वागत किया। इस दौरान रामजीलाल गिरदावर, सांवतराम सरपंच, सूरजाराम पंच, रामकुंवार कम्पाउंडर, रामदयाल मुकदम, हरिराम रावत, दाताराम पंच, इंद्राज रावत, श्योसहाय पटवारी, महावीर सुबेदार, हंसराज हवलदार, मालाराम रावत, मायाराम नेताजी, बिहारी फौरेस्टर, अभिषेक रावत, मोहन शर्मा अध्यापक, हरदान फौरेस्टर, रामप्रसाद मुकदम, हजारी रावत, जयराम रावत, प्रकाश रावत, हेमराज राहेडा, बद्रीप्रसाद अलोरिया, हरिराम बाबूजी समेत अनेक ग्रामीण मौजूद रहे।

### अग्निवीर सिपाही का स्वागत

**निवाई, (निसं)।** उपखंड अधिकारी कार्यालय के सामने स्थित जगदंबा कॉलोनी में अग्निवीर सिपाही विक्रम चौधरी का प्रशिक्षण लेकर पहली बार घर लौटने पर युवाओं ने जोरदार स्वागत किया। कॉलोनीवासी अशोक गुर्जर, राकेश चौधरी, रामकेश मीणा, कृष्णा गुर्जर, अनील व कुशल लांगडी ने बताया कि विक्रम चौधरी छोटी उम्र में अग्नि वीर सिपाही बने है। उसके पिताजी दयाराम चौधरी किसान है। विक्रम बचपन से ही मेहनती था। उनकी बचपन से ही फौज में जाने की इच्छा थी।

### चलती मारुति वैन में लगी आग

**मालपुरा, (निसं)।** नगर पालिका कार्यालय के पीछे आदर्श नगर गौरव पथ पर रविवार की शाम को चलती मारुति वैन में आग लग गई। वेन में आग लगने से अफरा तफरी मच गई। आग की मिली सूचना पर पालिका दमकल के साथ पहुंचे दमकल कर्मियों ने तत्काल आग पर काबू पा लिया। वेन में आग लगने का कारण वेन में लगे गैस किट में रिसाव होना बताया जा रहा है। मालपुरा शहर में बेखौफ चल रहे अवैध गैस किट लगे ऐसे कई वाहन कभी भी किसी बडे हादसे का कारण बन सकते हैं। सब कुछ जानकार भी अंजान बने मालपुरा पुलिस प्रशासन कि यह लापरवाही व अनदेखी कभी किसी बडे हास्य का कारण बन सकती है। इतना ही नहीं प्राइवेट स्कूलो में मासूम बच्चों को लाने ले जाने के लिए लगाई गई बाल वाहिनियों में भी अवैध गैस किट लगे हुए हैं जिन पर पुलिस प्रशासन द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है।

### अवैध बजरी सहित ट्रेक्टर-ट्रोली जप्त

**टोंक, (निसं)।** थाना बरोनी क्षेत्र में थानाधिकारी ओमप्रकाश के द्वारा गठित टीम ने दौराने गस्त नला रोड निवाई रोड से एक ट्रेक्टर-ट्रोली को 3 टन अवैध बजरी सहित जप्त किया। जिसके मालिक व चालक के खिलाफ एमएमडीआर एक्ट में प्रकरण पंजीबद्ध कर अनुसंधान जारी है।

# भाईचारे से मनाएं कुर्बानी का त्योहार ईद-उल-अजहा : उमेश निठारवाल

- थाना परिसर में डीवाईएसपी ने ली सीएलजी सदस्यों की बैठक



डीवाईएसपी उमेश निठारवाल ने सीएलजी सदस्यों की बैठक ली।

**शाहपुरा, (निसं)।** पुलिस थाना परिसर में रविवार को डीवाईएसपी उमेश निठारवाल ने सीएलजी सदस्यों की बैठक लेकर कुर्बानी का त्योहार ईद उल अजहा को भाईचारे के साथ मनाने की अपील की।

सीएलजी सदस्य मोइनुद्दीन, सदरू खां ने बताया कि ईद उल अजहा के मौके पर कुर्बानी का सिलसिला सोमवार से शुरू होगा। शहर की चारों मस्जिदों में कुर्बानी का त्योहार ईद उल अजहा का आयोजन होगा। डीवाईएसपी ने सभी को भाईचारे से ईदुल अजहा के त्यौहार को मनाने की बात कही। जिस पर सभी ने अपनी सहमति दी। इस अवसर पर सीएलजी सदस्यों ने ईद उल अजहा के दौरान सुबह 7:30 बजे से 9 बजे तक ट्रैफिक व्यवस्था में परिवर्तन कर वाहनों को पंचायत समिति के समीप से नए बन रहे बाईपास से होकर निकालने का आग्रह किया। जिस पर डीवाइएसपी ने उनकी मांग को मानते हुए दो-दो पुलिसकर्मी ट्रैफिक डायवर्ट व्यवस्था में लगाने के निर्देश दिए।

सीएलजी सदस्य नाथूलाल सैनी,गोमाराम कारेल व सदरू खा ने शहर में बढ़ रहे नशे के कारोबार पर अंकुश लगाने की बात कही। जिस पर डीवाईएसपी ने सभी सीएलजी सदस्यों को शहर में जहां भी नशे का व्यापार होता है उसके बारे में को गोपनीय रूप से सूचना देने की बात कही। उन्होंने कहा कि नशे के विरोध में पहले भी अभियान चला कर करवाई की जा चुकी है और वर्तमान में भी कार्रवाई जारी है। उन्होंने शहर के जिम्मेदार लोगों को भी नशा करने वाले व्यक्ति से दूर रहने की भी बात कहीं। मुकेश खुडानिया ने शहर में बेलगाम होती ट्राफिक व्यवस्था के बारे में अवगत कराया उन्होंने कहा कि पूर्व में टाफिक व्यवस्था में दिगेन्द्र ताखर लगे हुए थे उस समय व्यवस्था सुचारू थी लेकिन उसके बाद से ट्रैफिक व्यवस्था बिगड़ती जा जा रही है। सीएलजी नाथूलाल सैनी, मोइनुद्दीन लोहार ने बताया कि वर्तमान में शहर में कई स्थानों पर बाइक चोरी की घटनाएं घट रही है। ऐसे में पुलिस की रात्रिकालीन गश्त को प्रभावी बनाए जाने तथा तीसरी आंख सीसीटीवी कैमरों सुचारु रखा जाए तो काफी हफ्ता के चोरी की वारदातों पर अंकुश लग सकता है।

सीएलजी सदस्यों ने वर्तमान में रामनिवास मंदिर में महंत की गद्दी को लेकर उठ रहे विवाद के दौरान मंदिर परिसर में मारपीट व हाथापाई जैसी घटनाओं पर अंकुश के लिए भी सीसीटीवी कैमरे मंदिर के अंदर व बाहर लगाए जाने की बात कही। इस अवसर पर सीएलजी सदस्य गोमाराम कारेल,यासीन मोहम्मद, मोइनुद्दीन, मुनान धोबी, अलीमुद्दीन, हाजी सलीमुद्दीन आदि मौजूद थे।

### शिविर में 93 मरीज लाभान्वित

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** रोटरी क्लब श्रीमाधोपुर सनराइज़ द्वारा आयोजित 433वे निःशुल्क पाक्षिक होम्योपैथिक शिविर स्वः चौधरी नाथूराम भामु रोटरी भवन में लगाया गया। क्लब के गिरिराज कयाल ने बताया कि शिविर में 93 मरीजों ने लाभ प्राप्त किया। बताया गया है कि क्लब द्वारा तक 432 पाक्षिक शिविर आयोजित किया जिनमे 47 हजार से भी ज्यादा मरीजों ने लाभ प्राप्त किया है। रोटरी क्लब श्रीमाधोपुर सनराइज की और से इस तरह के कैंप हर माह के दूसरे रविवार को रोटरी भवन में आयोजित किये जाते है। इनमे डॉ. एस. एल. चौधरी द्वारा चर्म रोग, पेट रोग, दमा-श्वास, सोरौसिस, साइटिका, नजला, जुखाम, एलर्जी, माइठोन, फंगल इनफेंक्शन एवं अन्य कई रोगों से ठासित मरीजो को निःशुल्क परामर्श दिया जाता है तथा क्लब कि ओर से 14 दिनों की दवाइयां निःशुल्क दी जाती है। इन होमियोपैथिक कैंपो में डॉ. एस. एल. चौधरी के साथ क्लब के पूर्व सप्रांतपाल डा.माधव सिंह, गिरिराज कयाल, पूर्व अध्यक्ष दिलीप सिंह शेखावत, विजय कुमार कसेरा व क्लब के कई सदस्यों ने सेवाएं दी।

# तोरण मार ठाकुर सालिगराम ने अग्नि की साक्षी में पीपल से किया विवाह



ठाकुर सालिगराम जी ने पालकी में स्वार होकर चांदी की छड़ी से तोरण मारकर पीपल से विवाह किया।

**मालपुरा, (निसं)।** शिव युवा विकास समिति एवं पीपल विवाह समिति के तत्वाधान में गंगा दशहरे पर शास्त्री नगर तत्कालेश्वर मंदिर में आयोजित पांच दिवसिए पीपल सालीगराम जी विवाह महोत्सव के अंतर्गत रविवार को पीपल वेयर शालिग्राम जी का विवाह पाणिग्रहण संस्कार के साथ संपन्न हुआ।

पुरानी तहसील मदन मोहन जी मंदिर से गाजे बाजे के साथ ठाकुर शालिगराम जी की बारात रेलवे स्टेशन शिव मंदिर पहुंची। बडी संख्या में जुटे बाराती डीजे की धुनों पर धार्मिक भजनों पर नाचते गाते शास्त्री नगर तत्कालेश्वर मंदिर पहुंचने पर आयोजन समीती व गणमान्य लोगों ने ठाकुर जी की बारात की अगवानी की। पीपल विवाह के मुख्य यजमान गौरीशंकर सोती व आयोजन समिति के संरक्षक रामदेव सोती, अध्यक्ष प्रहलाद शर्मा, राजेंद्र सोती, केशव पारीक अशोक शर्मा, राकेश सोती, ब्रजमोहन, नौरत सहित समिति सदस्यों ने खाण्डल समाज अध्यक्ष संजय दगोलीया को पगडी पहना स्वागत किया। ठाकुर शालिगराम जी ने चांदी की छडी से तोरण मार पीपल से विवाह किया। बारातीयों के स्वागत सत्कार के पश्चात रीतीरीवाज से पीपल व सालीगराम जी का पाणीठाहण संस्करण संपन्न करवाया गया, लाभार्थी गौरीशंकर सोती ने सपत्नीक अग्नी में आहुतीया दे पाणिठाहण संस्कार का धर्म लाभ प्राप्त किया, मुख्य कलश के यजमान बने प्रहलाद शर्मा ने भी वैवाहिक रस्मो में धर्म लाभ प्राप्त किया, ठाकुरजी की बारातमें शामिल मणि शंकर रुथला, रामजीलाल बड़ारडा,विनोद बील, नौरत बीलवाल, विष्णु नुवाल, चंद्रकांत गोवला सहित खांडल विप्र समाज के प्रबुद्ध जनों ने पीपल माता के पवित्र विवाह के लाभार्थी बने मुख्य यजमान सहित शिव युवा समिति व पीपल विवाह समिति का आभार जताया, पानी ठाहण संस्कार के पश्चात बारात विदाई सहित बारात को उपहार देने सहित सभी परंपराओं का समिति की ओर से निर्वहन किया गया, इससे पूर्व शनिवार की रात्रि को समिति की ओर से महिला संगीत का आयोजन किया गया जिसमें महिलओं ने धार्मिक भजनों पर जमकर नृत्य कर पीपल विवाह की खुशियां मनाई।

# अवैध देशी शराब रखने के आरोप में दो गिरफ्तार



निवाई पुलिस ने आरोपियों से 116 पव्वे जब्त किए।

**निवाई, (निसं)।** स्थानीय पुलिस ने लोकल व माईनर एक्ट की कार्रवाई को लेकर अपराधियों की धरपकड अभियान के तहत अवैध देशी शराब रखने के आरोप में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिनसे अवैध देशी शराब के 116 पव्वे जब्त किए है।

थानाधिकारी हरिराम वर्मा ने बताया कि पुलिस अधीक्षक संजीव नैन के निर्देशानुसार लोकल व माईनर एक्ट की कार्रवाई को लेकर क्षेत्र मे अपराधियों की धरपकड अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सरिता सिंह, पुलिस वृत्ताधिकारी मृत्युन्जय मिश्रा के सुपरविजन मे पुलिस की विशेष टीम का गठन किया। टीम में थानाधिकारी सहित हैड कानि मीठालाल, नीरजकुमार, कानि महावीर, राधाकिशान, पायलेट, डालुराम व मनोजकुमार को शामिल करके कार्रवाई करते हुए जमात में स्थित देव भूमि के पास से अवैध देशी शराब रखने के आरोपी छोटूलाल पुत्ररामसहाय मीणा को गिरफ्तार करके आरोपी से 56 पव्वे जब्त किए गए।

### खेड़ीमानपुर में क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन समारोह

- प्रतियोगिता में 25 टीमों ने भाग लिया
- विजेता व उपविजेता टीम को सम्मानित किया

**निवाई, (निसं)।** गांव खेडीमानपुर में 6 दिवसीय श्री देव बांदरा क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन समारोहपूर्वक किया गया। जिसमें विजेता व उपविजेता टीम को ट्राफी व नकद राशि देकर सम्मानित किया। प्रतियोगिता में कुल 25 टीमों ने भाग लिया।

प्रतियोगिता के कप्तान रवि मीणा व उपकप्तान नंदकिशोर बैरवा ने बताया कि समापन समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व सरपंच अमरसिंह सोलंकी रहें। विशिष्ट अतिथि जगराम मीणा, दयाराम मीणा, रामावतार मीना, मेंबर गोपाल बैरवा, हंसराज मीणा, बजराज मीना, भवरपाल मीणा, सुरेश बैरवा व राजेंद्र शर्मा थे। समापन समारोह में विजेता व उपविजेता टीम के कप्तान व कोच का नकद राशि, माला व साफा पहनाकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि पूर्व सरपंच अमरसिंह सोलंकी ने कहा कि खेल को खेल की भावना से खेलें। खेल से आपसी भाईचारा बढ ता है। प्रतियोगिता के कोच रामअवतार मीणा ने बताया कि पावडेरा टीम विजेता व खेडीमानपुर टीम उपविजेता रही। इस दौरान कप्तान रवि मीणा, उपकप्तान नंदकिशोर बैरवा, व्यवस्थापक प्रधान छोलक, मायाराम मीणा, मनीष मीणा, रामराज मीणा, आशीष मीणा, अरुण मीणा, लखन मीणा, शैतान मीणा, लक्की मीणा, मस्तराम मीणा, राकेश मीणा, लवेश मीणा, अभिषेक मीणा, लोकेश मीणा, मड्डूलाल मीणा, रामअवतार शर्मा व अजय मीणा सहित कई खिलाडी मौजूद थे।

# अलवर में पांच दिवसीय योग जन-जागरूकता कार्यक्रम का आगाज

- सात्विक आहार, विहार, योग को अपनाकर मानसिक विकारों से मुक्ति संभव : डॉ पवन सिंह



कार्यक्रम में डॉ. सुशीला मीना एवं सोनल धाकड योग प्रशिक्षक द्वारा योग प्रोटोकॉल का अभ्यास कराया।

**अलवर, (निसं)।** जिला प्रशासन, आयुर्वेद विभाग अलवर एवं विभिन्न प्रमुख योग संस्थानों के संयुक्त तत्वाधान में 5 दिवसीय योग जन जागरूकता कार्यक्रमों के तहत प्रथम दिन 16 जून रविवार को श्री रामचन्द्र मिशन एवं हार्टफुलनेस मैडीटेशन सेन्टर अम्बेडकर नगर अलवर में विश्व योगा दिवस 2024 के उपलक्ष्य में योग ध्यान शिविर एवं मानसिक विकारों में योग की भूमिका विषय पर कार्यशाला आयोजित की गई।

कार्यक्रम में डॉ. सुशीला मीना एवं सोनल धाकड योग प्रशिक्षक द्वारा योग प्रोटोकॉल का अभ्यास कराया गया।

हार्टफुलनेस सेंटर के समन्वयक हेमनारायन सेन द्वारा सभी उपस्थित साधकों को तनावमुक्ति के साथ ध्यान करवाया गया। मानसिक रोगों में योग की भूमिका विषय पर आयोजित कार्यशाला को संबोधित करते हुए डॉ.राजेन्द्र सिंह नरुका ने अष्टांगयोग का परिचय विस्तार से देते हुए वर्तमान परिस्थितियों में हार्टफुलनेस रिलेक्सेशन के साथ ध्यान की महत्वता एवं प्राणाहुति (यौगिक ऊर्जा) के बारे में जानकारी दी।

विश्व योग दिवस कार्यक्रम सहायक नोडल अधिकारी डॉ.पवन सिंह शेखावत ने कार्यशाला में उद्बोधन देते हुए कहा कि सात्विक आहार, विहार, विचार एवं योग को अपनाकर मानसिक विकारों से पूर्ण मुक्ति संभव है। योग से होने वाले लाभ की वजह से ही आज सम्पूर्ण विश्व योग की ओर तेजी से आकर्षित हो रहा है।

इस अवसर पर डॉ.शेखावत ने सभी उपस्थित योग प्रेमी बंधुओं, योग शिक्षकों को 21 जून को इंदिरा गांधी स्टेडियम में आयोजित होने वाले योग दिवस कार्यक्रम में सम्मिलित होने हेतु आमंत्रित किया। हार्टफुलनेस संस्था के अलवर जोन के जोनल कॉर्डिनेटर कमल सिंह द्वारा सभी आगुंतक महानुभावों का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम अतिथियों को मिशन का साहित्य भेंट कर धन्यवाद् ज्ञापित किया।

## सार-समाचार

### रेलवे स्टेशन पर जल सेवा जारी



**फुलेरा, (निसं)।** फुलेरा रेलवे स्टेशन पर सभी रेल यात्रियों के लिए निःशुल्क आरओ के शीतल जल का वितरण गत माह से दैनिक रेल यात्री संघ एकीकृत तथा दैनिक रेल यात्री महासंघ के कार्यकर्ताओं के द्वारा अनवरत जारी है। इसके चलते रविवार को क्षेत्र के पूर्व विधायक निर्मल कुमावत द्वारा रेल यात्रियों की सेवार्थ जल सेवा की गई। इसके अलावा वहीं प्रतिदिन जल सेवा को तत्पर नन्हें मुन्ने बच्चों से लेकर, युवकों, सीनियर सिटीजन, मातृ शक्ति ट्रेन रुकते ही यात्रियों की जलसेवा हेतु दौड पडते है। इस अवसर पर दैनिक रेल यात्री संघ एकीकृत फुलेरा के अध्यक्ष अशोक वासदेव, जेडआरयूसीसी मेम्बर भारत भूषण शर्मा, शक्ति सिंह, बलवीर सिंह गुर्जर, टीकम शर्मा, कोषाध्यक्ष अमजद हुसैन सिद्दीकी, मनीष सचदेवा, मीडिया प्रभारी मुरली मनोहर, सुमित शर्मा, अशोक मौर्य, ललित जैन, सुरेश सैनी, श्याम सुन्दर शर्मा, स्काउट गाइड ललित सोनी, प्रेम कुमावत, विनीत कुमावत, गोपाल वर्मा, दुर्गा वाहिनी की बालिकाओं में दिव्यांशी खाण्डल, भूमिका कुमावत आदि द्वारा सेवाएं दी गई।

### बालाजी क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारम्भ



**कोटपूतली, (निसं)।** निकटवर्ती ग्राम पंचायत बसई के ग्राम पेजुका में बालाजी क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि करण पटेल ने फिता काटकर प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया। उन्होंने कहा कि आज के मोबाईल युग में खेल अति आवश्यक हो गये हैं। खेल हमारे स्वास्थ्य के लिए लाभप्रद है। अध्यक्षता करते हुये एड. मनोज चौधरी ने कहा कि खेल हमें जीवन में अनुशासन सीखाते हैं। प्रत्येक युवा को जीवन में एक खेल अवश्य खेलना चाहिये। विशिष्ठ अतिथि के रूप में पंसस अशोक आर्य, सरपंच विक्रम रावत, भजनलाल रावत, संदीप कसाना उपस्थित रहे। प्रतियोगिता के आयोजक धोलाराम भरगड़, महेंद्र भरगड व सचिन भरगड ने बताया कि प्रतियोगिता में एक दर्जन से अधिक टीमें हिस्सा ले रही हैं। प्रतियोगिता का प्रथम पुरूस्कार 11 हजार रूपये व द्वितीय पुरस्कार 3100 रुपये रखा गया है। इससे पूर्व धोलाराम भरगड, महेंद्र भरगड, सचिन भरगड, दयाराम शंकर भरगड़, प्रदीप लादी, राजू, विक्की आदि ने अतिथियों का माला एवं साफा पहनाकर स्वागत किया। प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच नवलपुरा एवं राजनौता टीम के मध्य खेला गया। जिसमें नवलपुरा की टीम विजयी रही। इस मौके पर बदलूराम, मुकेश, राकेश, सुंदर, नीतीश, यादराम, प्रकाश, संजय, विकास, धर्मपाल, सुभाष समेत कार्यकर्ता एवं ग्रामीण मौजूद रहे। फोटो। कोटपूतली। विधायक प्रतिनिधि करण पटेल ने फिता काटकर प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया।

### ईदुल अजहा की नमाज ईदगाह में होगी

**टोंक, (निसं)।** जिलेभर में ईदुल अजहा का त्यौहार आज मनाया जाएगा। जिसको लेकर सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। राजस्थान की सबसे बडी बहीर क्षेत्र स्थित ईदगाह में ईद की नमाज सुबह साढे 8 बजे मौलवी सईद साहब अदा कराएंगे। ईदगाह कमेटी सचिव मोइनुद्दीन निजाम ने ईदगाह में जाकर ईदुल अजहा की नमाज से पूर्व तैयारियों का जायजा लिया। हाजी मोईन निजाम ने बताया कि ईदगाह बहीर में सुबह 8 बजे मौलवी सईद साहब का बयान होगा, इसके अलावा किसी अन्य को बयान देने की इजाजत नहीं होगी। उसके बाद साढे 8 बजे नमाज अदा की जाएगी। नमाजियों के लिए वुजू सहित छाया, पानी आदि के भी ईदगाह में इंतजाम किए गए है। ईदगाह में करीब 25 से 30 हजार लोग नमाज अदा करते है। जिसके लिए साढे सात सौ पानी की टोटियां लगाई गई है। एक हजार लोग एक साथ वुजू कर सकता है।

### पूर्णाहुति के साथ शिव शक्ति महायज्ञ संपन्न

**नारायणपुर, (निसं)।** ग्राम पंचायत अजबपुरा में स्थित वनखंडी महादेव आश्रम के महंत भैरुवानन्द महाराज के सानिध्य में चल रहे 9 दिवसीय 9 कुण्डात्मक शिव शक्ति महायज्ञ का समापन रविवार को पूर्णाहुति के साथ हुआ। जिसमे अजबपुरा सहित आसपास क्षेत्र के श्रदालुओं का सैलाब देखने को मिला। यज्ञाचार्य डॉ.गोविन्द माधव शास्त्री के सानिध्य में वैदिक मंत्रो के साथ विप्रजनों व यजमानो के द्वारा यज्ञ मंडप में पूर्णाहुति दी गई। इसके उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमे अजबपुरा सहित आसपास क्षेत्र के ग्रामीणों ने पंगत प्रसादी ग्रहण की। इस दौरान वनखंडी महादेव व भैरवानंद महाराज के जयकारों से यज्ञ स्थल गुंजायमान रहा। ग्रामीणों ने शिव शक्ति महायज्ञ में अपनी सेवाए देकर पूण्य कमाया। वही श्रद्धालुओं ने भैरवानंद महाराज धोक देकर आशीर्वाद लिया और उनके द्वारा गाये गए भजनों को सुनकर आनंदित हो गए। इस मौके पर प्रतापसिंह शेखावत, बाबूलाल शर्मा, समाज सेवी ललित सैनी, पूरण सैनी, कमलेश सैनी सहित आसपास गाँवों के लोग मौजूद थे।

# ईदुलफितर को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने पर चर्चा

**फुलेरा, (निसं)।** स्थानीय पुलिस थाने में रविवार को सायं 5 बजे सीएलजी सदस्यों की बैठक थानाधिकारी बाबूलाल मीणा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। गौरतलब है कि उक्त बैठक में सोमवार को मुस्लिम समुदाय द्वारा आयोजित ईदुलफितर (बकरीद) पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्द से मनाने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। हालांकि फुलेरा क्षेत्र में सभी धर्म के लोगों द्वारा अपने पर्व और त्यौहार मिलजुलकर एवं शांतिपूर्ण तरीके से मनाते जाते आ रहे है।

इसी क्रम में बैठक को संबोधित करते हुए थानाधिकारी मीणा ने कहा कि किसी भी धर्म और समुदाय के द्वारा आयोजित त्यौहार शान्ति का पैगाम लेकर आते है। किन्तु कुछ शरारती तत्व जो त्यौहार के महत्व को नहीं समझते हुए अशांति फैलाने की कोशिश करते है। सभी उनसे सावधान रहने की आवश्यकता है। साथ ही लोगों की सूचना तुरन्त स्थानीय थाने पर देवें ताकि उन पर उचित कार्यवाही की जा सके। वहीं बैठक के दौरान अब्दुल लतीफ कुरैशी ने बताया कि फुलेरा थाना क्षेत्र में हिरनोदा, रोजडी, फुलेरा कस्बे की रेलवे कॉलोनी स्थित पीली मस्जिद और खतवाडी में बकरीद पर प्रातः लगभग 7.30 से लेकर 8 बजे तक ईदगाह पर नमाज अदा की जाती है। इसके बाद कुर्बानियों का दौर चलता है जो भी कुर्बानी देता है वह अपने घर पर ही देता है। बैठक में उपस्थित साइबर क्राइम के पीडित युगराज शर्मा ने बताया कि उन्होंने पतंजलि आरोग्य केन्द्र रुडकी हरिद्वार में 19 जून से 26 जून तक आयोजित शिविर में भाग लेने हेतु केन्द्र की बेवसाइट पर ऑनलाइन बुकिंग कराकर 28600 रूपये डाले थे। किसी कारणवश बुकिंग रद्द करने हेतु दोबारा इसी वेबसाइट पर फोन कर आवेदन रद्द करवाने हेतु पतंजलि आरोग्य केन्द्र पर सम्पर्क करने पर बताया गया कि इस तरह की हमारी कोई वेबसाइट नहीं है। युवराज द्वारा ऑनलाईन ठगी की जानकारी देने पर थाना अधिकारी ने लोगों से ऑनलाइन ठगी से सावधान रहने को कहा।

## संक्षिप्त

### मदन दिलावर आज दूदू में

**दूदू, (निसं)।** शिक्षा एवं पंचायत राज मंत्री मदन दिलावर सोमवार 17 जून को बंदे बालाजी में आयोजित कार्यक्रम गोचर बचाओ वृक्ष लगाओ एक पेड देश के नाम में भाग लेने के लिए आ रहे हैं।

### बालिका को जयपुर से बरामद किया

**दूदू, (निसं)।** स्थानीय थाने की पुलिस ने गत 6 माह पूर्व थाने में दर्ज प्रकरण नाबालिग लडकी को बहला फुसलाकर भगा कर ले जाने के प्रकरण में कार्रवाई कर बालिका को जयपुर से बरामद कर लिया। पुलिस के अनुसार 17 जनवरी 2024 को पडासोली निवासी पीडित पिता ने रिपोर्ट दर्ज कराई की मैं मेरी पत्नी मजदूरी करने गए थे पीछे से दोपहर में करीब 1:30 बजे मेरी पुत्री 12 वर्ष को पडोसी नामजद रिश्ते में चाचा ने बच्ची को जान से मारने की धमकी देकर बहला फुसलाकर भगा ले गया तथा डर है की इच्छा के विरुद्ध गलत काम कर सकता है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई के दौरान 6 माह बाद शनिवार के दिन जयपुर से बालिका को बरामद कर लिया तथा बल सुधार गृह में भेजा जाकर मेडिकल मुआयना कराया गया। आरोपी पुलिस की पकड से बाहर है, तलाश की जारी है।

### विधायक धनकड़ ने की जनसुनवाई

**पावटा, (निसं)।** लोकसभा चुनाव की अवधारणा समाप्त होने के साथ ही राज्य सरकार, पुलिस प्रशासन व जनप्रतिनिधियों के कार्य भी गति पकडने लगे है। इसी क्रम में विराटनगर विधानसभा क्षेत्रीय विधायक कुलदीप धनकड द्वारा रविवार को अपने निवास ग्राम भांकरी में क्षेत्र से आये लोगों की समस्याए एवं बिजली, पानी, सडक, शिक्षा, स्वास्थ्य समेत विभिन्न बिन्दुओं से जुडे अभाव-अभियोग सुनते हुये उनके प्राथमिकता से निस्तारण के निर्देश सबंधित अधिकारियों को दिये। विधायक धनकड ने कहा कि लोगों की समस्याओं का प्राथमिकता के साथ निस्तारण होगा। किसी भी व्यक्ति को सुनवाई के अभाव में परेशान नहीं होने दिया जायेगा। इस मौके पर बडी संख्या में कार्यकर्ता व आमजन मौजूद रहे।

### भागवत कथा की हुई पूर्णाहुति

**निवाई, (निसं)।** ग्राम पंचायत राहौली की बेरा की ढाणी में स्थित शिव मंदिर में 9 दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा यज्ञ का पंडित रमेश शास्त्री के सानिध्य में आयोजन हुआ। इस दौरान रविवार को कई अनुष्ठानों के साथ पूर्णाहुति की गई। पूर्णाहुति के अवसर पर भगवान सालिगराम व पीपल का पाणिग्रहण संस्कार संपन्न हुआ। इसके बाद भण्डारे का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। इस अवसर पर इन्द्रमल मीणा, पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामराय मीणा, विनोद जैन, महावीर जैन, रामनिवास चौधरी, शंकरलाल, मोहन लाल, दीनदयाल, दिनेश कुमार, रमेश यादव व राकेश मीणा सहित कई श्रद्धालु मौजूद थे।

### श्रीमाधोपुर से जयपुर बस सेवा शुरू

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम श्रीमाधोपुर ने यात्रियों के लिए एक और सुविधा श्रीमाधोपुर से जयपुर के लिए सुबह 5:30 बजे बस की नई सेवा का शुभारंभ किया है। मुख्य आगार प्रबंधक दीपक कुमावत ने बताया कि यात्री भार तथा यात्रियों की सुविधाओं के लिए बस की सुविधा की गई शुरू की गई है। बताया गया है की श्रीमाधोपुर से जयपुर के लिए सुबह 5:30 बजे बस रोजाना रवाना होगी। नवीनतम समय सारणी 2024 में विस्तार करते हुए आमजन के लिए इस बस की सेवा को शुरू करने की मांग यात्री व आमजन काफी समय करने कर रहे थे। मांग के अनुरूप प्रात: 5:30 बजे बस की सुविधा शुरू करने से लोगों को इस सुविधा का लाभ मिलने लगेगा।

### क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन आज

**निवाई, (निसं)।** गांव बस्सी में श्री देव क्रिकेट क्लब के तत्वावधान में 17वीं क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन सोमवार को मुख्य अतिथियों के द्वारा फीता काटकर किया जाएगा। प्रतियोगिता की कप्तान हीरालाल पडियार व उपकप्तान आसाराम हरसाना ने बताया कि सिरस रोड बस्सी तालाब में सोमवार को प्रात 8 बजे क्रिकेट प्रतियोगिता का मुख्य अतिथियों के द्वारा फीता काटकर क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ किया

# केंद्र सरकार आदिवासियों की सुरक्षा को लेकर कृत संकल्प है : भूपेंद्र यादव

**राजगढ, (निसं)।** केंद्रीय पर्यावरण वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा कि केंद्र सरकार आदिवासियों की हितों की सुरक्षा एवं 36 बिरादरी के विकास को कृत संकल्प है। केंद्र एवं राज्य की सरकारी मिलकर क्षेत्र का चौमुखी विकास करेंगे। यादव उपखंड क्षेत्र के भजेडा ग्राम स्थित मीन भगवान मंदिर पर आयोजित दो दिवसीय पद दंगल एवं मीन महोत्सव के समापन पर बोल रहे थे।

उन्होंने कहा कि कुछ लोगों की ओर से भ्रम फैलाया गया कि आरक्षण समाप्त हो जाएगा, मगर बाबासाहेब अंबेडकर की आरक्षण व्यवस्था को कोई भी सरकार खत्म नहीं कर सकती। सबका साथ सबके विकास को साथ लेकर केंद्र सरकार अंतिम व्यक्ति के कल्याण को प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि लोगों में चर्चा थी कि सांसद बनने के बाद क्षेत्र में नहीं आएंगे मगर अलवर में धन्यवाद यात्रा का दूसरा कार्यक्रम मीन भगवान मंदिर पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने का मौका मिला। उन्होंने क्षेत्र के प्रत्येक गांव में दौरा कर राजनीति से ऊपर उठकर भाईचारे के साथ विकास की बात कही। इस अवसर पर मंदिर कमेटी के अध्यक्ष रामकृपाल मीणा एवं सरपंच सीमा मीणा, भाजपा नेता बन्ना राम मीना ने क्षेत्र में पानी की विकराल होती समस्या के समाधान की मांग रखी।

इस पर यादव ने पानी एवं ट्रेनों के ठहराव, केंद्रीय विद्यालय शीघ्र संचालित करने, नशा मुक्ति एवं स्वयं सहायता समूह सहित अन्य सभी मांगों के निराकरण का संकल्प जताया। मंदिर परिसर में आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रीय जन सेवा टीम की ओर से शीतल ठंडाई एवं अन्य संस्थाओं की ओर से शीतल पेय पदार्थ के वितरण की व्यवस्था की।

आयोजित भंडारे में हजारों की संख्या में प्रसादी ग्रहण का लोगों ने धर्म लाभ कमाया इस अवसर पर जिला अध्यक्ष अशोक गुप्ता, संजय नरूका, सांसद मुरारी लाल मीणा, राजेश मीणा, रामकिशन मीणा, कालूराम, कमलेश, विजय समर्थ लाल, जोहरी लाल मीणा, सरोज मीणा,एवं अन्य जन प्रतिनिधियों ने कार्यक्रम में शिरकत की। कार्यक्रम का संचालन रामकिशन मीणा ने किया।



केंद्रीय पर्यावरण वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने भजेड़ा ग्राम स्थित मीन भगवान मंदिर पर आयोजित दो दिवसीय पद दंगल एवं मीन महोत्सव के समापन कार्यक्रम में शिरकत की।

- मीन भगवान मंदिर पर आयोजित दो दिवसीय पद दंगल एवं मीन महोत्सव का समापन

### 101 पौधे लगाये, संकल्प लिया

**मनोहरपुर, (निसं)।** मामटोरी गांव में रविवार को कुंडा धाम के महंत प्रहलाद दास महाराज के सानिध्य में अरावली की पहाड़ियों में 101 पौधे लगाकर पौधारोपण का संकल्प लिया। इस दौरान मौजूद लोगों ने पौधे लगाकर बडे होने तक पौधों का संरक्षण करने का संकल्प भी लिया। महंत प्रहलाद दास महाराज ने कहा कि प्राचीन समय में पौधारोपण व्यक्ति की दिनचर्या का हिस्सा था। पौधारोपण के प्रति लोगों की कम होती मानसिकता के चलते ग्रामीण क्षेत्र में भी पेड पौधे कम होते जा रहे हैं। महाराज ने उपस्थित लोगों से अधिक से अधिक लोगों को प्रेरित कर पौधारोपण करने की अपील की। प्राप्त जानकारी के अनुसार इस दौरान बनवारी दास महराज सरपंच मामटोरी उपेंद्र कुमार, शिवसिंहपुरा विनोद वर्मा, गोपीराम, मोहनलाल सामोता, ठेकेदार मुकेश यादव, महेंद्र घोसलिया, डा राकेश वर्मा, रविन्द्र सिंह, जितेंद्र वर्मा, सुशील गढवाल, कानाराम बोबास्या , रामचंद्र गुर्जर, मक्खन लाल गढवाल, राजेश गढवाल, मंगल राठी, कृषि पर्यवेक्षक जितेंद्र गठाला, दीपक प्रजापत, लक्ष्मण प्रजापत, जितेंद्र शेखावत , विनय, ग्राम विकास अधिकारी विजय घोसल्या, अध्यक्ष राहुल चौधरी आदि मौजूद थे।

# 'कोई दिव्यांगजन सर्वे में छूटे नहीं, योजनाओं का लाभ सबको मिले'

**किशनगढबास, (निसं)।** कलेक्टर डॉ अर्तिका शुक्ला की और से जिला खैरथल तिजारा में दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण को लेकर किए गए जिला नवाचार सशक्त खैरथल तिजारा अभियान के तहत किशनगढबास सहित तिजारा टपूकडा उपखंड में सशक्त खैरथल तिजारा अभियान की शुरुआत करते हुए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया।

तिजारा टपूकडा व किशनगढबास में ब्लॉक स्तर पर आयोजित एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला में अधिकारियों ने जिला कलेक्टर डॉ अर्तिका शुक्ला की और से खैरथल तिजारा जिले में दिव्यांग जनों के लिए नवाचार कर शुरू की गई सशक्त खैरथल तिजारा में दिव्यांग जनों को केंद्र और राज्य सरकार से मिलने वाली सभी सुविधाओं को 100 प्रतिशत दिलाने के लिए शुरू किए गए सशक्त खैरथल तिजारा अभियान को समय अवधि में पूरा करने के लिए प्रशिक्षण दिया गया।

प्रशिक्षण कार्यशालाओं में अधिकारियों ने ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों की सर्वे टीमों को सर्वे के माध्यम से दिव्यांगजनों के चिन्हीकरण के बारे मे बताया। राज्य और केंद्र सरकार की ओर से दिव्यांजनों को मिलने वाली सुविधा के बारे में विस्तार से जानकारी दी और कहा कि कोई दिव्यांगजन किए जाने वाले सर्वे में छूटे नहीं, सरकार की योजनाओं का लाभ सब को मिले। इस भावना के साथ काम करेंगे तो निश्चित हम सशक्त खैरथल तिजारा जिला बना सकेंगे।

किशनगढबास तिजारा व टपूकडा में आयोजित ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला में एसडीएम तहसीलदार नायब तहसीलदार महिला बाल विकास अधिकारी सहित अन्य विभागों के अधिकारियों ने एएनएम, पटवारी, आशा सहयोगिनी, ग्राम विकास अधिकारी तथा समाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के कार्मिक को जिला कलेक्टर की ओर से दिव्यांग जनों के लिए शुरू किए गए सशक्त खैरथल तिजारा अभियान को लेकर विस्तार से जानकारी प्रदान की और एक निष्पक्ष सर्वे के आधार पर दिव्यांग जनों को राज्य व केंद्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ दिलाए जाने पर जोर दिया।



दिव्यांग जनों को संपूर्ण लाभ दिलाकर सक्षम खैरथल तिजारा बनाने के लिए अधिकारियों ने प्रशिक्षण दिया।

- किशनगढ़बास, तिजारा, टपूकड़ा में प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन

# दुकानों के बाहर हो रहे अस्थाई अतिक्रमण को हटवाया



डीएसपी मृत्युंजय मिश्रा ने पुलिस जवानों के साथ मौके पर पहुंचकर सामानों को हटवाया।

**निवाई, (निसं)।** झिलाय रोड व अहिंसा सर्किल के आस-पास स्थित दुकानों के बाहर दुकानदारों द्वारा सामान रखकर वापस अतिक्रमण करने की शिकायत मिलते ही डीएसपी मृत्युंजय मिश्रा हरकत में आए और पुलिस जवानों के साथ मौके पर पहुंचकर सामानों को हटवाया।

डीएसपी मृत्युंजय मिश्रा ने बताया कि शहर में यातायात को सुगम बनाने के लिए अभियान चलाकर दुकानदारों को समझाईश कर दुकानों के बाहर रोड पर सामान नहीं रखने के लिए समझाया गया था। कुछ दुकानदारों ने वापस दुकानों के बाहर सडक पर सामान रखना शुरू कर दिया। इस पर लोगों से शिकायत मिली थी। सूचना मिलते ही पुलिस के जवानों के साथ मौके पर पहुंचकर सामानों को हटवाया तथा दुकानदारों को दुकानों के बाहर सामान नहीं रखने के लिए प्रेरित किया साथ ही चेतावनी भी दी कि फिर से सामान दुकान के बाहर रखा गया तो चालान करने के साथ ही कानूनी कार्यवाही भी की जाएगी। इस दौरान सडकों पर खडे हुए वाहनों को भी हटवाया और वाहन चालकों से सडक पर वाहनों को पार्क नहीं करने की हिदायत दी।

# जिला अंधता निवारण समिति बनी नेत्र रोगियों के लिए वरदान

**सांभरझील, (निसं)।** जिला अंधता निवारण समिति व शंकरा आई हॉस्पिटल्स के आर्थिक सहयोग से सांभर में विगत सालों में करीब 5 हजार से अधिक लोगों के निशुल्क मोतियाबिंद के ऑपरेशन सफलतापूर्वक करवाए जा चुके हैं।

सर्वप्रथम इसकी शुरुआत व्यापार महासंघ के पूर्व अध्यक्ष सत्यनारायण गोयल परिवार की ओर से करवाई गई थी। इसके बाद पिछले दो सालों से सांभर के व्यापारी नरेश कुमार, पुनीत कुमार आहूजा की तरफ से सेवा भाव को दृष्टिगत रखते हुए निशुल्क नेत्र जांच एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन का कैंप लगवाने का जिम्मा अपने हाथों में लिया। इस कार्य के लिए समाजसेवी की भूमिका में प्रमुख रूप से पवन कुमार मोदी, विष्णु कुमार सिंघानिया का सहयोग भी खास तौर पर रहता है।

मरीज के लिए निशुल्क ठहरने की व्यवस्था, अस्पताल की टीम और मरीजों के लिए चाय नाश्ते व भोजन की व्यवस्था भी अपनी तरफ से करते हैं। वर्तमान में अब राम अवतार, भारती देवी गोयल की स्मृति में पीडी गोयल परिवार की ओर से इसको ऑर्गेनाइज करवाया जा रहा है। आगामी 19 जून को पंचमुखी बालाजी स्थित एक धर्मशाला में मोतियाबिंद जांच एवं लैंस प्रत्यारोपण शिविर लगाया जाएगा। समाजसेवी नरेश आहूजा बताते हैं कि हमारी टीम की ओर से इस पुनीत कार्य में जो भी सहयोग बनता है किया जाता है ताकि अधिक से अधिक लोगों को शिविर का लाभ मिल सके। ऑपरेशन के लिए चयनित सभी मरीजों को अस्पताल प्रशासन की गाडी से निशुल्क जयपुर ले जाया जाता है और वापस सांभर छोडा जाता है। व्यापार महासंघ के अध्यक्ष राजेंद्र अठावाल कहते हैं कि मनुष्य के लिए इस सेवा भाव से बढ़कर और क्या हो सकता है, सभी को इसमें अपना जरूरी सहयोग करना चाहिए।

- सामाजिक कार्यकर्ताओं के सहयोग से 5000 लोग हुए लाभान्वित
- आगामी 19 जून को मोतियाबिंद जांच एवं लैंस प्रत्यारोपण शिविर लगेगा

# यह जीत जनता, किसानों व युवाओं की जीत है : राव राजेन्द्र सिंह

**पावटा, (निसं)।** जयपुर ग्रामीण लोकसभा क्षेत्र से भाजपा के नव निर्वाचित सांसद राव राजेंद्र सिंह रविवार सुबह पावटा में प्रथम आगमन को लेकर पावटा कस्बे के नेशनल हाईवे 48 अखाडा परिषद में विराटनगर विधानसभा क्षेत्रीय विधायक कुलदीप धनकड के नेतृत्व में सैकडों कार्यकर्ताओं ने गाजे बाजे से माला एवं साफा पहनाकर भव्य स्वागत किया।

नवनिर्वाचित सांसद राव राजेंद्र सिंह ने कहा कि यह मेरी नहीं बल्कि देव तुल्य जनता, किसानों व युवाओं, महिलाओं की जीत है। जीत का श्रेय जनता व पार्टी के कार्यकर्ताओं को देना चाहता हूँ। जयपुर ग्रामीण की जनता एक परिवार है इनकी आवाज बनकर हमेशा इनके साथ खडा रहूँगा। मेरे कार्यकर्त्ताओं ने जिस बहादुरी वफ़ादारी व दिलेरी के साथ लोकसभा चुनाव में जी तोड मेहनत करके यह सफलता दिलाई है। उसका मै आजीवन ऋणी रहूंगा। कार्यकर्ताओं को विश्वाश दिलाते हुए कहा कि आप सभी का मान सम्मान स्वाभिमान की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहूँगा। विधायक कुलदीप धनकड ने कहा कि हमारे कार्यकर्ता एक बहादुर सिपाही है। इनके दम पर ही हम सभी इस बडी जंग को जीतने में सफल हुए है। मेंहनत दृढ इच्छा शक्ति के दम पर बडी सी बडी जंग को जीता जा सकता है। इस दौरान प्रधान प्रतिनिधि जगन चौधरी, कैलाश ताख़र, बद्री प्रसाद चौहान, जगदीश यादव सहित बडी संख्या में भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।



जयपुर ग्रामीण लोकसभा क्षेत्र से भाजपा के नव निर्वाचित सांसद राव राजेंद्र सिंह का विधायक कुलदीप धनकड़ के नेतृत्व में स्वागत किया।

- नवनिर्वाचित सांसद राव राजेंद्र सिंह का पावटा आगमन पर भव्य स्वागत

### आरोपी हथियार सहित गिरफ्तार

**पावटा, (निसं)।** जिला पुलिस अधीक्षक कोटपुतली बहरोड वंदिता राणा ने जानकारी देते बताया कि पुलिस मुख्यालय द्वारा आर्म्स एक्ट व संपति संबंधी अपराधों में चालानशुदा अपराधियों के विरुद्ध कार्रवाई करने के आदेशों की पालना में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोटपुतली नेम सिंह के निर्देशन में व वृत्ताधिकारी वृत्त विराटनगर रोहित सांखला के सुपरविजन एवं भाबरु थानाधिकारी रविंद्र सिंह के नेतृत्व में टीम का गठन कर गठित टीम द्वारा दिनांक 15 जून 2024 को धूलकोट किशनपुरा रोड पर एक युवक अवैध देशी कट्टे के साथ घूम रहा था। जिस पर प्राप्त सूचना पर कार्यवाही करते हुए अभियुक्त अनूप उर्फ रॉकी उर्फ पहलवान पुत्र ओंकार उम्र 30 साल निवासी धूलकोट थाना भाबरु को अवैध देशी कट्टा मय कारतूस सहित गिरफ्तार कर अभियुक्त के खिलाफ आर्म्स एक्ट में मामला दर्ज कर अनुसंधान किया जा रहा है।

## सार-समाचार

### नालियों के पुनर्निर्माण के लिए एसडीएम को ज्ञापन सौंपा



**सांभरझील, (निसं)।** गुढा में सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा करीब 5 साल पहले गौरव पथ के साथ बनाई गई नालियों में तकनीकी खामियों की वजह से पानी निकासी में हो रही दिक्कत से परेशान मोहल्लेवासियों ने उपखंड अधिकारी को अभ्यावेदन सौंपा। नालियों के पुनर्निर्माण कराने की लोगों ने मांग रखी। मोहल्ले के लोगों ने बताया कि निकास द्वार बडे नालें में बिना मिलाए ही छोडने से गंदा पानी सडको पर फैला रहता है। बरसात के दिनों में यह समस्या विकराल रूप ले लेती है। नहाने- धोने का मटमैला पानी भी घरो के सामनें इकट्ठा हो जाता है। हर वक्त गंदगी का आलम छाया रहने से आमजन, स्थानीय ग्रामीण तथा मंदिर आवागमन करने वाले श्रद्धालुओं के साथ राहगीर भी परेशान है। कीचड में मच्छर, मक्खियां उत्पन्न होने से बीमारी फैलने का अंदेशा रहता है। इन गली मोहल्लों का निरीक्षण कर समस्या का जल्द समाधान करने हेतु एसडीएम विश्वामित्र मीणा ने विकास अधिकारी को निर्देश प्रदान किए हैं।

### डायबिटीज जांच एवं निदान शिविर



**राजगढ़, (निसं)।** लायन्स क्लब राजगढ एवं श्री साँई क्लीनिक जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में ब्राह्मण धर्मशाला में हड्डी रोग एव डायबिटीज जांच एवं निदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 122 मरीज लाभान्वित हुए। इस शिविर में डा. दिव्याक गुप्ता एवं डा. कनिका हिसारिया ने अपनी सेवाऐं प्रदान की। पुलिस उप अधीक्षक मनीषा मीना, क्लब अध्यक्ष खेम सिंह आर्य ने फीता काटकर शिविर का विधिवत शुभारम्भ किया। कार्यक्रम संयोजक मदन लाल शर्मा ने बताया कि शिविर में 122 मरीजों की हड्डी की जांच, बीपी वजन एवं डायबिटीज की निशुल्क जॉच कर उपचार लिखा गया। इस अवसर पर रीजन चेयर पर्सन वीरेन्द्र दाधीच क्लब सचिव एन एल वर्मा कोषाध्यक्ष जीनेन्द्र जैन अजय यादव, भूपेंद्र शर्मा सहित अन्य मौजूद रहे।

### लैंस प्रत्यारोपण शिविर आयोजित



**चौमूं / कालाडेरा, (निसं)।** पूर्व विधायक रामलाल शर्मा के जन्मदिवस के उपलक्ष में रविवार को कालाडेरा कस्बे में स्थित ब्राह्मण समाज की धर्मशाला में नि: शुल्क नेत्र चिकित्सा एवं लैंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का यज्ञाचार्य बुद्धि प्रकास शास्त्री द्वारा विधिवत पूजा अर्चना कर पूर्व विधायक रामलाल शर्मा, केलगिरी आई हॉस्पिटल की नेत्र सर्जन डॉक्टर यामिनी सिंगल, कालाडेरा संरपच अशोक कुमार शर्मा के कर कमलो से शुभारंभ किया गया। शिविर में 210 मरीजों का निशुल्क परामर्श एवं निशुल्क दवा वितरण की गई। करीब 40 मरीजों को नि:शुल्क चश्में वितरित किए गए और 13 मरीजों को ऑपरेशन हेतु केलगिरी आई हॉस्पिटल जयपुर ले जाया गया। शिविर के दौरान कालाडेरा व्यापार मण्डल अध्यक्ष महेश कुमार योगी, भगवान सहाय शर्मा, भाजपा कालाडेरा मण्डल अध्यक्ष बनवारी लाल शर्मा, कार्यक्रम संयोजक नरेश यादव भाजपा मंडल प्रभारी कालाडेरा, कालाडेरा ग्राम पंचायत के पूर्व उपसरपंच मुकेश पंचोली, सीताराम यादव, राजू नागर, जीएल बागडा, बाबूलाल यादव, बुद्धिप्रकाश प्रजापत, मोहन छीपा, केलगिरी आई हॉस्पिटल जयपुर का स्टाफ सहीत ग्रामीण जन उपस्थित थे।

### शिविर में 416 मरीज लाभान्वित

**कोटपूतली, (निसं)।** मानव सेवा केन्द्र, पूतली के तत्वाधान में समीपवर्ती ग्राम कुहाडा कल्याणपुरा स्थित श्री छांपाला वाला भैंरू जी मंदिर में तृतीय विशाल नि:शुल्क नेत्र जाँच शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर विधायक हंसराज पटेल ने बतौर मुख्य अतिथि फीता काटकर शिविर का शुभारम्भ किया। विधायक पटेल ने संस्था की सराहना करते हुए कहा कि लगभग पिछले दो वर्षो से संस्था गरीब कल्याण व सामाजिक सुधार के कार्य बखूबी कर रही हैं। उन्होंने कहा कि मानव मात्र की सेवा ईश्वर की भक्ति के समान होती है। शिविर में नि:शुल्क दवाईयां वितरित की गई। शिविर में नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. पुष्कर राज गुर्जर, नर्सिंग ऑफिसर सुरेश कुमार गुर्जर, सुनील सैनी, सुनील गुर्जर ने अपनी सेवायें दी। शिविर में कुल 416 मरीज लाभान्वित हुये। संस्था द्वारा विधायक पटेल का साफा, माला पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर स्वागत किया गया। इस दौरान वृद्धाश्रम संचालक हरिराम अवाना, एड. कमल कसाना, रामकिशन, राजाराम, प्रियांशु, हवासिंह, विकास, लोकेश समेत अन्य मौजूद रहे।

# पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया

**निवाई, (निसं)।** निकटवर्ती गांव भणकपुरा के पास स्थित प्राचीन कंकाली माताजी के मंदिर परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

जिला पर्यावरण संयोजक उमरावसिंह ने बताया कि भूमि सुपोषण और पर्यावरण संरक्षण अभियान के दौरान मंदिर परिसर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्र सेवा प्रमुख शिवलहरी, विभाग प्रचारक चैतन्य प्रकाश, प्रांत सेवा प्रमुख सूर्यप्रकाश, संत मनीषदास महाराज व देवालाल स्वामी ने कल्पवृक्ष, गूलमोहर, अशोक, पीपल व नीम सहित कई छायादार फलदार पौधे लगाकर उनको वृक्ष बनाने का संकल्प दिलवाया। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सेवा प्रमुख शिव लहरी ने कहा कि सभी कार्यकर्ताओं को अधिक से अधिक पौधे लगाकर उनको पेड बनने तक देखभाल करना चाहिए तब ही ग्लोबल वार्मिंग पर नियंत्रण हो सकता है। इस अवसर पर संघ कार्यकर्ता दिनेश मणिरत्नम, विभाग सेवा प्रमुख सुरेश स्वामी, पवन वशिष्ठ, प्रवीण कुमार, प्रेमप्रकाश, जगदीश रैगर, रघुवीर स्वामी, राजेश कनेसर, राधेश्याम शर्मा, देवालाल स्वामी, भंवरलाल स्वामी, रामेश्वर, अशोक, अनिल, विशाल, राहुल, भानु, कार्तिक, हेमराज, प्रहलाद व मोनिका सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।



मैं और सैमी रोहित शर्मा से अनुशासन का आर्ट सीख रहे हैं। इस तरह शुभमन गिल ने एक ही तस्वीर से आलोचकों की बोलती बंद कर दी। – शुभमन गिल

भारतीय क्रिकेटर, आलोचकों के बयान पर बोलते हुए।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी**

## डेविड वीजे



टी-20 वर्ल्ड कप के बीच स्टार ऑलराउंडर गेंदबाज डेविड वीजे ने अंतर्राष्ट्रीय करियर से संन्यास की घोषणा कर दी है। दो देशों की टीमों के लिए खेल चुके वीजे ने अपना आखिरी मुकाबला इंग्लैंड के खिलाफ शनिवार को खेला, जिसमें उनकी टीम नामीबिया को हार का सामना करना पड़ा। वीजे ने इस मैच में 12 गेंदों में 27 रन बनाए। डेविड वीजे ने साउथ अफ्रीका के लिए अपने इंटरनेशनल करियर की शुरुआत की थी। उन्होंने साल 2015 में सेंचुरियन में अपना वनडे डेब्यू किया। इसके बाद वे नामीबिया चले गए और यहां भी शानदार करियर बिताया।

**क्या आप जानते हैं ?...** टेस्ट क्रिकेट इतिहास का पहला टेस्ट इंग्लैंड व ऑस्ट्रेलिया के मध्य 1877 में मेलबोर्न में खेल गया था। इसे ऑस्ट्रेलिया ने 45 रन से जीता।

## गौतम गंभीर ही होंगे भारत के अगले हेड कोच

नई दिल्ली, 16 जून। पूर्व भारतीय बल्लेबाज गौतम गंभीर भारतीय क्रिकेट टीम के नए कोच बनने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। 42 वर्षीय बाएं हाथ के बल्लेबाज राहुल द्रविड़ की जगह लेंगे, जिनका अनुबंध जून 2024 में समाप्त हो रहा है। रविवार (16 जून) को दैनिक जागरण की एक रिपोर्ट के अनुसार गंभीर की नियुक्ति लगभग पूरी हो चुकी है और जून के अंत तक उन्हें भारत के नए मुख्य कोच के रूप में घोषित किया जाएगा। रिपोर्ट के अनुसार, बीसीसीआई के एक अधिकारी ने गंभीर की नियुक्ति की खबर की पुष्टि की है और कहा है कि आधिकारिक घोषणा उचित समय पर की जाएगी। गंभीर ने बीसीसीआई से अपना सहयोगी स्टाफ लाने की मांग की है।मौजूदा समय में विक्रम राठौर टीम इंडिया के बल्लेबाजी कोच हैं, जबकि पारस म्हाम्ब्रे गेंदबाजी कोच हैं। टी. दिलीप टीम इंडिया के फील्डिंग कोच के रूप में द्रविड़ के सहयोगी स्टाफ का हिस्सा हैं।

## भारत सुपर-8 के पहले मुकाबले में अफगानिस्तान से भिड़ेगा

ब्रिजटाउन, 16 जून। भारत सुपर आठ में अपना पहला मुकाबला 20 जून को अफगानिस्तान के खिलाफ बारबाडोस में खेलेगा। इसके बाद 22 जून को भारत का दूसरा मुकाबला नॉर्थ साउंड में सोमवार को बंगलादेश और नीदरलैंड के बीच होने वाले मैच को जीतने वाली टीम से होगा। वहीं इस राउंड के अपने तीसरे और अंतिम मैच में भारत 24 जून को ग्रॉस आइलेट में ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगा। सुपर आठ के लिए दो ग्रुप होंगे। भारत, ऑस्ट्रेलिया, अफगानिस्तान तथा बंगलादेश और नीदरलैंड के बीच होने वाले मैच की विजेता टीम पहले ग्रुप में होगी। यहां भारत का अफगानिस्तान और ऑस्ट्रेलिया के साथ मैच होना तय है। भारतीय टीम को अपने ग्रुप में ऑस्ट्रेलिया और अफगानिस्तान से सतर्क रहने होगा। अगर पहले ग्रुप में कोई उलटफेर नहीं होता है भारत का सेमीफाइनल में पहुंचना तय माना जा रहा है। वहीं ग्रुप-2 में दक्षिण अफ्रीका, वेस्टइंडीज और अमेरिका की जगह पक्की हो चुकी है। प्रत्येक ग्रुप से दो-दो टीमें सेमीफाइनल के लिये क्वालीफाई करेंगी। पहला सेमीफाइनल 26 जून को त्रिनिदाद में है और दूसरा सेमीफाइनल 27 जून गुयाना में होगा। अगर भारत सेमीफाइनल में पहुंचता है तो वह गुयाना में खेलेगा। टी-20 विश्व कप का फाइनल 29 जून को बारबाडोस के ब्रिजटाउन में खेला जायेगा।

## हम भी इंसान है, गलती हमसे भी... पाक टीम को पड़ रही गालियों के बीच इमाद वसीम का छलका दर्द

नई दिल्ली, 16 जून। पाकिस्तान टीम के अनुभवी ऑलराउंडर इमाद वसीम ने माना है कि पाकिस्तानी टीम गलत थी और उसने गलतियां कीं, जिसकी वजह से टीम टी20 वर्ल्ड कप के ग्रुप स्टेज से ही बाहर हो गई। उन्होंने फैंस और मीडिया से ये समझने की गुहार लगाई कि खिलाड़ी भी इंसान ही होते हैं।अमेरिका और आयरलैंड के बीच ग्रुप ए का मैच बारिश में धुल गया, जिस कारण पाकिस्तान सुपर 8 की रेस से बाहर हो गया। वहीं, टूर्नामेंट में पहली बार खेल रहे अमेरिका ने इस बड़े टूर्नामेंट के अगले चरण में प्रवेश कर इतिहास रच दिया। बता दें कि अमेरिका ने पाकिस्तान को सुपर ओवर में हराया था। इस उलटफेर से ही पाकिस्तान टीम वर्ल्ड कप के पहले राउंड से बाहर हो गई। वहीं अब इमाद वसीम ने बड़ा बयान भी दिया। इमाद वसीम ने इस बात को स्वीकार किया कि पाकिस्तान टीम से बतौर एक ग्रुप परफॉर्मेंस नहीं हुई और टीम के इस निराशाजनक प्रदर्शन के वह जिम्मेदार हैं। इमाद वसीम ने कहा, पुरी टीम से परफॉर्म नहीं हुई और हम लोग इसके कसूरवार हैं। बुरी चीज हुई है। पर क्या पता पाकिस्तान क्रिकेट के लिए यह बहुत बड़ी चीज हो फिर इसको रिवेम्प और फिर से देखा जाए।

## टिम डेविड ने सिक्स लगाकर मैच जिताया

नई दिल्ली, 16 जून। ऑस्ट्रेलिया ने टी-20 वर्ल्ड कप 2024 के 35वें मुकाबले में स्कॉटलैंड को 5 विकेट से हरा दिया। सेंट लूसिया के डैरेन सैमी नेशनल क्रिकेट स्टेडियम में पहले बैटिंग करते हुए स्कॉटलैंड ने 20 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 180 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया को 181 रन का टारगेट दिया। जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने 19.4 ओवर में 5 विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया। ऑस्ट्रेलिया के बैटर टिम डेविड ने आखिरी ओवर में सिक्स लगाकर मैच जिता दिया। वहीं, ट्रैविस हेड को जीवनदान मिला। उन्होंने फिर अर्धशतक लगाया। जबकि. स्कॉटलैंड ने टी-20 वर्ल्ड कप में अपना सबसे बड़ा स्कोर बनाया। स्कॉटलैंड के बल्लेबाज ब्रैंडन मैकमुलेन ने 98 मीटर का सिक्स लगाया। ऑस्ट्रेलिया के लिए आठवां ओवर एश्टन एगर लेकर आए। ओवर की पहली बॉल पर मैकमुलेन कोई रन नहीं बना सके। दूसरी बॉल पर मैकमुलेन ने घुटने के बल बैठकर मिडविकेट की ओर स्लॉग स्वीप लगाया और बॉल मैदान से बाहर चली गई। यह सिक्स 98 मीटर का था।





# स्मृति मंधाना ने ठोका छठा वनडे शतक

## दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ बनी टीम की संकटमोचन

नई दिल्ली, 16 जून। उपकप्तान स्मृति मंधाना के करियर के शानदार छठे शतक के दम पर भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने यहां बेंगलुरु एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेले जा रहे पहले वनडे मैच में दक्षिण अफ्रीका के सामने जीत के लिए 266 रनों का लक्ष्य रखा है। तीन मैचों की वनडे सीरीज के पहले मुकाबले में भारतीय टीम ने निर्धारित 50 ओवरों में 8 विकेट पर 265 रनों का स्कोर बनाया।

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत काफी खराब रही। टीम लगातार अंतराल पर विकेट खोती चली गई। 99 रन पर ही भारत की आधी टीम पवेलियन लौट चुकी है, हालांकि, सलामी बल्लेबाज और उपकप्तान स्मृति मंधाना ने एक छोर संभाले रखा और उन्होंने अर्धशतक लगाकर अपनी टीम को संकट से उबारा है। मंधाना ने 61 गेंदों पर अपना अर्धशतक पूरा किया, उनके वनडे करियर का ये 27वां अर्धशतक है। दूसरे छोर पर लगातार विकेटों का अंबार लग रहा था जबकि दूसरी छोर पर मंधाना टिकी हुई थीं। उन्होंने शेफाली वर्मा (7) के सात पहले विकेट के लिए 15, डायलन हेमलता (12) के साथ दूसरे विकेट के लिए 17, कप्तान हरमनप्रीत कौर (10) के साथ तीसरे विकेट के लिए 23, जेमिमाह रोड्रिग्ज (17) के साथ चौथे विकेट के लिए 37 और रिचा घोष (3) के सात पांचवें विकेट के लिए सात रनों की साझेदारी की। इसके साथ ही मंधाना ने इंटरनेशनल क्रिकेट में अपने 7000 रन पूरे कर लिए हैं। और वह ऐसा करने वाली दूसरी भारतीय महिला खिलाड़ी बन गई हैं। मंधाना से आगे अब केवल मिताली राज ही हैं, जिनके नाम 10868 रन हैं।

## न्यूजीलैंड के निगाहें पापुआ न्यू गिनी के खिलाफ बड़ी जीत पर




टरूबा, 16 जून। पिछले 10 वर्षों में पहली बार सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर होने वाली न्यूजीलैंड की टीम पापुआ न्यू गिनी के खिलाफ यहां होने वाले मैच में बड़ी जीत दर्ज करके टी20 विश्व कप में अपने अभियान का समापन करने के लिए उतरेगी। न्यूजीलैंड का आईसीसी की प्रतियोगिताओं में अच्छा प्रदर्शन रहा है लेकिन यहां उसने शुरू में लचर प्रदर्शन किया जिसके कारण वह सुपर आठ में जगह बनाने की दौड़ से बाहर हो गया।

न्यूजीलैंड की टीम के लिए यह मैच इसलिए महत्वपूर्ण बन गया है क्योंकि उसके तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट ने पुष्टि कर दी है कि यह टी20 विश्व कप में उनका आखिरी मैच होगा। ऐसे में केन विलियमसन की अगुवाई वाली टीम अपने इस तेज गेंदबाज को जीत से विदाई देना चाहेगी। पापुआ न्यू गिनी की टीम ने अभी तक अपने तीनों मैच गंवाए हैं और अगर उसकी टीम न्यूजीलैंड के सामने थोड़ा भी चुनौती पेश करती है तो यह उसके लिए काफी मायने रखेगा।

## नीदरलैंड्स से बचकर रहना श्रीलंका

ग्रास आइलेट, 16 जून। श्रीलंकाई टीम मौजूदा टी-20 विश्व कप में अबतक एक भी मैच नहीं जीत पाई है। सुपर-आठ की उम्मीदें तो उसकी काफी पहले ही खत्म हो चुकी है। अब उसकी लड़ाई ग्रुप राउंड आखिरी पायदान पर फिनिश न करने की होगी। वह अपने ग्रुप में पांचवें स्थान पर है जबकि नीदरलैंड्स तीसरे स्थान पर है। श्रीलंका पहले ही सुपर 8 की दौड़ से बाहर हो चुका है, लेकिन वह अपनी प्रतिष्ठा की खातिर नीदरलैंड्स के खिलाफ होने वाले मैच में अपना सब कुछ झोंक देगा। जहां तक नीदरलैंड्स की बात है तो उसने अभी तक तीन मैच में से एक में जीत दर्ज की है। उसकी टीम ने अभी तक अच्छा प्रदर्शन किया है और इस मैच में भी वह बेहतर खेल का नमूना पेश करके जीत दर्ज करना चाहेगी। दक्षिण अफ्रीका ग्रुप डी से पहले ही सुपर 8 में अपनी जगह पक्की कर चुका है जबकि बांग्लादेश चार अंक लेकर दूसरे स्थान पर है।

## फादर्स डे के मौके पर जीवा धोनी ने पापा एमएस धोनी का वीडियो किया शेयर



नई दिल्ली, 16 जून। आज दुनिया भार में फार्दर डे मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में भारत के महान क्रिकेटर एमएस धोनी की बेटी जीवा धोनी ने फादर्स डे 2024 के मौके पर उनके लिए एक प्यारा सा वीडियो पोस्ट किया। जो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। इस बार 2024 में फादर्स डे पर जीवा ने एमएस धोनी का एक वीडियो पोस्ट किया है। इसमें पूर्व भारतीय कप्तान अपने कुत्ते के साथ नजर आ रहे हैं। साथ ही धोनी और जीवा अपने कुत्तों के साथ खेलते और मस्ती करते हुए दिख रहे हैं।

बता दें कि, एमएस धोनी और साक्षी धोनी की साल 2010 में शादी हुई थी। जिसके बाद 2015 में जीवा का जन्म हुआ था। उस दौरान धोनी आईसीसी वर्ल्ड कप के लिए ऑस्ट्रेलियाई दौरे पर थे। अपने पिता के चलते जीवा पहले से ही सोशल मीडिया पर मशहूर हैं। जीवा अक्सर आईपीएल के दौरान अपने पिता और उनकी टीम को चेयर करती नजर आती हैं।

## विराट पर गिरेगी गाज या स्पिन डिपार्टमेंट में फेरबदल

नई दिल्ली, 16 जून। अमेरिका और वेस्टइंडीज की मेजबानी में हो रहे इस बार के टी20 वर्ल्ड कप की पिचों के लेकर भाग लेने वाली टीमों के बीच शुरुआत से ही संशय था। एक अंदाजा यह था कि ये धीमी होंगी और उसी अंदाजे को आधार बनाकर भारतीय सिलेक्टर्स ने अपनी वर्ल्ड कप की टीम में चार स्पिनर्स को जगह दी थी। लेकिन यहां अभी तक पिचों ने बिल्कुल अलग व्यवहार किया है। पिच धीमी तो रही हैं लेकिन ये पेसर्स के लिए ज्यादा मददगार दिखीं। इस कारण चार स्पिनर्स का भारतीय फॉर्म्युला फिलहाल कारगर नजर नहीं आ रहा। लीग स्टेज को शुरुआती तीन मैचों में भारत ने कुल 56 ओवर डाले हैं जिनमें से सिर्फ नौ ओवर ही स्पिनर्स के हिस्से आए हैं। भारतीय बोलिंग में स्पिन विभाग की अगुआई कुलदीप यादव करते हैं। लेकिन अभी तक उन्हें अंतिम 11 में जगह नहीं मिली है। उनके अलावा मौजूदा टीम में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले स्पिनर युजवेंद्र चहल भी टीम में हैं लेकिन उन्हें 11 में जगह शायद ही मिले। अभी तक रविंद्र जडेजा और अक्षर पटेल को ही सभी मैचों में मौका मिला है, जिसके पीछे बड़ी वजह उनकी बैटिंग योग्यता है। अक्षर ने कुछ विकेट निकाले हैं।

## पाकिस्तान ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी

फ्लोरिडा, 16 जून। । लॉडरहिल स्थित सेंट्रल ब्रोवार्ड रीजनल पार्क स्टेडियम में पाकिस्तान ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। आयरलैंड की टीम 20 ओवर में 9 विकेट पर 106 रन ही बना सकी। जवाब में पाकिस्तान ने 4.1 ओवर में एक विकेट पर 23 रन बना लिए हैं। मोहम्मद रिजवान और कप्तान बाबर आजम क्रीज पर हैं। सईम अयूब 17 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें मार्क अडायर ने विकेटकीपर लॉर्कन टकर के हाथों कैच कराया। आयरिश टीम से जेराथ डेलेनी ने सबसे ज्यादा 31 रन बनाए, जबकि मार्क अडायर ने 15 रन का योगदान दिया। दोनों ने 32/6 के स्कोर के बाद 44 रन की अहम साझेदारी करके पारी संभाली। बाद में जोशुआ लिटिल ने नाबाद 22 रन की पारी खेलकर स्कोर 100 पार पहुंच दिया। उन्होंने आखिरी विकेट के लिए बेंज वाइट के साथ नाबाद 26 रन की साझेदारी की। पाकिस्तान से शाहीन शाह अफरीदी और इमाद वसीम ने 3-3 विकेट लिए। मोहम्मद आमिर को 2 सफलताएं मिलीं। एक विकेट हारिस राउफ के हिस्से आया।


## बाबर आजम के निशाने पर एमएस धोनी का ये बड़ा रिकॉर्ड, सिर्फ 13 रन की है जरूरत

नई दिल्ली, 16 जून। टी-20 वर्ल्ड कप 2024 में पाकिस्तान क्रिकेट टीम अपना आखिरी ग्रुप मैच रविवार को आयरलैंड के खिलाफ फ्लोरिडा के लाउडरहिल स्टेडियम में खेलेगा। ये इस टीम का इस वर्ल्ड कप में आखिरी मैच भी होगा क्योंकि पाकिस्तान सुपर 8 की रेस से बाहर हो चुका है। टी20 वर्ल्ड कप 2024 से भी उसका पत्ता कट चुका है। टी20 वर्ल्ड कप 2024 के इस आखिरी मुकाबले में पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम के पास टीम इंडिया के पूर्व कप्तान एमएस धोनी का एक बड़ा रिकॉर्ड तोड़ने का गोल्डन चांस होगा। पाकिस्तान क्रिकेट टीम के कप्तान बाबर आजम अभी टी20 वर्ल्ड कप में बतौर कप्तान सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में तीसरे नंबर पर मौजूद हैं जबकि पहले नंबर पर एमएस धोनी हैं तो वहीं दूसरे स्थान पर केन विलियमसन मौजूद हैं। बाबर आजम ने टी20 वर्ल्ड कप में अब तक बतौर कप्तान कुल 517 रन बनाए हैं। इस लिस्ट में एमएस धोनी 529 रन बनाकर पहले नंबर पर हैं जबकि केन के 526 रन हैं। बाबर अगर आयरलैंड के खिलाफ 13 रन बना लेते हैं तो वो एमएस धोनी को पीछे छोड़ देंगे और टी20 वर्ल्ड कप में बतौर कप्तान सबसे ज्यादा रन बनाने वाले प्लेयर्स की लिस्ट में पहले नंबर पर आ जाएंगे।

## संजय मांजरेकर का बयान, कहा-रोहित-कोहली बड़े मैच में निर्णायक पारी खेलते हैं तो ग्रुप चरण का प्रदर्शन मायने नहीं रखेगा

नई दिल्ली, 16 जून। भारत के पूर्व बल्लेबाज संजय मांजरेकर का मानना है कि अगर विराट कोहली और रोहित शर्मा टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल या फाइनल जैसे बड़े मैचों में निर्णायक पारी खेलते हैं तो ग्रुप चरण में उनका प्रदर्शन खास मायने नहीं रखेगा। कोहली ने टूर्नामेंट में अभी तक जो तीन मैच खेले हैं उनमें वह दोहरे अंक में नहीं पहुंच पाए। रोहित ने आयरलैंड के खिलाफ अर्धशतक लगाया लेकिन पाकिस्तान और अमेरिका के खिलाफ उनका बल्ला नहीं चल पाया। मांजरेकर ने पीटीआई से कहा,"अगर आपने रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे खिलाड़ियों का चयन किया है, तो आपने अनुभव को प्राथमिकता दी है।

## लवलीना ग्रां ने रजत पदक जीता



नई दिल्ली, 16 जून। टोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन चेक गणराज्य के उस्ती नाद लाबेम में आयोजित ग्रां प्री में महिलाओं के 75 किग्रा में चीन की ली कियान से हार गईं और उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा। पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर चुकी लवलीना को शनिवार देर रात मौजूदा एशियाई खेलों की चैंपियन के खिलाफ अपने अंतिम मुकाबले में 2-3 के विभाजित फैसले से हार का सामना करना पड़ा।

विश्व चैम्पियनशिप में तीन स्वर्ण के साथ दो बार की ओलंपिक पदक विजेता कियान ने पिछले साल एशियाई खेलों के फाइनल में भी लवलीना को शिकस्त दी थी। लवलीना ने कहा कि उन्हें इस प्रतियोगिता में भाग लेने से पेरिस ओलंपिक में मदद मिलेगी। खेल मंत्री मनसुख मांडविया द्वारा 'एक्स' पर पोस्ट वीडियो में इस 26 साल की मुक्केबाज ने कहा, " इस प्रतियोगिता में भाग लेना मेरे लिए बहुत अच्छा अनुभव रहा है। जहां तक मेरी तैयारी का सवाल है, ओलंपिक से पहले यह टूर्नामेंट मेरे लिए बहुत महत्वपूर्ण था। इससे मुझे फायदा होगा। मैं भारतीय मुक्केबाजी महासंघ, टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम (टॉप्स) और भारत सरकार का शुक्रिया करना चाहूंगी।" मांडविया ने इस वीडियो के साथ लवलीना के प्रदर्शन की सराहना करते हुए लिखा, " ग्रां प्री 2024 में रजत पदक जीतने के लिए लवलीना को बधाई। उन्होंने शानदार कौशल का प्रदर्शन किया। मुक्केबाजी रिंग में उनकी सफलता आने वाले खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा है। भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं।" विश्व मुक्केबाजी के तत्वावधान में आयोजित होने वाले इस टूर्नामेंट में महिलाओं के 75 किग्रा वर्ग में लवलीना और कियान के अलावा रिफ्यूजी मुक्केबाजी टीम की सिंडी नगांबा और इंग्लैंड की चैंटल रीड ने हिस्सा लिया था।

## इंग्लैंड ने वर्षा बाधित मैच में नामीबिया को 41 रनों से हराया

नॉर्थ साउंड, 16 जून। हैरी ब्रूक नाबाद (47) और जॉनी बेयरस्टो (31) रनों विस्फोटक पारियों के बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत इंग्लैंड ने वर्षा प्रभावित टी-20 विश्वकप के 34वें मुकाबले में नामीबिया को (डकवर्थ लुईस पद्धित) से 41 रनों से हरा दिया है।

हैरी ब्रूक को उनकी नाबाद 47 रनों की तूफानी पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच से नवाजा गया। बारिश के कारण दस-दस ओवर के किये गये मैच में नामीबिया ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 13 रन पर अपने दो विकेट गवां दिये। कप्तान जॉस बटलर (शून्य) को पहले ही ओवर की दूसरी गेंद पर रुबेन ट्रंपलमन बोल्ड कर दिया।

अगले ही ओवर में फिल सॉल्ट भी (11) पर डेविड वीजा का शिकार बन गये। इसके बाद जॉनी बेयरस्टो और हैरी ब्रूक ने पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों ने 30 गेंद पर 56 रन की साझेदारी कर टीम को संकट से निकाला। जॉनी वेयरस्टो ने 18 गेंदों में तीन चौके और दो छक्के लगाते हुए 31 रन बनाए। हैरी ब्रूक नंबर ने 20 गेंदों में चार चौके और दो छक्के उड़ाते हुए नाबाद 47 रन बनाए।

इंग्लैंड ने बारिश से प्रभावित मैच में 10 ओवरों में पांच विकेट पर 122 का स्कोर खड़ा किया। नामीबिया की ओर से रुबेन ट्रंपलमन ने दो विकेट लिये। डेविड वीजा और बर्नार्ड स्कोल्ट्ज ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।123 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी नामीबिया की माइकल वैन लिंगेन और निकोलस डेविन की सलामी जोड़ी ने धीमी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिये 44 रन जोड़े।

छठे ओवर में निकोलस डेविन (18) के रिटायर्ड आउट होने के बाद नामीबिया को बड़ा झटका लगा और वह उससे उबर नहीं पायी। माइकल वैन लिंगेन ने 29 गेंदों में एक चौका और तीन छक्के लगाते हुये 33 रनों की पारी खेली। डेविड वीजा 12 गेंदों में 27 रन बनाकर आउट हुये। कप्तान एरार्ड इरास्मस एक रन बनाकर नाबाद रहे। इंग्लैंड के गेदबाजों ने शानदार गेंदबाजी का मुजाहिरा करते हुए नामीबिया के बल्लेबाजों को बांधे रखा। नामीबिया की टीम 10 ओवर में तीन विकेट पर 84 रन ही बना सकी और 41 रन से मुकाबला हार गई। इंग्लैंड की ओर से जोफ्रा आर्चर और क्रिस जॉर्डन को एक-एक विकेट मिला।

# भाजपा की हारी हुई 11 सीटों की समीक्षा रिपोर्ट अब दिल्ली भेजी जाएगी

## भाजपा ने ओवर कॉन्फिडैंस को हार का मुख्य कारण माना, स्थानीय गुटबाजी, आरक्षण से छेड़छाड़ जैसे मुद्दे सहित अन्य कारण भी सामने आये

- बैठक में मुख्यमंत्री भजनलाल, प्रदेशाध्यक्ष सी.पी. जोशी, प्रदेश प्रभारी विनय सहस्त्रबुद्धे, सह प्रभारी विजया राहटकर मौजूद रहीं।
- बैठक में पार्टी के उम्मीदवारों और नेताओं ने कहा कि, पार्टी कांग्रेस के अंडर करंट को भांप नहीं सकी। उसके अनुरूप रणनीति में बदलाव नहीं हुआ।

जयपुर, 16 जून (का.सं.)। राजस्थान में भाजपा के शीर्ष नेताओं का प्रदेश में लोकसभा की 11 सीटों पर हार की समीक्षा बैठक दूसरे दिन रविवार को भी जारी रही। बैठक में शनिवार को सात सीटों पर हार का मंथन किया गया था। रविवार को चार सीटों बांसवाड़ा, करौली-धौलपुर, भरतपुर और श्रीगंगानगर सीट की हार की समीक्षा हुई। बैठक में ब्यावर दौरे से लौटकर सीएम भजनलाल शर्मा भी कुछ देर के लिए शामिल हुए। इससे पूर्व भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी, चुनाव प्रभारी विनय सहस्त्रबुद्धे, सहप्रभारी विजया राहटकर सहित अन्य बड़े नेता मौजूद थे।

सभी सीटों पर हार की समीक्षा में स्थानीय स्तर पर टिकट वितरण से पनपनी गुटबाजी, कांग्रेस के अंडर करंट और पार्टी का जीत को लेकर ओवर कांफिडेंस को हार का मुख्य कारण माना है। एक दिन पहले की बैठक में सीकर के नेताओं ने क्षेत्र में गुटबाजी के मामले उठाए। जिन नेताओं को पद दिए गए वह भी वोट डालने नहीं आए। जानकारी के अनुसार बैठक में पार्टी के उम्मीदवारों और नेताओं ने कहा कि, पार्टी कांग्रेस के अंडर करंट को भांप नहीं सकी। उसके अनुरूप रणनीति में बदलाव नहीं हुआ। कैंपेन भी उसके अनुरूप अग्रेसिव नहीं रहा। शनिवार को चूरू, नागौर, सीकर, झुंझुनूं, दौसा, टोंक-सवाई माधोपुर, बाड़मेर सीटों की हार की समीक्षा हुई थी। हार की समीक्षा रिपोर्ट पार्टी प्रदेश नेतृत्व तैयार कर अब दिल्ली भेजेगा। समीक्षा में हार और भी कई तर्क दिए गए। भाजपा जिन एससी-एसटी सीटों को हारी है, उन सीटों पर कांग्रेस ने एससी-एसटी आरक्षण को लेकर मुद्दा बनाया। अंदरखाने वर्ग में यह मैसेज देने में कांग्रेस कामयाब रही कि मोदी की सरकार प्रचंड बहुमत से आई तो उनका आरक्षण समाप्त कर दिया जाएगा। पहले फेज में यह नैरेटिव बनाने में कांग्रेस की इस रणनीति को भांप लिया गया, लेकिन दूसरे फेज के चुनावों से पूर्व वर्ग को पार्टी यह समझाने में असफल रही कि आरक्षण से छेड़छाड़ नहीं होगी। ऐसे में पहली फेज के बाद दूसरे फेज में भी भाजपा को नुकसान हुआ। भाजपा के नेताओं ने बैठक में यह भी कहा कि पार्टी को फिर से 25 की 25 सीटें जीतने का अति विश्वास था। इसके चलते स्थानीय कार्यकर्ता, नेता और उम्मीदवार भी जीत के प्रति अति आश्वस्त दिखे, वे कैंपेन को अग्रेसिव और जमीनी स्तर तक नहीं पहुंचा पाए। ऐसे में पार्टी चुनाव में मात खा गई। भाजपा कार्यकर्ताओं की पार्टी मानी जाती है। 51 हजार से ज्यादा बूथों तक पार्टी की टीम थी। पन्ना प्रमुख, शक्ति केन्द्र के जरिये पार्टी टीमें उस स्तर तक मतदाताओं तक नहीं पहुंचे, जिस स्तर तक पहुंचना चाहिए था। मतदाताओं को मतदान केन्द्र तक नहीं लाने के कारण मतदान प्रतिशत कम रहा। अधिकांश वह वोटर्स मतदान करने नहीं आया जो पार्टी का कोर वोटर था। बैठक में जाट बैल्ट की सीकर, झुंझुनूं, नागौर, बाडमेर और चूरू में हार को लेकर सामने आया कि यहां भाजपा विधानसभा चुनावों में पार्टी के पक्ष में जीती सीटें, जीत के कम अंतर पर भी ताकत नहीं झोंकने, हारी सीटों पर मेहनत नहीं होने और जाट वर्ग को संतुष्ट करने में असफल रही। इसके चलते बड़ा नुकसान हुआ। पार्टी ने जो सीटें भाजपा हारी है, उनमें से नौ सीटों पर नए चेहरे थे। चुनावी रणनीति और कैंपेन में उनका अनुभवहीन होना भी नेताओं ने हार का बड़ा कारण माना है। वे भाजपा कार्यकर्ताओं में जोशभर उन्हें चुनावी कैंपेन में झोंक नहीं सके।

## अलगाववादी नेता को जमानत मिली

नई दिल्ली, 16 जून। दिल्ली की एक अदालत ने जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद की फंडिंग से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में कश्मीरी अलगाववादी नेता शब्बीर अहमद शाह को जमानत दे दी है। अदालत ने कहा कि शाह इस मामले में छह साल और 10 महीने तक हिरासत में रह चुका है, और इसमें अधिकतम सजा ही सात साल की है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश धीरज मोर ने सात जून को पारित आदेश में शाह को वैधानिक जमानत देते हुए कहा कि अन्य मामले जिनमें अलगाववादी नेता हिरासत में हैं, वे बहुत गंभीर प्रकृति के हैं। जज ने कहा, हालांकि, यह उसे वैधानिक जमानत देने से इनकार करने का पर्याप्त आधार नहीं हो सकता, क्योंकि उसे किसी भी अपराध में दोषी नहीं ठहराया गया है। यदि उसे इस मामले में जमानत मिल भी जाती है, तो भी अन्य अपराधों में उसे 24 जुलाई, 2024 से पहले जेल से रिहा किए जाने की संभावना नहीं है।

## मुख्यमंत्री ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

परचेज एग्रीमेंट पर हस्ताक्षर किये गये।

3200 मेगावाट कोल आधारित परियोजना, 8000 मेगावाट सौर ऊर्जा परियोजना की स्थापना टैरिफ आधारित निविदा प्रक्रिया माध्यम से करने हेतु प्रक्रिया प्रारंभ की गयी है। इन परियोजनाओं की स्थापना से लगभग 64 हजार करोड़ रूपये का निवेश हो सकेगा।

# मुख्यमंत्री ने सम्राट पृथ्वीराज चौहान जन्मोत्सव समारोह में शिरकत की

## सम्राट पृथ्वीराज चौहान जैसे शूरवीरों की वीरता से युवा पीढ़ी को प्रेरणा मिलती है : मुख्यमंत्री

- मुख्यमंत्री ने जिला नवाचार निधि के माध्यम से महिलाओं के स्किल डवलपमैंट के लिए प्रशिक्षण केंद्र खोलने की घोषणा की।

ब्यावर, 16 जून (निसं)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने ब्यावर में सम्राट पृथ्वीराज चौहान के जन्मोत्सव के समापन समारोह एवं सामूहिक विवाह सम्मेलन में शामिल हुये। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि, राजस्थान की धरती शौर्य और त्याग की भूमि है। यहां के वीरों ने मातृभूमि की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर किया है। उन्होंने कहा कि, सम्राट पृथ्वीराज चौहान जैसे शूरवीरों की वीरता से युवा पीढ़ी को प्रेरणा मिलती है। पृथ्वीराज चौहान ने कम आयु में ही शासन संभाला और अपने कुशल नेतृत्व से अपने साम्राज्य का विस्तार किया।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि, सामूहिक विवाह सम्मेलन एक अच्छी सामाजिक परंपरा है। इससे फिजूलखर्ची पर रोक लगने के साथ ही समाज में एकता, सद्भाव और समरसता की भावना जागृत होती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि, राज्य सरकार ने अल्प समय में ही समाज के सभी वर्गों के कल्याण के लिए उल्लेखनीय फैसले किए हैं। संकल्प पत्र में किए गए लगभग 45 फीसदी वादे पूरे किए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि, हमारी सरकार ने गेहूं के न्यूनतम समर्थन मूल्य में बढ़ोतरी, सामाजिक सुरक्षा पेंशन में 15 प्रतिशत की बढ़ोतरी, महिलाओं को 450 रुपए में घरेलू रसोई गैस सिलेंडर जैसे जनकल्याणकारी निर्णय लिए हैं। साथ ही, तृतीय श्रेणी शिक्षक भर्ती में महिलाओं के लिए आरक्षण की सीमा 30 प्रतिशत से बढ़ाकर 50 प्रतिशत करते हुए महिला सशक्तीकरण को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने राज्य वित्त आयोग के द्वारा क्षेत्रीय विकास योजना के अंतर्गत जिला नवाचार निधि के माध्यम से महिलाओं के स्किल डवलपमैंट के लिए प्रशिक्षण केंद्र खोलने की घोषणा की। इस प्रशिक्षण केन्द्र के माध्यम से यहां की महिलाओं का कौशल विकास का कार्य किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि, वर्ष 2014 के बाद देश में आया परिवर्तन हम सब ने देखा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में गत 10 वर्षों में गरीब कल्याण, देश का विकास, सीमाओं की सुरक्षा और विश्व में भारत का गौरव बढ़ाने सहित सभी क्षेत्रों में देश का परचम लहराया है। उन्होंने कहा कि, प्रधानमंत्री का जीवन गरीबों, महिलाओं, किसानों एवं युवाओं के कल्याण के लिए समर्पित रहा है। उन्होंने तीसरी बार प्रधानमंत्री बनते ही किसानों के लिए सम्मान निधि की 17वीं किस्त को मंजूरी दी है। मुख्यमंत्री ने आव्हान किया कि, हम सब अपने नागरिक होने का कर्तव्य निभाएं और हमारे आस-पास मौजूद जरुरतमंद और वंचित व्यक्ति को केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने में मदद करें। समाज के प्रत्येक वर्ग के कल्याण से ही "आपणो अग्रणी राजस्थान" का संकल्प साकार होगा।

इस अवसर पर सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत, जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत, सांसद महिमा कुमारी, विधायक शंकर सिंह रावत, हरिसिंह रावत, वीरेन्द्र सिंह कानावत, मेहंदी बालाजी धाम के महंत नरेशपुरी महाराज, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्रीय प्रचारक निम्बाराम सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

इससे पहले मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के ब्यावर पहुंचने पर हेलीपैड पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों और उच्च अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। इसके पश्चात मुख्यमंत्री आशापुरा माता मंदिर पहुंचे और वहां पूजा-अर्चना कर प्रदेश में सुख-शांति और समृद्धि की कामना की। साथ ही, मुख्यमंत्री ने आशापुरा मंदिर परिसर में स्थित सम्राट पृथ्वीराज चौहान की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनको भी नमन किया।

शर्मा ने इस अवसर पर सामूहिक विवाह सम्मेलन में नव विवाहित जोड़ों को आशीर्वाद भी प्रदान किया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के ब्यावर पहुंचने पर जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह, सांसद महिमा कुमारी, विधायक शंकर सिंह, हरिसिंह, रामस्वरूप लांबा, वीरेंद्र सिंह कानावत, जिला अध्यक्ष देवी शंकर भूतड़ा, ब्यावर नगर परिषद के सभापति नरेश कनोजिया, संभागीय आयुक्त महेशचंद्र शर्मा, पुलिस महानिदेशक लता मनोज कुमार, जिला कलेक्टर उत्सव कौशल तथा पुलिस अधीक्षक नरेंद्र सिंह सहित गणमान्य नागरिकों ने अगवानी की। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग मंत्री अविनाश गहलोत का मुख्यमंत्री के साथ जयपुर से आना हुआ।

## एन.सी.ई.आर.टी...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

अप्रासंगिक हो जाती है, तो उसे बदला ही जाता है। गुजरात दंगों से संबंधित संदर्भों को हटाए जाने पर एनसीईआरटी निदेशक ने कहा, "घृणा और हिंसा स्कूलों में पढ़ाने का विषय नहीं है, पाठ्यपुस्तकों में इन पर जोर नहीं दिया जाना चाहिए। विद्यालयों में इतिहास तथ्यों से अवगत कराने के लिए पढ़ाया जाता है, न कि इसे युद्ध का मैदान बनाने के लिए। इसके अलावा पाठ्यपुस्तकों में संशोधन विषय विशेषज्ञों द्वारा किया जाता है, मैं प्रक्रिया में हस्तक्षेप नहीं करता।"

# 'ई.वी.एम. ऐसा ब्लैक बॉक्स है जिसकी जांच की इजाजत किसी को नहीं'

नयी दिल्ली, 16 जून (वार्ता) कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा है कि इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) से छेड़खानी की बात हमारी चुनावी प्रक्रिया की पारदर्शिता पर सवाल खड़ा करती है और यह भारतीय लोकतंत्र के लिए गंभीर चिंता की बात है।

उन्होंने कहा कि ईवीएमएवं एक ऐसा ब्लैक बॉक्स बन गया है जिसकी जांच की इजाजत किसी को नहीं है और यही हमारी चुनाव प्रक्रिया की पारदर्शिता पर बड़ा सवाल खड़ा करता है।

गांधी ने कहा, भारत में ईवीएम एक ब्लैक बॉक्स हैं और किसी को भी उनकी जांच करने की अनुमति नहीं है। हमारी चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता को लेकर गंभीर चिंताएँ व्यक्त की जा रही हैं। जब संस्थानों में जवाबदेही की कमी हो जाती है तो लोकतंत्र एक दिखावा बन जाता है और धोखाधड़ी का शिकार हो जाता है।

कांग्रेस पार्टी ने कहा,ईवीएम से जुड़ा एक गंभीर मामला सामने आया है। मुंबई में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के उम्मीदवार रवींद्र वायकर के रिश्तेदार का मोबाइल फोन ईवीएम से जुड़ा था। राजग के इस कैंडिडेट की जीत सिर्फ 48 वोट से हुई है।

## 'ई.वी.एम. को ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

मुंबई की उत्तर-पश्चिम लोकसभा सीट से 48 वोट से जीत दर्ज करने वाले शिवसेना के उम्मीदवार के एक रिश्तेदार के पास एक ऐसा फोन है जिससे ईवीएम में छेड़छाड़ संभव थी। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने 'एक्स' पर एलन मस्क की उस पोस्ट को भी साझा किया जिसमें मस्क ने ईवीएम को हटाने की बात कही थी। मस्क ने अपनी पोस्ट में कहा था, "हमें ईवीएम को खत्म कर देना चाहिए। मुनष्यों या कृत्रिम मेधा द्वारा हैक किए जाने का जोखिम, हालांकि छोटा है, फिर भी बहुत अधिक है।" विपक्षी दल पिछले कुछ समय से ईवीएम पर चिंता जताते रहे हैं और उसने शीर्ष अदालत में याचिका दायर कर 'वोटर वेरिफिएबल पेपर ऑडिट ट्रेल' पर्चियों का शत प्रतिशत मिलान करने की अपील की की थी।

# आई.आई.टी. के ए.आई. टूल ने यू.पी.एस.सी. प्री एग्जाम का पेपर सात मिनट में हल किया

नयी दिल्ली 16 जून (वार्ता) भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) छात्रों की ओर से विकसित पढाई ए.आई. टूल ने रविवार को यू.पी.एस.सी. 2024 के प्री एग्ज़ाम के 100 प्रश्नों के प्रश्न पत्र को महज सात मिनट के भीतर हल किया और 170 से अधिक अंक हासिल कर गूगल और ओपन ए.आई. को पीछे छोड़ दिया।

यूपीएससी 2024 के लिए आज प्रारंभिक परीक्षा आयोजित की गयी। परीक्षा के पहले सत्र के बाद पढाई एआई सिस्टम ने महज सात मिनट से कम समय में प्रश्न पत्र हल कर लिया। पढाई एआई ने 100 प्रश्नों को हल कर 200 में से 170 से अधिक अंक हासिल किए, जबकि आमतौर पर क्वालीफाइंग मार्क्स 100 से कम होते हैं।

यह कार्यक्रम राजधानी के द ललित में आज शिक्षा, यूपीएससी कोचिंग समुदाय और मीडिया कर्मियों के विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति में आयोजित किया गया।

इसका उद्देश्य पढाई एआई की विशेषताओं को शक्ति देने वाला एआई न केवल एक मददगार शिक्षक है, बल्कि यह 24 घंटे सातों दिन या फिर कहिये 365 दिन उपलब्ध है।




राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा। आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालयः-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालयः-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्सः 0151-2527371 उदयपुर कार्यालयः-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोनः 2413092, 2418945, फैक्सः 0294-2410146 अजमेर कार्यालयः-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोनः 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोनः 226422, 226423, फैक्सः 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोनः 230200, 230400, फैक्सः 07469-230600 चूरू कार्यालयः एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोनः 256906, 256907, फैक्स:01562-256908